दैनिक
# लोकमित्र
सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :104
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 15 फरवरी-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# सीमा पर डटे किसान, पुलिस से झड़प

## आज रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान



नई दिल्ली, एजेंसियां। किसान संगठन बीकेयू एकता उगराहां ने कहा कि वह आंदोलनकारी किसानों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में 15 फरवरी को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच 4 घंटे के लिए रेलवे यातायात बाधित करेगा। 14 फरवरी को दिल्ली के सीमावर्ती इलाकों में यातायात प्रभावित हुआ था क्योंकि पुलिस ने किसानों के प्रस्तावित दिल्ली मार्च के कारण सिंघू और टिकरी सीमाओं पर बैरिकेड्स की कई परतें लगा दी थीं और वाहनों की आवाजाही रोक दी थी। वहीं, गाज़ीपुर सीमा पर विनियमित तरीके से वाहनों की आवाजाही की अनुमति है।किसानों के विरोध प्रदर्शन के जवाब में देश की राजधानी में धारा 144 लागू कर दी गई है। किसानों के %दिल्ली चलो% आंदोलन के जवाब में, हरियाणा सरकार ने 13 फरवरी को सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट और थोक एसएमएस सेवाओं पर प्रतिबंध दो दिन बढ़ाकर 15 फरवरी तक कर दिया। दिल्ली में किसानों के जारी प्रदर्शन के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने 14 फरवरी को कहा कि किसान यूनियन के साथ सकारात्मक बातचीत की कोशिश जारी है। सैकड़ों किसान बुधवार सुबह एक बार फिर अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करने के लिए पंजाब-हरियाणा की दो सीमाओं पर डटे रहे। वहीं, अंबाला के पास शंभू सीमा पर प्रदर्शनकारी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर 'दिल्ली चलो' मार्च के तहत हरियाणा की सीमा पर बैरिकेड हटाने का नये सिरे से प्रयास किया। किसान नेता शंभू सीमा पर बहुस्तरीय बैरिकेड हटाकर 'दिल्ली कूच' की अपनी योजना पर आगे बढ़ने से पहले एक बैठक करेंगे। 'दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने के लिए पंजाब के कई स्थानों से किसानों का आना जारी है। पंजाब की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी देखी जा सकती हैं। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि जब कुछ किसान शंभू सीमा पर बैरिकेड के पास एकत्र हुए तो हरियाणा पुलिस ने बुधवार सुबह आंसू गैस के कई गोले दागे। प्रदर्शनकारी किसानों ने कहा कि वे राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च करने के लिए दृढ़ हैं। कई युवा किसानों ने शंभू सीमा पर बहुस्तरीय अवरोधक हटाने के लिए अपने ट्रैक्टर तैयार रखे हैं।

### मायावती ने किसानों का किया समर्थन, कहा- इनकी मांगों को गंभीरता से लें



लखनऊ (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने किसान आंदोलन को समर्थन दिया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की मांगें गंभीरता से लेकर उनका समाधान करे।बसपा मुखिया मायावती ने बुधवार को अपने बयान में कहा कि अपने भारत को अन्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने वाले मेहनतकश किसानों की जो मांगें हैं, सरकार उन्हें गंभीरता से ले तथा उन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उनका समय से समुचित समाधान करे, ताकि अन्नदाता किसानों को अपनी मांगों के समर्थन में बार-बार आन्दोलन के लिए मजबूर न होना पड़े।उन्होंने कहा कि इस सम्बंध में 'दिल्ली चलो' के वर्तमान अभियान के तहत आन्दोलित किसानों पर सख्ती करने के बजाय केन्द्र सरकार उनसे सही वार्ता कर उनके आन्दोलन को समाप्त करने का प्रयास करे तो बेहतर होगा। इनका शोषण करना भी ठीक नहीं।

# बसंत पंचमी पर 40 लाख लोगों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी



प्रयागराज,एजेंसियां। संगम नगरी में माघ मेले के चतुर्थ स्नान पर्व बसंत पंचमी पर बुधवार को 'हर हर गंगे' के उद्घोष के बीच लगभग 40 लाख लोगों ने गंगा और पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। माघ मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को बारिश होने, सुबह से ही बादल छाए रहने और ठंडा मौसम रहने के बावजूद बुधवार दोपहर 12 बजे तक करीब 40 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया। तड़के सुबह से ही स्नानार्थियों का माघ मेला क्षेत्र में आना जारी है जिसमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि स्नानार्थियों की सुविधा के लिए घाटों की लंबाई 6800 फुट से बढ़ाकर 8000 फुट कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि कुल 12 घाट बनाए गए हैं एवं सभी घाटों पर वस्त्र बदलने की सुविधा पर्याप्त संख्या में स्थापित की गई है। पुलिस उप महानिरीक्षक (माघ मेला) राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं और पूरे मेला क्षेत्र में 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे और कई एआई आधारित कैमरे लगे हैं जिनसे फीड इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर पर लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति नजर आने पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। साथ ही एटीएस, आरएएफ, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीमें, महिला पुलिसकर्मी, घुड़सवार पुलिस, बम निरोधक दस्ते सभी मेला क्षेत्र में सक्रिय हैं।

बसंत पंचमी पर माघ मेला क्षेत्र और नगर में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों द्वारा पूड़ी सब्जी, हलवा पूड़ी आदि का वितरण किया जा रहा है। वहीं, माघ मेला क्षेत्र में लगे साधु-संतों के शिविर में व्यापक स्तर पर भंडारे चल रहे हैं।

# सोनिया गांधी ने राज्यसभा चुनाव के लिए दाखिल किया नामांकन

## राहुल–प्रियंका भी रहे मौजूद

नई दिल्ली, एजेंसियां। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को राजस्थान से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। लोकसभा चुनाव से पहले सिर्फ दो महीने बचे हैं, ऐसे में गांधी का राज्यसभा जाना एक महत्वपूर्ण राजनीतिक कदम है। इससे साफ हो गया कि वह अब उत्तर प्रदेश के रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ने जा रही हैं। अपने बच्चों राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा और विपक्ष के नेता टीकाराम जूली सहित पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ, सोनिया ने विधानसभा भवन में अपना नामांकन दाखिल किया।अपना नामांकन दाखिल करने से पहले, सोनिया गांधी ने आगामी चुनावों पर चर्चा करने और अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन जुटाने के लिए विधानसभा की विपक्षी लॉबी में पार्टी विधायकों के साथ बैठक की। कांग्रेस पार्टी राजस्थान से तीन राज्यसभा सीटों में से एक को सुरक्षित करने के लिए अनुकूल स्थिति में है, सोनिया गांधी को पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह द्वारा छोड़ी गई रिक्त सीट को भरने की उम्मीद है, जो अप्रैल में अपना छह साल का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। निर्वाचित होने पर, लोकसभा सांसद के रूप में पांच कार्यकाल पूरा करने के बाद यह उच्च सदन में सोनिया गांधी का पहला कार्यकाल होगा। 77 साल की उम्र में, उन्होंने अगला आम चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है, वह 1999 से लोकसभा में रायबरेली का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।सोनिया गांधी की उम्मीदवारी के लिए समर्थन व्यक्त करते हुए, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में उनके नामांकन का स्वागत किया, जिसमें पार्टी और देश के लिए उनकी दीर्घकालिक सेवा पर प्रकाश डाला गया।



## लाल बहादुर शास्त्री के पोते ने छोड़ी कांग्रेस, भाजपा में हुए शामिल

नई दिल्ली, एजेंसियां। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर शास्त्री ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा सौंप दिया है। उन्होंने एक्स पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी गई। विभाकर शास्त्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि माननीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी, मैंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा दे दिया है। वह काफी दिन से पार्टी से नाराज चल चल रहे थे। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में बीजेपी में वह शामिल हुए।इससे पहले कांग्रेस वर्किंग कमेटी में शामिल नहीं किए जाने को लेकर भी विभाकर शास्त्री ने अपनी नाराजगी जताई थी।

# दिल्ली हाई कोर्ट की जमीन पर आप का ऑफिस कैसे

## सुप्रीम कोर्ट ने व्यक्त किया आश्चर्य



नई दिल्ली, एजेंसियां। राउज एवेन्यू इलाके में स्थित आम आदमी पार्टी को दफ्तर दिए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने यह जानकर हैरानी व्यक्त की कि एक राजनीतिक दल का कार्यालय दिल्ली उच्च न्यायालय को आवंटित भूखंड पर स्थित है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ को जब दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए नामित भूमि पर कथित अतिक्रमण से अवगत कराया गया तो वह आश्चर्यचकित रह गई। अदालत देश भर में न्यायिक बुनियादी ढांचे से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिकारियों ने आवंटित भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया, लेकिन बाधा डाली गई, और तब से वहां एक राजनीतिक पार्टी कार्यालय का निर्माण किया गया है।सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा कि कोई भी कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता। उन्होंने सवाल उठाया कि एक राजनीतिक दल जमीन पर कैसे कब्जा कर सकता है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, दिल्ली लोक निर्माण विभाग के सचिव और दिल्ली सरकार के वित्त सचिव को इस मुद्दे को सुलझाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के साथ बैठक बुलाने का निर्देश दिया।मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह तय की गई। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में न्यायिक बुनियादी ढांचे के निर्माण को लेकर दिल्ली सरकार को कई निर्देश जारी किए थे. अदालत के आदेश के अनुपालन में, दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य सचिव, जीएनसीटीडी, प्रमुख सचिव (कानून), प्रमुख सचिव (पीडब्ल्यूडी), सचिव (वित्त) सहित विभिन्न अधिकारियों ने भाग लिया। ), और अन्य जीएनसीटीडी और एल एंड डीओ अधिकारी दिसंबर के मध्य में। बैठक में विभिन्न निर्णय लिए गए।

### अरविंद केजरीवाल को ईडी का छठा समन पूछताछ के लिए 19 फरवरी को बुलाया

नई दिल्ली, एजेंसियां। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए नया और छठा समन जारी किया है। जानकारी के मुताबिक, केजरीवाल को 19 फरवरी को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक पिछले पांच महीनों में संघीय एजेंसी द्वारा जारी किए गए पांच समन में शामिल नहीं हुए थे।इस बीच, ईडी द्वारा पिछले समन पर नहीं हाजिर होने को लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को 17 फरवरी को तलब किया है। कथित अवैध शराब घोटाला मामले में समन मिलने के बाद ईडी ने 3 फरवरी को राउज एवेन्यू कोर्ट में,क्कप्रमुख के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी।

# शरजील इमाम की जमानत पर 17 फरवरी को आएगा निर्णय

## दिल्ली की अदालत ने फैसला रखा सुरक्षित



नई दिल्ली, एजेंसियां। दिल्ली की एक अदालत ने देशद्रोह मामले में शरजील इमाम की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा, 17 फरवरी को फैसला सुनाया जाएगा। शरजील इमाम का कहना है कि वो कथित अपराध के लिए अधिकतम सात साल कैद में से चार साल पहले ही जेल में काट चुका है। कोर्ट ने कहा कि अगर निचली अदालत उन्हें जमानत देने से इनकार करती है तो वो हाई कोर्ट में आदेश के खिलाफ अपील दायर कर सकते हैं। इमाम इस मामले में 28 फरवरी 2020 से जेल में बंद है। इससे पहले पूर्व जेएनयू छात्रा और कार्यकर्ता उमर खालिद ने फरवरी 2020 के पूर्वोत्तर दिल्ली दंगों के पीछे की साजिश में कथित संलिप्तता को लेकर आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत उनके खिलाफ दर्ज एक मामले में सुप्रीम कोर्ट से अपनी जमानत याचिका बुधवार को वापस ले ली और कहा कि वह अपनी कोशिश करेंगे। खालिद की जमानत याचिका 6 अप्रैल, 2023 से शीर्ष अदालत में लंबित थी और विभिन्न कारणों से कार्यवाही 13 बार स्थगित की गई थी।

## अजय माकन को कर्नाटक से राज्यसभा भेजेगी कांग्रेस

नई दिल्ली, (हि.स.)। कांग्रेस ने पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन को कर्नाटक से राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया है।इस संबंध में बुधवार को कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक से अजय माकन, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और जीसी चन्द्रशेखर को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। मध्य प्रदेश से अशोक सिंह और तेलंगाना से रेणुका चौधरी और एम अनिल कुमार यादव को उम्मीदवार घोषित किया है।उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने पार्टी की पूर्व अध्यक्ष व लोकसभा सांसद सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित किया है।

### पल्लवी पटेल ने बढ़ाई अखिलेश यादव की टेंशन

# राज्यसभा चुनाव में सपा के पक्ष में नहीं करेंगी वोट, लगाया बड़ा आरोप



लखनऊ,एजेंसियां। स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) की सहयोगी अपना दल (कमेरावादी) नेता पल्लवी पटेल 27 फरवरी को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले अखिलेश यादव की मुश्किलें बढ़ाती दिख रही हैं। खबरों के मुताबिक, पल्लवी पटेल समाजवादी पार्टी के राज्यसभा चुनाव उम्मीदवारों से खुश नहीं हैं और हो सकता है कि वोटिंग के दौरान उनका समर्थन न करें। समाजवादी पार्टी ने जया बच्चन, रामजीलाल सुमन और आलोक रंजन समेत तीन नेताओं को राज्यसभा के लिए नामांकित किया। बताया जा रहा है कि पल्लवी पटेल जया बच्चन और आलोक रंजन के नामांकन से खुश नहीं हैं। पहले जयंत चौधरी, फिर स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद अगर पल्लवी पटेल अपना रुख कामय रखती हैं तो यह समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव के लिए यह बड़ा झटका होगा। स्वामी प्रसाद मौर्य के पार्टी पद छोड़ने और एसपी पर %भेदभावपूर्ण% होने का आरोप लगाने के एक दिन बाद, अपना दल (कमेरवादी) ने अब राज्यसभा के लिए एसपी के उम्मीदवारों के चयन पर अपना विरोध व्यक्त किया है। अपना दल नेता और सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने कहा कि वह सपा के राज्यसभा प्रत्याशियों का विरोध करेंगी। पटेल ने 2022 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य को हराकर विधानसभा चुनाव जीता था। पल्लवी ने समाजवादी पार्टी के राज्यसभा उम्मीदवारों के बीच पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्याक) की अनुपस्थिति पर सवाल उठाया।उन्होंने उच्च सदन के लिए जया बच्चन और सेवानिवृत्त आईएएस आलोक रंजन की उम्मीदवारी के स्पष्ट संदर्भ में कहा बच्चन और रंजन में पीडीए कहां है? पल्लवी ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह एक विधायक होने के नाते, सपा के उम्मीदवारों का विरोध करेंगी और यदि ऐसा हुआ तो मतदान से दूर रहेंगी। हालांकि, यह पूछे जाने पर कि क्या इससे सपा के साथ अपना दल (के) का गठबंधन खत्म हो जाएगा, पल्लवी ने कहा कि उनका फैसला सपा के साथ गठबंधन के बारे में नहीं है।यह पूछे जाने पर कि क्या उनके फैसले का मतलब भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की ओर जाना है, जिसका हिस्सा उनकी बहन अनुप्रिया पटेल हैं, पल्लवी ने कहा कि वह भाजपा की नीतियों के खिलाफ हैं। अपना दल के सूत्रों ने कहा कि पार्टी नाराज थी क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि अखिलेश यादव कृष्णा पटेल को राज्यसभा के लिए उम्मीदवार के रूप में नामित करेंगे। सूत्रों ने कहा कि कृष्णा पटेल ने 2022 में सपा के लिए ओबीसी गठबंधन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन वह अपने लिए चुनाव नहीं जीत सकीं। अपना दल (के) नेता ने कहा कि वह राज्यसभा में रहने की सही हकदार हैं क्योंकि वह कुर्मी समुदाय का प्रतिनिधित्व करती हैं जो ओबीसी मंच पर यादवों के बाद दूसरे स्थान पर है।

# मणिपुर में उग्रवादियों ने किया हमला पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पोस्ट पर अटैक



इंफाल,एजेंसियां। मणिपुर के इंफाल में भीड़ द्वारा चिंगारेल तेजपुर में पांचवीं भारतीय रिजर्व बटालियन पोस्ट पर हमला करने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घटना मंगलवार रात करीब 11 बजे की है। पीड़ित की पहचान 24 वर्षीय ओकराम सनाटन के रूप में की गई, जो इंफाल पूर्व के पांगेई ओकराम लीकाई का निवासी था, जिसे हमले में गोली लगी और उसने दम तोड़ दिया। अन्य दो घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बताया जाता है कि घटना के बाद मौके से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद लूट लिया गया।पुलिस सूत्रों के अनुसार, छह एके-47 राइफल, चार कार्बाइन, तीन नॉट राइफल और भारी गोला-बारूद के साथ दो एलएमजी लूटे जाने की आशंका है। पिछले साल 3 मई को मेइतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आयोजित %आदिवासी एकजुटता मार्च% के बाद भड़की जातीय हिंसा के बाद से मणिपुर में 180 से अधिक लोग मारे गए थे।मणिपुर की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी, जिनमें नागा और कुकी शामिल हैं, 40 प्रतिशत हैं और मुख्य रूप से पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

## मेरी मौत हुई तो मराठा, महाराष्ट्र को उसी तरह जला देंगे जैसे हनुमान ने लंका जलाई थी- मनोज जरांगे



जालना। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने राज्य सरकार को बुधवार को चेतावनी दी कि यदि भूख हड़ताल के दौरान उनकी मौत हो जाती है तो मराठा समुदाय के सदस्य महाराष्ट्र को उसी तरह आग लगा देंगे, जैसे भगवान हनुमान ने लंका जलाई थी। जरांगे के एक नजदीकी कार्यकर्ता ने बताया कि जरांगे का अनिश्चितकालीन अनशन बुधवार को पांचवें दिन भी जारी है जिसके कारण उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है लेकिन वह चिकित्सकों को अपनी जांच नहीं करने दे रहे। जरांगे मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समूह में शामिल करने की मांग को लेकर महाराष्ट्र के जालना जिले में अपने पैतृक गांव अंतरवाली सरती में अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे हैं। कार्यकर्ता किशोर मरकड ने जरांगे के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में कहा, ''जरांगे का अनिश्चितकालीन अनशन पांचवें दिन भी जारी है और उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। उनकी नाक से खून बह रहा है, लेकिन वह चिकित्सकों को अपनी जांच नहीं करने दे रहे।''

## भाजपा ने राज्यसभा उम्मीदवारों की सूची जारी की, जेपी नड्डा को गुजरात से बनाया उम्मीदवार

नई दिल्ली,(हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को राज्यसभा चुनाव में गुजरात से पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। बुधवार को भाजपा ने गुजरात और महाराष्ट्र की सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। महाराष्ट्र से अशोक चव्हाण को उम्मीदवार बनाया गया है। चव्हाण मंगलवार को ही भाजपा में शामिल हुए थे।भाजपा द्वारा जारी सूची में गुजरात से पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गोविंदभाई ढोलकिया, मयंकभाई नायक, जशवंतसिंह सलामसिंह परमार हैं। महाराष्ट्र से अशोक चव्हाण, मेधा कुलकर्णी, अजीत गोपछड़े हैं।

## पद छोड़ा हूँ, पार्टी नहीं-स्वामी प्रसाद मौर्य



लखनऊ(हि.स.)। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कहा कि उन्होंने समाजवादी पार्टी नहीं छोड़ी है, सिर्फ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दिया है। आगे का फैसला पार्टी मुखिया अखिलेश यादव को लेना है। अखिलेश के निर्णय के बाद ही वह कोई निर्णय लेंगे। मौर्य सपा से विधानपरिषद सदस्य हैं।मौर्य ने पत्रकार वार्ता में किसी नेता का जिक्र किए बिना कहा कि छोटे नेता मेरे बयान को निजी बताते हैं। जिनकी कोई हैसियत नहीं वो अनर्गल टिप्पणी करते हैं। यह ठीक नहीं है। सपा मुख्यालय में शालिग्राम पूजा के सवाल पर मौर्य ने कहा कि इससे उनका कोई सरोकार नहीं है।उल्लेखनीय है कि मंगलवार शाम को मौर्य ने सोशल मीडिया के जरिए एक पत्र जारी कर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दिए जाने की जानकारी दी थी। इसके पीछे सपा विधायक मनोज पांडेय की उनके खिलाफ की गई तल्ख टिप्पणी को माना जा रहा है। वहीं लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी नेताओं के बीच अंतर्कलह से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

# बसंत पंचमी पर संगम क्षेत्र में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## चालीस लाख से अधिक लोगों ने किया स्नान

**प्रयागराज।** पतित पावनी मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में बसंत पंचमी पर्व पर स्नानार्थियों का सैलाब उमड़ पड़ा। मौसम खुशगवार था इसलिए रात एक बजे से ही लोगों ने स्नान शुरू कर दिया। सुबह होने तक भीड़ अचानक बढ़ी और शाम सात बजे तक चालीस लाख से अधिक लोगों के स्नान कर लेने का अनुमान प्रशासनिक आधार पर लगाया गया। मेलाधिकारी, मेला पुलिस के अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए रहे और चारों तरफ सीटियों की आवाजें आती रहीं।

बसंत पंचमी माघ मेले का चौथा स्नान पर्व है। इसमें माना जाता है कि स्थानीय लोगों की संख्या अधिक होती है। प्रयागराज के अलावा आसपास के जिलों के साथ ही मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों के श्रद्धालु भी स्नान करने पहुंचे। ब्रह्म मुहूर्त में हर हर गंगे के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। घाट पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसलिये संगम वाच टावर से लगातार एनाउंस किया जाता रहा। सुबह पांच बजे संगम नोज पर भीड़ बढ़ी । सात बजे तक घाट स्नानार्थियों से भर गया। पुलिस कर्मियों को सख्ती करके वहां से भिक्षुओं, घाटिया पंडों को हटाना पड़ा। स्नान निर्विघ्न रूप से होता रहा। कुंभ मेलाधिकारी विजय किरण आनंद संगम नोज पर रहे। उन्होंने बताया कि स्नान पर्व सकुशल चल रहा है।











## आला अफसर लेते रहे सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

### पुलिस की मुस्तैदी के बीच बसंत पंचमी स्नान पर्व सकुशल संपन्न

प्रयागराज। माघमेला में ज्ञान की देवी मॉ सरस्वती के प्राकट्य उत्सव बसंत पंचमी पर आज गंगा,यमुना व अदृश्य सरस्वती के पवित्र पावन संगम में हल्की ठंड हवाओं के मध्य लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। माघ मेला के चतुर्थ स्नान बंसत पंचमी पर श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों का संगम की रेती पर जमावड़ा एक दिन पूर्व से ही प्रारम्भ हो गया, संगम स्नान का सिलसिला प्रातः काल शुभ मुहूर्त के साथ प्रारम्भ हुआ जो दिनभर अनवरत जारी रहा। संगम स्नान के उपरान्त श्रद्धालुओं व स्नानार्थियों ने लेटे हनुमान जी का दर्शन भी किया तथा अक्षय फल की कामना हेतु अन्न, वस्त्र, फल का दान भी किया। स्नानार्थियों में संगम स्नान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान हेतु व्यापक पुलिस प्रबन्ध किये गये। श्रद्धालुओं के सुरक्षा के दृष्टिगत सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, घुड़सवार पुलिस, महिला पुलिस, अग्निशमन दल, पीएसी के जवान, एटीएस के कमाण्डों व्यवस्थापित कर सतर्क दृष्टि रखी गई। पवित्र संगम में जल पुलिस के साथ मोटर बोट व गोताखोर, डीप डाइवर की नियुक्ति कर स्नानार्थियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये। इस दौरान स्टीमर के माध्यम से संगम क्षेत्र का लगातार निरीक्षण किया गया एवं एसडीआरएफ व फ्लड कम्पनी के जवानों द्वारा घाटों, जल पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी गयी। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन के माध्यम से चप्पे चप्पे पर नजर रखी गयी। 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम' के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं से लगातार अनुरोध किया गया कि सावधानी पूर्वक स्नान करें किसी भी संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगाये सकुशल स्नान कर अपने गंतव्य को वापस जाएं एवं मेले की सुरक्षा व स्वच्छता में हमारा सहयोग करे, मेले में आने वाले स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके दृष्टिगत मेला क्षेत्र में ही 06 स्थानों पर 'पार्किंग' की समुचित व्यवस्था की गयी। जिसके माध्यम से यह प्रयास किया गया कि संगम में आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान घाट तक पहुचने में न्यूनतम पैदल चलना पड़े। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा, मंडलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पंत, पुलिस उप महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र, लगातार मेला क्षेत्र में ही रहकर सभी व्यवस्थाये सुनिश्चित कराते रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा घुड़सवारी के माध्यम से भी संगम क्षेत्र का भ्रमण, निरीक्षण किया गया।

प्रभारी माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र द्वारा ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिस कर्मियों की कुशलता ली गयी तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया व कमाण्ड सेन्टर के माध्यम से लगातार मेला क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखी गयी। पुलिस कर्मियों में मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ व्यवहार में भी सेवा का भाव दिखाई पड़ा 7 सकुशल व सुरक्षित स्नान सम्पन्न कराने हेतु पुलिस के आला अफसर लगातार मेला क्षेत्र में डटे रहें, तथा उच्चाधिकारियों द्वारा मेला क्षेत्र में आये हुये स्नानार्थियों/ श्रद्धालुओं से लगातार उनका कुशलक्षेम पुछा गया। स्नान के बाद लोगो ने प्रसिद्ध मंदिरों का दर्शन कर मेले में लगी प्रदर्शनी का भी लुत्फ उठाया।

मेला क्षेत्र में नव निर्मित खोया पाया केन्द्रों के माध्यम से भूले भटकों को उनके परिजनों से मिलाया गया स्नानार्थियों में धर्म आस्था के प्रति काफी उत्साह देखने को पाया गया तथा मेले की व्यवस्था देखकर देश के कोने-कोने से आये श्रद्धालुओं ने अत्यन्त प्रसन्नता व्यक्त की। पुलिस बल के अथक प्रयासों के फल स्वरूप बसंत पंचमी का यह स्नान पर्व भी शान्ति और सुगमता के साथ सकुशल सम्पन्न हुआ, जिसकी उच्चाधिकारीगणों द्वारा प्रशंसा की गई।

## उम्मीद न हारने की सीख दे गया नाटक मंजूर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** बुनियाद फाउंडेशन की ओर से बुधवार को सआदत हसन मंटो की कहानी पर आधारित नाटक मंजूर का मंचन प्रयागराज के सोहबतियाबाग़ स्थित शर्मन एरा इंस्टीट्यूट के सभागार में हुआ। नाटक का निर्देशन एनएसडी से प्रशिक्षित व शहर के युवा रंग निर्देशक असगर अली ने किया। वहीं इसका सहायक निर्देशन किया महिला रंगकर्मी रुचि गुप्ता ने। मंटो द्वारा लिखित यह कहानी उम्मीद और मायूसी के विषय पर दो मरीजों को केंद्रित करके लिखी गई है। जिसकी शुरुआत होती है अस्पताल से जहां दो मरीज मंजूर और अख्तर भरती रहते हैं।मंजूर एक 14 साल का लड़का है जिसका निचला धड़ फ़ालिज के कारण अपंग है। फिर भी वह हसता और खिलखिलाता रहता है जैसे उसे कुछ हुआ ही नहीं। वहीं दूसरी ओर अख्तर जिसे कई बार दिल के दौरे पड़ चुके हैं और उसके जिंदा रहने की उम्मीद लगभग कम है। पर मंजूर की खुशी और मुस्कुराहट को देखते हुए उसे जीने की उम्मीद हो जाती है और वह सही हो जाता है। परंतु अंत में कुछ ऐसा होता है कि मंजूर मायूस हो जाता है और अचानक उसकी मृत्यु हो जाती है। इस बात से अख्तर को गहरा सदमा लगता है। इस कहानी से यह साबित होता है कि अगर उम्मीद पैदा हो जाए तो मरता हुआ व्यक्ति भी बच सकता है वही एक मायूसी जिंदा व्यक्ति को भी मौत की ओर ले जा सकती है।

नाटक के निर्देशक श्री अली ने बताया कि पिछले कई दिनों से एक नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसके बाद प्रतिभागियों को चयनित करके उन्हें रंगमंच की बारीकियां से परिचित कराते हुए मंजूर कहानी को कहानी के रंगमंच को आधारित बनाकर प्रस्तुति तैयार की गई है। नाटक में अभिनय प्रियांशु अमन, वैभव त्रिपाठी, अमरनाथ, अनिल कुमार, ममता, शिवम दीक्षित आदि ने किया। वहीं संगीत संचालन रुचि गुप्ता, वस्त्र खुशबू गुप्ता, मंच व्यवस्था आसिफ अली और प्रस्तुति नियंत्रक अमरनाथ श्रीवास्तव रहे। सहयोग शर्मन एरा म्यूज़िक इंस्टिट्यूट का रहा।

## गंगा में डूबते मासूम बच्चे की सिपाहियों ने बचाई जान

**प्रयागराज।** बसंत पंचमी पर्व पर गोंडा जिले से एक परिवार संगम स्नान के लिए आया हुआ था जहां स्नान के दौरान काली सड़क पर के समीप घाट पर स्नान कर रहे एक मासूम को ड्यूटी कर रहे सिपाहियो ने डूबने से बचा लिया। घटना के दौरान घाट पर कोहराम मच गया। मासूम बच्चे को बचाने के बाद परिवार के लोगो के चेहरे पर खुशी लौट आई। परिवार के लोगो ने सिपाहियो की प्रशंसा करते हुए उन्हे आशीर्वाद दिया। जानकारी के मुताबिक गोंडा जिले के रहने वाले सियाराम अपने परिवार के साथ बसंत पंचमी स्नान करने के लिए संगम आये हुए थे। जहां उनका आठ काल का मासूम बेटा शिवा भी स्नान कर रहा था। स्नान के दौरान वह अचानक पानी में डूबने लगा। तभी घाट पर मौजूद 34 वाहिनी पीएसी के सिपाहियों ने तत्काल नदी में बहते बच्चे को कूद कर उसकी जान बचा ली।

## विद्यालय के वार्षिकोत्सव में दिखी संस्कृति की झलक

### धार्मिक एव भारतीय सभ्यता को दर्शाता सेंट्रल पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव

**प्रयागराज।** आज रजनीखण्ड स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चीफ स्टैंडिंग काउंसिल इलाहाबाद हाई कोर्ट बार काउंसिल के सदस्य प्रशांत सिंह अटल एंव भोजपुरी जगत के मशहूर सितारे निसार खान, एक्टर राज शर्मा, राष्ट्रीय जन जंत्री संगठन के अध्यक्ष कमरुल हुदा ने कार्यक्रम में शिरकत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि प्रशांत सिंह एंव निसार खान, राज शर्मा, कमरुल हुदा, स्कूल की प्रधानाचार्य दिव्या पांडे, संस्थापक जे एन पांडे, अध्यक्ष तन पांडे द्वारा दीप प्रचलित कर किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत में दीपक प्रकाश, गणेश वंदना, स्वागत नृत्य नृत्य नाटिका - जल बचाओ से वार्षिक उत्सव के भविष्य आरंभ हुआ। स्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा कई तरह की प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें नाटक छोटे छोटे तमाशे, फ़्रीज़ डांस योग प्रदर्शन अभिनंदन समारोह जुम्बा डिस्प्ले मिकी माउस डांस, हाथ ताली नृत्य हनुमान चालीसा, सांकेतिक भाषा में राष्ट्रगान आदि शामिल रहे।

स्कूल कार्यक्रम में आए छात्र - छात्राओं अतिथियों एवं अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर प्रशांत सिंह अटल ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने हमारी संस्कृत एवं धार्मिक और जल संरक्षण पौधारोपण कई कार्यक्रमों के माध्यम से एक सुंदर सा संदेश दिया है। भोजपुरी कलाकार निसार खान ने कहा कि इस तरह की एक्टिविटी हम सभी ने अपने बचपन में देखी है लेकिन आज सेंट्रल पब्लिक स्कूल के इस एनुअल फंक्शन में आकर ऐसा लगा जैसे हमें अपने बचपन याद आ गये। एक्टर राज शर्मा द्वारा बताया गया की विद्यालय द्वारा वार्षिक उत्सव में तमाम प्रस्तुतियां दी गई, बच्चों ने काफी अच्छी एक्टिंग भी की। सेंट्रल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य दिव्या पांडे ने बताया कि स्कूल हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने एनुअल फंक्शन को अलग अंदाज में मना रहा है। हमने और हमारे स्कूल प्रशासन ने प्रयास किया है कि हमारी संस्कृति हमारी सभ्यता पर हमारे धार्मिक अनुष्ठान को हम किस तरह से दिखा सकते हैं जिसके लिए हमारे विद्यालय प्रशासन हमारे छात्र छात्राए एवं हमारे शिक्षकों ने काफी मेहनत की है।

## राज्य परिवहन विभाग की बसें न होने से यात्री परेशान

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** प्रदेश सरकार भले ही बाजारों और गांवों में राज्य परिवहन निगम की बसे संचालित किए जाते हैं । लेकिन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही घोर लापरवाही का ख्यामियाजा आज ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है । जबकि शासन द्वारा क्षेत्र के सभी डग्गामार वाहनों को बंद करने के लिए निर्देश और परिवहन की कोई बस न होने से लोगों को काफी मुसीबत उठानी पड़ रही है ।सामाजिक कार्यकर्ता शशि तिवारी, संतोष कुमार कुशवाहा, शिव नाथ केशरी, राम प्रवेश सिंह, दुर्गा प्रसाद केशरी, श्याम नारायण बिंद, विष्णु प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार दुबे, विनोद दुबे प्रधान कैथवल आदि लोगों ने बताया कि पूर्व में बड़ोखर वाया प्रयागराज , लखनऊ तथा कोरांव, खीरी, टौगा , बहरैचा , नारीबारी, चाकघट तक परिवहन निगम की बसे संचालित की जाती थी । लेकिन एक दशक पूर्व से बंद किए जाने से लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है ।

## सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं ने भाजपा का दामन थामा

### सपा, बसपा ,कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा प्रयागराज महानगर के द्वारा शहर उत्तरी विधानसभा कि भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में शहर दक्षिणी विधानसभा की परिणय गेस्ट हाउस बैहराना एवं शहर पश्चिमी विधानसभा की हनुमान गेस्ट हाउस जयंतीपुर में भाजपा मिलन अभियान का आयोजन किया गया।

इस अवसर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा ने सैकड़ों लोगों को भारतीय जनता पार्टी में शामिल किया और बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जन्म मां भारती की सेवा के लिए हुआ और इसका इतिहास त्याग तपस्या संघर्ष और बलिदान से भरा पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि हम सत्ता सुख के लिए नहीं आए हैं, हम राष्ट्र की संस्कृति के संरक्षण के लिए आए हुए हैं। उन्होंने कहा भाजपा का कार्यकर्ता मां भारती के यश, कीर्ति और उसका वैभव बढ़ाने के लिए काम करता है।



इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौड़, सांसद केसरी देवी पटेल, महापौर गणेश केसरवानी, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को हम आकर दे और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें और आने वाले लोकसभा के चुनाव में विकसित भारत के निर्माण के लिए मोदी जी को तीसरी बार सरकार बनाने के लिए जुट जाएं।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि सपा बसपा कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ शहर पश्चिम विधानसभा से 182 दक्षिणी विधानसभा से 146 और सबसे ज्यादा शहर उत्तरी विधानसभा से 412 लोगों ने भाजपा का दामन थामा जिसमें से 152 मुस्लिम महिलाओं की संख्या रही।

कार्यक्रम का संचालन शहर पश्चिमी में महामंत्री वरुण केसरवानी, शहर उत्तरी में विधानसभा संयोजक संजय गुप्ता और शहर दक्षिणी पार्षद ओपी गुप्ता, ने किया।

इस अवसर पर कुंज बिहारी मिश्रा, रमेश पासी, देवेश सिंह, प्रेम नारायण केसरवानी, राजेश केसरवानी ज्ञानेश्वर शुक्ला, राजू पाठक ,गिरजेश मिश्रा ,राघवेंद्र सिंह, संजीव जायसवाल, देवेंद्र मिश्रा, नरसिंह, राघवेंद्र मिश्रा, उदय प्रताप सिंह, विजय श्रीवास्तव, प्रशांत शुक्ला,भोला सिंह ,अवनीश तिवारी, सुमित वैश्य, रणविजय सिंह, दीनानाथ कुशवाहा, ज्ञान बाबू केसरवानी, कौशिकी सिंह, गौरव गुप्ता, संजय कुशवाहा, भरत निषाद, दिलीप केसरवानी, अखिलेश सिंह, राजेश गौड़, किशोरी लाल, सरोज गुप्ता, विश्वास श्रीवास्तव, हरीश त्रिपाठी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने भाजपा में शामिल हुए सभी लोगों को बधाई दी।

## बसंतोत्सव के रूप में मनाया गया विद्यारंभ संस्कार एवं सरस्वती पूजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर में विद्यारंभ संस्कार एवं सरस्वती पूजन का पर्व बसंतोत्सव के रूप में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ।

विद्यालय के संगीताचार्य एवं मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता ने बताया कि बसंतोत्सव का पर्व दो चरणों में संपन्न हुआ। पहले चरण में आचार्य पंडित प्रमोद पांडे की देखरेख में माता सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं, अध्यापक अध्यापिकाओं एवं अभिभावकों ने विद्यालय प्रांगण में बने पांच हवन कुंडों में आहुति देकर विधिवत पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बसंत ऋतु के एवं मां सरस्वती जी के गीतों एवं नृत्यों को प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात विद्यालय की नन्ही मुन्नी छात्राओं ने मां सरस्वती जी के रूप मे आकर्षक वेशभूषा के माध्यम से मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में 3 से 5 वर्ष के नन्हे मुन्ने भैया बहनों की जिह्वा पर शहद से लिखकर मंत्रोचार के माध्यम से उनका विद्यारंभ संस्कार किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एवं समस्त आचार्य एवं आचार्या बहनों ने उन पर पुष्प वर्षा कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया एवं सभी नन्हे मुन्ने भैया बहनों को कॉपी, पेंसिल, रबर इत्यादि भेंट किया।

विद्यारंभ संस्कार के बारे में बताते हुए प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने कहा कि हमारे जीवन में विद्या और ज्ञान का महत्व प्राचीन काल से ही रहा है। भारत में शिक्षा को लेकर कितनी जागरूकता थी इसका अंदाजा तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविख्यात विश्वविद्यालयों से लगाया जा सकता है क्योंकि ये दोनों विश्वविद्यालय भारत में ही स्थित थे। दुनियाभर के छात्र यहां शिक्षा ग्रहण करने आते थे। हम सभी अपने बच्चों को विद्या में निपुण बनाना चाहते हैं।

## गणपति विद्यालय में सरस्वती जी का पूजन कर किया गया भंडारा

**प्रयागराज।** सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर गणपति संगीत समिति विद्यालय में सरस्वती की पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक पंडित रमाकांत शास्त्री ने शुरु किया। उन्होंने कहा कि मां सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादिनी और वाग्देवी आदि कई नामों से भी जाना जाता है। ब्रह्माजी ने माता सरस्वती की उत्पत्ति वसंत पंचमी के दिन की थी। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष वसंत पंचमी के दिन ही देवी सरस्वती का जन्मदिन मनाकर



पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि समाज से शत प्रतिशत बच्चे शिक्षित और देश के अच्छे नागरिक बनेंगे तभी विद्या और ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा सार्थक होगी। युवाओं से समाज की कुरीतियों यथा नशाखोरी एवं अपराध से दूर रहने की अपील भी की। भंडारे में आए हुए सौ से ज्यादा लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।भंडारे में विद्यालय के बच्चो ने बड़ चढ़ के भाग लिया जिसमे स्वाति सिंह, हर्षिता मिश्रा, सर्वेश कुमार, गौतम, आशीष कुमार, निधि मिश्रा, अल्का वर्मा रेखा, दिनेश पाल, प्रतिभा सिंह, साक्षी सिंह, पत्रलेखा, सुंदरम आदेश कुमार, सक्षम, नीलांजना, शिवांश गुप्ता, सृजन, अनीता, प्रत्यूष श्रीवास्तव अनुज मिश्रा सरिता, सुषमा सोवरभ विनय विश्वकर्मा आदि लोग शामिल रहे।

## बाई का बाग सरस्वती पूजा कमेटी ने मनाई धूमधाम से पूजा

**प्रयागराज।** बसंत पंचमी के पावन पर पर प्राचीन बाई का बाग मोहल्ले में सरस्वती पूजा धूमधाम से संपन्न हुई।पूजा का शुभारंभ पंडित बी एन चटर्जी द्वारा विधिवत प्रतिष्ठा के साथ हवन पूजन कराया गया। नगर वासियों ने सरस्वती मां को पुष्पांजलि अर्पित की। कमेटी के अध्यक्ष जय अग्रवाल, उपाध्यक्ष अग्निवेश मिश्रा, सेक्रेटरी अवी श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, अनिमेष मुखर्जी, वर्किंग कमेटी आदित्य, विजय, हनु द्विवेदी आदि के सामूहिक प्रयास से अत्यंत भव्यता के



साथ अनेक कार्यक्रम कराए गए। अति विशेष अतिथि के रूप में पूज्य महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा कल्याणी नंद गिरी छोटी गुरु मां ने कार्यक्रम में पधार कर हवन संपादित किया एवं दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर शुरू कराई। व्यापार मंडल के अध्यक्ष मोहल्ले के वरिष्ठ सदस्य लालू मित्तल व उनकी पत्नी श्वेता मित्तल ने महामंडलेश्वर का स्वागत अभिनंदन किया उन्हें माला और अंगवस्त्रम पहनाया।

## श्रद्धा के साथ पूजी गई मां सरस्वती



**प्रयागराज।** करैली जी टी बी नगर दुर्गापूजा पार्क में धूमधाम से सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया।इस दिन विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा की जाती है। बसंत पंचमी के माघ महीने के शुक्लपक्ष की पंचमी इस तिथि को मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता है कि माँ सरस्वती इस दिन हाथों में पुस्तक वीणा और माला लिए श्वेत कमल पर विराजमान होकर प्रकट हुई। इस दिन से बसंत ऋतु का आगमन होता है जो सभी ऋतुओं का राजा है। बसंत पंचमी के 40 दिन बाद ही होली पर मनाया जाता है। इस अवसर पर भोग प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रदीप दत्ता, ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मनोज सिंह, अखिलेश सिंह, राजीव चतुर्वेदी, आलोक आंसु श्रीवास्तव, साधना, मिताली दत्ता, दीपा घोष, मिथुन चक्रवर्ती और ओ पी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत जनपद को तम्बाकू धूम्रपान मुक्त घोषणा-पत्र का किया गया अनावरण

## विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को धूम्रपान तम्बाकू सेवन न करने के प्रति किया जाय जागरूक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने आज मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित जनपद को तम्बाकू धूम्रपान मुक्त घोषित किये जाने के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत जनपद को तम्बाकू धूम्रपान मुक्त घोषणा-पत्र का अनावरण किया गया।



जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संकल्प-÷मैं शपथ लेता हूॅ कि जनपद कौशाम्बी को तम्बाकू मुक्त बनाने के महाभियान में सच्चे मन के साथ सक्रिय रूप से भाग लूंगा। व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जन स्वास्थ्य की दृष्टि से मैं स्वयं तम्बाकू का सेवन नहीं करूंगा तथा समाज के सभी लोगों को तम्बाकू न सेवन करने के लिए प्रेरित करूंगा। समयबद्ध कर अपने कार्य स्थल को तम्बाकू मुक्त करने के लिए पूरी तन्मयता के साथ मैं अपना योगदान दूंगा÷ दिलाया। जिलाधिकारी ने कहा कि एनजीओ द्वारा किये गये सर्वे में प्रदेश के 09 जनपदों को धूम्रपानध्तम्बाकू मुक्त घोषित किये जाने की रिपोर्ट दी गई, जिसमें जनपद कौशाम्बी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पाद, प्रदाय और वितरण व विनियमन) अधिनियम (सीओटीपीए)-2023 की धारा-4, धारा 6अ, 6ब व 7 का क्रियान्वयन प्रभावी तरीके से किया गया, यह एक अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा कि हम सब का दायित्व और बढ़ जाता है कि इस महाअभियान को और प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करें। सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में धाराओं का अनुपालन शत-प्रतिशत क्रियान्वित रखें तथा इसमें नियमित जॉच भी किया जाय। उन्होंने कहा कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को धूम्रपानध्तम्बाकू सेवन न करने के प्रति जागरूक किया जाय तथा कमेटी बनाकर प्रवर्तन की कार्यवाही भी किया जाय। उन्होंने कहा कि ऑगनबाड़ी केन्द्रां एवं पंचायत भवनों सहित आदि स्थानों पर साइनेज बोर्ड लगवाया जाय। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जाय तथा विभागीय लक्ष्यों में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किया जाय। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार ने अवगत कराया कि महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ के आदेशानुसार एवं वालण्टरी हेल्थ एसोसिएशन लखनऊ, द यूनियन नई दिल्ली एवं गिरि विकास अध्ययन संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पाद, प्रदाय और वितरण व विनियमन) अधिनियम (कोटपा)-2023 के सर्वे के आधार पर तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पाद के उपयोग न करने में प्रदेश में जनपद को तम्बाकू मुक्त घोषित करने के निर्देश प्राप्त हुआ था। उन्हांने बताया कि वालण्टरी हेल्थ एसोसिएशन लखनऊ, द यूनियन नई दिल्ली एवं गिरि विकास अध्ययन संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में कोटपा-2023 के विभिन्न प्राविधानोंध्धाराओं के अनुपालन की अद्यतन स्थिति ज्ञात किये जाने के लिए सर्वे किया गया। इस सर्वे में जनपद कौशाम्बी में धारा-4 (सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध) के अनुपालन की स्थिति 87.92 प्रतिशत, धारा-6ए (तम्बाकू उत्पादों की बिक्री 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति के करने पर प्रतिबंध) के अनुपालन की स्थिति 86.67 प्रतिशत धारा-6बी (शिक्षण संस्थाओं के 100 गज की परिधि में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध) के अनुपालन की स्थिति 78.96 प्रतिशत एवं धारा-7 (तम्बाकू के उत्पादों के पैकेजों पर निर्दिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी का प्रदर्शन) के अनुपालन की स्थिति 85 प्रतिशत पाया गया। नोडल अधिकारी डॉ0 कृष्ण देव सिंह ने कहा कि आप अपने आपको स्वस्थ रखते हुए समाज को आगे ले जाने का कार्य करते हैं, क्योंकि तम्बाकू, पान मसाला, गुटका का सेवन कर आप अपना और अपने परिवार का सही तरह से पालन पोषण नहीं कर पायेंगे। तम्बाकूध्धूम्रपान के सेवन से गैर संचारी रोगों का पता लगने में समय लगता है। जो लोग तम्बाकू का प्रयोग करते हैं वह इसके शिकंजे में जल्दी आ जाते हैं, जिससे अल्प आयु से पहले उनकी असमय मृत्यु हो सकतीं हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी तथा उप मुख्य चिकित्साधिकारीगण डॉ0 हिन्द प्रकाश मणि एवं डॉ0 राहुल सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# पिंडरा को लीग और सल्लाहपुर को क्वार्टर फाइनल मे हराकर मूरतगंज सेमीफाइनल मे पहुंची

## महबूद ने दोनो मैचों मे किया बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन अनुज और महबूद को मिला मैन आफद मैच का खिताब



**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** भरवारी नगर पालिका परिषद के वार्ड नम्बर 8 रोही मे चल रहे अहमद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आठवा लीग मैच बुधवार को पिंडरा और मूरतगंज के बीच खेला गया। जिसमे निर्धारित 12 ओवर मे मूरतगंज ने टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये 124 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी पिंडरा की टीम निर्धारित ओवरो मे 113 रन ही बना सकी मूरतगंज ने 11 रन से जीत दर्ज क्वार्टर फाइनल मे पहुंच गयी और टूर्नामेंट के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच सल्लाहपुर और मूरतगंज के बीच खेला गया सल्लाहपुर ने टांस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 12 ओवर मे 92 रन ही बना सकी मूरतगंज की तरह से अनुज ने तीन ओवर मे पांच बल्लेबाजो को आउट किया सल्लाहपुर की तरफ से नीरज ने अपनी टीम के 50 रन का योगदान दिया जवाब मे उत्तरी मूरतगंज की टीम 9 ओवर मे महबूद के बेहतरीन बल्लेबाजी के कारण लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया और 6 विकेट से मैच को जीत कर. सेमीफाइनल मे अपनी जगह पक्की कर ली है सल्लाहपुर की टीम की हार का मुख्य कारण गलत क्षेत्ररक्षण रहा जैसा की मैच मे कहा जाता है कि कैंच छोडो मैच हारो वी कवावत सल्लाहपुर के खिलाडियों के ऊपर बिलकुल सही साबित हुई पूरे टूर्नामेंट मे सल्लाहपुर ने गन्दी फिल्डिंग की अभी तक टूर्नामेंट में किसी भी टीम ने इतना बुरा प्रदर्शन नही किया और इसी वजह बुधवार को क्वार्टर फाइनल मैच मे बुरी हार हारनी पडी इस मैच के हीरो रहे अनुज को मैन आफद मैच का पुरस्कार दिया गया अनुज ने बेहतरी गेंदबाजी की अपनी टीम मूरतगंज को जीत दिलाई एक समय ऐसा लग रहा था कि मूरतगंज की टीम हार जायेगी लेकिन सल्लाहपुर के खिलाडी महबूद के चार कैच छोडे जिसकी वजह से महबूद ने नाबाद 48 रन बना कर अपनी टीम को जीत दिलाई। और सेमीफाइनल मे पहुंच गये।

# नंदी वाणी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया बसंत पंचमी का पर्व



**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती का आज का दिन बसंत पंचमी के रूप मनाया जाता है। आज के दिन सभी शिक्षको ने बच्चों के साथ मिलकर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की और मां सरस्वती से अपने ऊपर कृपा प्रदान करने की विनती की विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर ललित चौरसिया, प्रबंधक ज्योति गुप्ता केसरवानी अपने सभी शिक्षकों एवं बच्चों के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना संपन्न की तथा समस्त जगत के कल्याण के कामना की। माता सरस्वती अपने सभी छात्र छात्राएं की सबसे प्रिय देवी मानी जाती है। प्रधानाचार्य डॉ0 ललित चौरसिया ने कहा कि अवसर देने से ही बच्चे खुद को साबित कर पाते हैं हमारा स्कूल बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने के लिये समय समय पर अनेको प्रतियोगिताओं के साथ साथ अन्य कार्य करता रहता है और विद्यालय का यह प्रयास सफल भी रहता है।इस अवसर पर रेहान, प्रेम, प्रकाश, विवेक, राम प्रसाद, पायल, समीक्षा, सनिता, दीक्षा, अनिंदिता, इति, छाया, तन्वी आदि मौजूद रहे

# आरक्षी पुलिस भर्ती के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों का एसडीएम, क्षेत्राधिकारी ने किया भ्रमण



**सिराथू, कौशाम्बी।** आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों का बुधवार को उपजिलाधिकारी सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया की सिराथू तहसील क्षेत्र में पुलिस भर्ती हेतु तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए है जिनमे सिराथू कस्बे में स्थित उदय श्याम इंटर कालेज, सयारा में स्थित श्री बाबू सिंह इंटर कालेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं जिम्मेदारों को जरुरी दिशा निर्देश दिए गए। ताकि सकुशल तरीके से परीक्षा संपन्न हो सके।

# विधानसभा मिलन समारोह में दर्जन भर लोग भाजपा में शामिल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के गुंगवा का बाग स्थित रामनाथ डिग्री कालेज में बुधवार को विधानसभा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर लोकसभा चुनाव प्रभारी रणजीत सिंह, लोकसभा संयोजक राकेश पांडेय और विशिष्ठ अतिथि नेवादा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संदीप मिश्रा मौजूद रहे। मिलन समारोह में दर्जन भर दूसरे दल से आए और नए लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। विधानसभा मिलन समारोह की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि रणजीत सिंह ने कहा कि सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी का भाजपा में स्वागत है और सबका पूरा मान सम्मान किया जाएगा। कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश व प्रदेश में शासन व्यवस्था में व्यापक बदलाव किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आगामी 5 वर्ष में विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनकर उभरेगा। वहीं लोकसभा संयोजक राकेश पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुरानी विचारधारा को बदलते हुए अच्छे कार्य का समर्थन तथा गलत कार्य का विरोध करने की विचारधारा को अपनाया है। कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वीजा न देने वाला अमेरिका स्वयं अब नरेंद्र मोदी का मुरीद बन गया है तथा रुस और यूक्रेन भी आज भारत की ओर देख रहे है।

इस दौरान लगभग 45 लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। जिसमें ग्राम प्रधान, बीडीसी और कोटेदार आदि शामिल रहे। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधी नेवादा संदीप मिश्रा, नन्हें तिवारी, सोमदत्त मिश्रा,जगदीश चंद्र दिवाकर, शिवमोहन मौर्य, चक्रेश मिश्रा, गुलाब सिंह पाल और राम बहादुर जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# जन शिक्षण संस्थान द्वारा पीएम विश्वकर्मा आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षार्थियों को वितरित किया गया प्रमाण पत्र



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान द्वारा पीएम विश्वकर्मा आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षाथियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 जनवरी 2024 से 3 फरवरी 2024 तक प्रथम बैच चलाया गया जिसका एसेसमेंट दिनांक 4 फरवरी 2024 को किया गया तथा द्वितीय बैच दिनांक 5 फरवरी 2024 से 9 फरवरी 2024 को समाप्त किया गया। जिसका एसेसमेंट 10 फरवरी 2024 को किया गया दोनों बैच का प्रमाण पत्र जिला उद्योग केंद्र कौशांबी के उद्यमी मित्र भानु द्विवेदी एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय से उमा साहू के द्वारा दोनों बैच के 79 प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया इस प्रमाण पत्र के अवसर पर जन शिक्षण संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने सभी अतिथियों एवं सभी प्रशिक्षार्थियों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया उक्त प्रशिक्षण में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा श्रद्धा तिवारी सतीश प्रशिक्षिका स्वाती मिश्रा रेखा देवी करिश्मा देवी आदि प्रशिक्षार्थी मौजूद रहे।

# 12 ब्लॉक के 1391 खिलाड़ियों के बीच हुआ कबड्डी मुकाबला

## लोकसभा कौशांबी के सभी ब्लाकों में हुई खेल प्रतियोगिता





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** विकास परिषद के तत्वाधान में सांसद खेल स्पर्धा महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। बुधवार को प्रतापगढ़ व कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र के ब्लॉकों में कबड्डी प्रतियोगिता हुई। इसमें 1391 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

सांसद खेल स्पर्धा का ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह देखा गया। दूसरे दिन होने वाली कबड़ी प्रतियोगिता में कड़ा के 154, कालाकांकर के 90, कुंडा के 32, कौशाम्बी के 191, चायल के 86, नेवादा के 114, बाबागंज के 77, बिहार के 27, मंझनपुर के 126, मूरतगंज के 101, सरसवां के 233 व सिराथू के 159 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चायल ब्लॉक के अंतर्गत चायल खास व बालीपुर टाटा की बालक वर्ग कबड्डी टीम के बीच में का मुकाबला हुआ जिसमें चायल की टीम विजय घोषित हुई तथा उपविजेता बालीपुर टाटा टीम हुई इसी तरह बालिका वर्ग में पहाड़पुर सुधार व नगर पंचायत चरवा के बीच मुकाबला हुआ जिसमें पहाड़पुर सुधार की टीम विजेता घोषित हुई तथा चरवा उपविजेता रही कौशांबी विकासखंड में बालक वर्ग में बेरुई व बैगवा फतेहपुर के बीच मुकाबला हुआ जिसमें बैगवा की टीम विजेता घोषित हुई वह बालिका वर्ग में बेरुई टीम विजेता घोषित हुई चायल में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी स्वाती पांडेय व कौशाम्बी ब्लॉक की प्रतियोगिता बीडीओ प्रवीण कुमार की देखरेख में हुई। सांसद विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे ने बताया कि 15 फरवरी को वालीबॉल व खो-खो की प्रतियोगता होगी। मौसम के कारण खेल के आयोजन में विलंब हो रहा है। ऐसे में निर्धारित समय पर प्रतियोगिता नहीं हो पा रहीं हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमर सिंह पटेल भूपेंद्र सिंह संजय लोधी भास्कर मिश्रा राकेश सिंह शिवम सिंह संदीप मिश्रा जानकी शरण राजीव पासवान रमाकांत दिवाकर अंशु मिश्रा व सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे

# किशोरी जेवरात लेकर प्रेमी के साथ फरार

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के एक गांव से मंगलवार की शाम मां के खाना बनाते समय मौका पाकर एक किशोरी घर में रखे जेवरात लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई।कुछ देर बाद घर में उसे न देख परिजनों के होश उड़ गए।परिजनों ने तमाम जगह उसकी तलाश की मगर उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। निराश होकर मां ने बुधवार को थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस किशोरी के सुराग में जुट गई है।चरवा क्षेत्र के एक गांव का युवक किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता है। उसकी पत्नी के अनुसार मंगलवार की शाम वह घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान मौका पाकर उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर में रखे सोने और चांदी के जेवरात लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई।कुछ देर बाद घर में उसको न देख परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने तमाम संभावित ठिकानों पर उसकी तलाश की। मगर उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा।मां ने पड़ोसी महिला पर किशोरी को भगाने का आरोप लगाया है।

# विकास खण्ड मूरतगंज में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 15 फरवरी को

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं सेवायोजन के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आज एम0वी0आई0टी0 इंजी0 कॉलेज, कोइलहा के परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 298 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं तीन नियोक्ता कम्पनियों के द्वारा कुल 138 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

रोजगार मेले का शुभारम्भ विधायक बारा वाचस्पति द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने रोजगार मेले में उपस्थित प्रतिभागी अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन के0के0 राम, डीएसएम योगेन्द्र कुमार शुक्ला, डीपीएम शिव नरेश शुक्ला, प्लेसमेन्ट प्रभारी सेवायोजन विनोद सिंह आदि उपस्थित रहें। दिनांक 15 फरवरी 2024 को विकास खण्ड मूरतगंज के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें 05 से अधिक नियोक्ता कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग करते हुये 500 से अधिक रिक्तियों के सापेक्ष्य योग्य अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेंगी। यह जानकारी जिला समन्यक कौशल विकास मिशन द्वारा देते हुए बताया गया कि न्यूनतम् योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण एवं आई0टी0आई0ध्डिप्लोमा उत्तीर्ण तथा कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी उक्त दिनांक को प्रातः 10 बजे अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

# बाइक से गिरकर पति पत्नी लहूलुहान, 108 एम्बुलेंस ने पहुंचाया अस्पताल



**कौशाम्बी।** सैनी थाना अंतर्गत अझुआ के नजदीक बने पुल के पास एक अनियंत्रित बाइक फिसल गयी जिससे पति- पत्नी लहूलुहान हो गए। मिली जानकारी के अनुसार राम अवध पुत्र कुलदीप सिंह (45 वर्ष) निवासी फतेहपुर जनपद अपनी पत्नी सविता (40 वर्ष) को बाइक पर बैठाकर सिराथू के बम्बूपुर गॉव रिस्तेदारी में एक पूजा कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहे थे कि जैसे ही ये अझुआ नदी पर बने पुल से आगे निकले तो इनकी बाइक फिसल गयी जिससे दोनों लोग सड़क पर ही गिर गए। यह घटना देख राहगीरों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस और पुलिस को काल किया। मौके पर 108 एम्बुलेंस पहुंचकर दोनों घायलों को सी एच सी कड़ा में भर्ती करवाया। जहाँ से घायल महिला सविता को डॉक्टरों ने 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर के लिए रेफर कर दिया।

# बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित हुई कार, तीन जख्मी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के लोहन्दा मोड़ के नजदीक नेशनल हाइवे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई हादसे में कार सवार व बाइक सवार तीन लोग जख्मी हो गए। हादसे देख आसपास मौजूद लोगो ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।बताया जाता है की झारखंड के धनबाद निवासी पंकज कुमार अपनी पत्नी के साथ कार से कानपुर की ओर जा रहे थे , कार जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के लोहन्दा मोड़ के नजदीक नेशनल हाइवे पर पहुंची तभी अचानक सामने बाइक सवार आ गया जिसे बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और बाइक सवार गिर गया हादसे में कार सवार पंकज कुमार एवं बाइक में सवार भडेहरी निवासी इंद्रपाल पुत्र सूरजदीन 23 वर्ष व पीछे बैठे सूरजदीन उर्फ धन्नू पुत्र सुंदर लाल 55 वर्ष जख्मी हो गए , उधर से गुजर रहे राहगीरों ने हादसा देखा तो घायलों को इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

# अबकी बार 400 के पार का नारा होगा साकार- धर्मराज मौर्य



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मंझनपुर में विधान सभा मिलन समारोह आयोजित हुआ। लोकसभा चुनाव केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में बीजेपी ने चुनावी बिगुल बजा दिया है। लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यक्रम के संयोजक अरविंद दुवेदी जी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा लोक सभा चुनाव का शंखनाद हो गया है। लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा जिले में अपना किला और मजबूत किया मिशन-2024 के दृष्टिगत बुधवार 14 फरवरी को विधानसभाओं में मिलन समारोह आयोजित हुई।जिसमें विपक्षी दलों के लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य जी ने बताया कि पांचों विधानसभाओं में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य की संस्तुति के बाद सपा - बसपा और कांग्रेस के लगभग 500 लोग भाजपा में शामिल हुए। जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य जी ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ पर प्रचंड जीत का परचम लहराने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं।उन्होंने कहा यह चुनाव कार्यालय अब सभी चुनावी गतिविधियों का केंद्र होगा।अबकी बार 400 के पार के नारे को साकार रूप देना है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ा है। जिससे लोकसभा के सभी सीटो पर भाजपा जीतेगी और कमल खिलेगा।जिले के उपाध्यक्ष कार्यक्रम के सहसंयोजक अजय जी एवं जिला प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र दिया। मोदी की गारंटी पर जनता मुहर लगाएगी। स्वागत भाषण में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कार्यकर्ताओं की तरफ से आश्वासन दिया कि इस बार फिर ऐतिहासिक मतों से कमल खिलेगा।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के अभियानों में जुटने का आवाह्न किया। कार्यक्रम का संचालन अजय पाण्डे, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता भोले शंकर कुशवाहा, पूर्व विधायक लाल बहादुर, जिला उपाध्यक्ष आशीष केसरवानी (बच्चा भाई), दिनेश पाण्डे, अजय पाण्डे, विनय पाण्डे, सांसद प्रतिनिधि भूपेन्द्र सिंह पटेल एवं सपा से भाजपा में शामिल हुए खड़ग सिंह पटेल अपने समर्थकों सहित बसपा पार्टी से भाजपा में शामिल हुए अतुल द्विवेदी, अपने समर्थकों सहित अतुल चौधरी कमला कांत मिश्र, ज्ञान सरोज, नीरज साहू, लाल चंद्र सरोज, पप्पू चौधरी, आशारानी मुख्य रूप से भाजपा में शामिल हुए सभी को जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में सभी मण्डल के मण्डल अध्यक्ष एवं जिले के जिला पदाधिकारी इस मौके पर मौजूद रहे।

# नकल मिलने या परीक्षा की गोपनीयता भंग होने की स्थिति में होगी कठोर कार्रवाई-जिलाधिकारी

## बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये डीएम एवं एसपी ने बैठक






**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने राजकीय इण्टर कालेज के परिसर में केन्द्र व्यवस्थापक, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्टेªट, जोनल मजिस्टेªट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 प्रयागरा द्वारा आयोजित वर्ष 2024 की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा दिनांक 22 फरवरी से प्रारम्भ होकर 09 मार्च 2024 तक संचालित होगी। हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा दो पालियों में पूर्वान्ह 8.30 बजे से पूर्वान्ह 11.45 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 5.15 बजे तक संचालित होंगी। हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की परीक्षा हेतु 199 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिनमें राजकीय विद्यालय 09, सवित्त विद्यालय 62 एवं वित्तविहीन विद्यालय 128 सम्मिलित है। हाईस्कूल की परीक्षा में 57114 एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 53775 छात्र-छात्रायें सम्मिलित होगें। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं में कुल 110889 छात्र-छात्रायें शामिल होगें। बोर्ड परीक्षा हेतु 07 संवेदनशील केन्द्र है, केन्द्र व्यवस्थापक 199, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक 199, जोनल मजिस्टेªट 05, सेक्टर मजिस्टेªट 25 एवं स्टेटिक मजिस्टेªट 199 बनाये गये है। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वेबकास्टिंग द्वारा मानीटरिंग किये जाने के उद्देश्य से वर्ष 2024 की परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दोनो ओर वाइसरिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरा एवं डी0वी0आर0 के साथ राऊटर डिवाइस 24 घंटे संचालित होना आवश्यक है, इसकी मानीटरिंग प्रदेश स्तर एवं जनपद स्तर पर निगरानी की जायेगी।

प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर ड्यूटी करने वाले कक्ष निरीक्षकों एवं अन्य कर्मियों के पास परिचय पत्र एवं आधार कार्ड होना आवश्यक है। प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के परिचय पत्र बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर प्रधानाचार्य द्वारा हस्ताक्षरित एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना आवश्यक है एवं अन्य शिक्षणेत्तर कर्मियों के परिचय पत्र प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत जायेगें। परीक्षा के उपरान्त केन्द्र व्यवस्थापक उत्तर पुस्तिकायें निर्धारित समय 02 घंटे के अन्दर संकलन केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज में पुलिस अभिरक्षा में जमा कराना सुनिश्चित करें। प्रश्न पत्र परीक्षा केन्द्रों पर पहुॅचने के बाद प्रश्नपत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी केन्द्र व्यवस्थापकों की होगी। प्रश्न पत्र सम्बन्धित केन्द्र पर नियुक्त केन्द्र व्यवस्थापक/वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्टेªट द्वारा संयुक्त रूप से प्राप्त किया जायेगा। प्रश्न पत्र स्ट्रॉग रूम में डबल लॉक युक्त लोहे की आलमारी में सुरक्षित रखा जाये। परीक्षा केन्द्र पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बाउण्ड्रीवाल, विद्युत कनेक्शन, जनरेटर/इन्वर्टर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कर ली जाये। किसी भी अपरिहार्य स्थिति की सूचना जिला विद्यालय निरीक्षक के कन्ट्रोल रूम नम्बर 05342-221030 एवं डीएम कैम्प कार्यालय 05342-220401 पर भी सूचना दी जा सकती है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्र से सम्बन्धित थानेदारों का नम्बर रखेगें एवं उनके सम्पर्क में रहेगें। उन्होने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा एवं प्रबन्धन की जिम्मेदारी स्वयं की रहेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा, वाइस रिकार्डर 24 घंटे आन रहे, नकल मिलने की स्थिति में या परीक्षा की गोपनीयता भंग होने की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जायेगी। सभी सम्बन्धित अधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को नकलविहीन एव सकुशल ढंग से सम्पन्न करायें।बैठक में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने निर्देशित करते हुये कहा कि जितने भी स्कूल/कालेज है वहां पर पुलिस बल की तैनाती की जायेगी, स्थानीय थाने से पुलिस फोर्स, क्राइम ब्रान्च, सोशल टीम सतर्क दृष्टि बनाये रखेगें, 07 केन्द्र संवेदनशील है उन पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। बोर्ड परीक्षा के महत्वपूर्ण प्रश्न पत्र वाले दिन विशेष निगरानी रखी जायेगी और किसी के द्वारा यदि कोई भी घटना घटित हो तो उसकी सूचना तत्काल दी जाये जिससे कि वहां पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इन्तजाम किये जा सके। परीक्षा के दौरान किसी भी अराजक तत्व द्वारा यदि परीक्षा में व्यवधान डाला जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी टीम भावना साथ कार्य करें और परीक्षा को नकलविहीन एवं सकुशल सम्पन्न करायें। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह, केन्द्र व्यवस्थापक, प्रधानाचार्य, जोनल, स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्टेªट व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस ने किया।

# सांसद विनोद ने कुण्डा के ऊंचा गांव में किया रात्रि प्रवास

## जन समस्याओं को सुनकर दिया जल्द निस्तारण का भरोसा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुण्डा प्रतापगढ़।** केन्द्र की मोदी सरकार एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेकों कार्य किये। आज सरकार की योजनाएं आम जनमानस तक पहुंच रही है। सरकार ने जो संकल्प लिया उसे पूरा किया। प्रधानमन्त्री आवास योजना से ऐसे लोगों को आवास मिला जो खुले आसमान के नीचे रहते थे। गरीब का दर्द वही समझ सकता है। जो खुद उस दौर से गुजरा हो। मोदी जी के ऊपर आप सभी का आशीर्वाद है। आज पूरे देश में लोग तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमन्त्री बनाने जा रहे है। सरकार के पक्ष में पूरे देश में लहर चल रही है। विपक्षी दलों का गठबंधन बार बार टूट रहा है। क्योंकि झूठ की नाव अधिक समय तक नहीं चलती। इस बार कुण्डा बाबागंज में ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जिस क्षेत्र में 10 साल पूर्व लोग मिलना नहीं चाहते थे। आज सैकड़ों की संख्या में लोग मिलकर मेरा उत्साह बढ़ा रहे है। आज कुण्डा बाबागंज में विकास कार्य दिखाई पड़ रहा है। विकास का रथ 2014 से चल पड़ा है।

वह रुकने वाला नहीं है। उक्त बातें बुधवार को कौशाम्बी सांसद, संसदीय आचार समिति लोकसभा के सभापित, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर ने कुण्डा विधानसभा के ऊंचा गांव में गांव चलो अभियान में उपस्थित जनसमूह के बीच कही। सांसद विनोद सोनकर मंगलवार को ऊंचा गांव में रात्रि प्रवास पर थे। सुबह उठकर नित्य क्रिया के बाद ट्रेक सूट पहन कर सैर पर निकल पड़े। इस दौरान गांव के लोग अपने बीच सांसद को देखकर प्रसन्न हुए। लौटकर जन समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द निस्तारण का निर्देश दिया। इसके बाद कुण्डा क्षेत्र के तुलसी इण्टर कालेज बाबूगंज खेल मैदान में सांसद खेल स्पर्धा का फीता काटकर उद्घाटन किया। खिलाड़ियों से मुलाकात कर परिचय लिया। ब्लाक सभागार कुण्डा में नारी शक्ति सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इसके बाद मिलन समारोह में बड़ी संख्या में दूसरे दल से आये लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया गया। इसके बाद सांसद खेल स्पर्धा लक्ष्मीगंज बाबागंज में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, सिन्धुजा मिश्रा सेनानी, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र राजन, पूर्व प्रत्याशी ठाकुर प्रकाश सिंह, योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, कमलेश सोनकर,आशुतोष जायसवाल डिंपू, उदय शंकर पाण्डेय,उमा शंकर पटेल, आशुतोष मणि द्विवेदी,अनिल पटेल, महेश सिंह फौजी, मोनू शुक्ल, सिद्दार्थ शंकर श्रीवास्तव, सुमन साहू, रूपा गौतम, दिनेश गौतम, सरोज त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में पर्यावरण सेना ने किया सहयोग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में चलाए जा रहे फाइलेरिया खुराक खिलाने के अभियान में मान्धाता ब्लॉक के बो झी ग्राम पंचायत के पूरे खरग राय गांव में पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के नेतृत्व में पर्यावरण सेना के कार्यकर्ताओं ने गांव की आशा ऊषा देवी के साथ घर घर भ्रमण कर परिवार के सदस्यों को डी ई सी,आइवरमेक्टिन और एलबेंडाजॉल की उम्र के अनुसार पूरी खुराक मौके पर ही खिलाने में सहयोग कर अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।इस मौके पर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य हमारी स्वयं की जिम्मेदारी है।जिसके लिए हमें सजग रहना है।उन्होंने कहा कि 10 फरवरी से 28 फरवरी 2024 तक अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने जागरूक करते हुए कहा कि खाली पेट दवा न लें और दवाई को पानी साथ लेना है।यदि हम सभी मिलकर पूरी खुराक लेते हैं तो स्वयं के साथ पूरे समाज को फाइलेरिया का विनाश करने में सफल हो सकते हैं।इस मौके पर आशा ऊषा देवी,संगीता देवी,बबलू निर्मल,शोभा देवी,सुनील कुमार एवं नमन कुमार तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# देशी बम के साथ युवक गिरफ्तार

**उदयपुर प्रतापगढ़-** स्थानीय थाना उप निरीक्षक सचिन कुमार अपने हमराही सिपाही राम मिलन यादब जितेंद्र सिंह के साथ मंगलवार रात लगभग साढ़े दस बजे अठेहा तिराहे पर गस्त के दौरान पहुँचे थे द्य इसी बीच मुखबिर ने आकर जानकारी दिया कि एक व्यक्ति कटरिया नहर पुलिया के पास बैग में कुछ सामान लेकर खड़ा है द्य उप निरीक्षक आनन फानन में अपनी टीम के साथ जैसे ही पहुंचे की पुलिस की गाड़ी देख भागने की कोशिश कर रहा था, तभी पुलिस ने उसे चारों तरफ से घेरकर पकड़ लिया द्य पुलिस की तलाशी में पांच देशी बम बैग से बरामद हुआ द्य नाम पता पूछने पर उसनेअपना नाम विकास रजक पुत्र साहबलाल रजक निवासी देऊम पश्चिम बताया। पुलिस ने उसे विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया

# लालगंज को शैक्षिक तथा आर्थिक व न्यायिक क्षेत्र में मिलेगा आदर्श टाउन एरिया का दर्जा-मोना

## राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना ने बाईपास व पुल समेत करोड़ों की सौंपी सौगात





### हर मन को भायी बाईपास की सौगात, प्रमोद व मोना के प्रयास को लेकर गदगद लालगंज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील एवं दीवानी न्यायालय समेत लालगंज दर्जनों शिक्षण संस्थानों के साथ विभिन्न सरकारी कार्यालयों के मुख्यालय की पुरानी बाजार है। नेशनल हाइवे से गुजरने वाली बाजार के लिए बुधवार को विधायक आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के द्वारा स्वीकृत कराए गए बाईपास की सौगात हर वर्ग को आवागमन की सुविधा की खुशी दे गयी दिखी। बाजार तथा आसपास के लोगों में इस बात की खुशी जनसभा स्थल पर देखी गयी कि बाईपास के बन जाने के बाद बाजार में यातायात की व्यवस्था भी सुगम हो सकेगी। पांच मीटर चौड़े तीन



किलोमीटर के इस बाईपास के बन जाने पर पूरे हरिकिशुन, पाण्डेय का पुरवा, राघव का पुरवा, उमापुर, पूरे टीकाराम, खेंमसरी, भवराम बोझी, सांगीपुर, सलेम भदारी, पूरे बंशी, खालसा सादात आदि के लोगों को जिला मुख्यालय अथवा सलोन रायबरेली आने जाने के लिए सुगमता भी होगी। बाजार के लोगों में इस बात की खुशी देखी जा रही है कि बाईपास बनने के बाद अब लालगंज को ओवरब्रिज के चलते ऐफिलेटेड रोड के भी झंझावात से भी निजात मिल गया। लोगों में बाईपास के लिए करोड़ो की धनराशि तथा इसकी पहल को साकार बनाने के लिए सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना के प्रयासों की सराहना भी हो रही है। रामनाथ विश्वकर्मा, शिवप्रसाद कोरी, मनमोहन यादव, घनश्याम सरोज, शंभू तिवारी, बेलाल रहमानी, पूनम दुबे, दयाराम वर्मा, शबनम, महराना आदि का कहना है कि यह बाईपास नगर की बाजार के साथ साथ आसपास के वार्डो के लिए वरदान साबित होगा।

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने बुधवार को लालगंज नगर के लोगों को करोड़ो की बाईपास की सौगात सौंपी। बसन्त पंचमी के पर्व पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना के हाथों करोड़ों का बाईपास तथा पुल की सौगात पाकर लोग खुशी से झूम उठे। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के साथ लालगंज के संगम चौराहे से राजेन्द्र नगर तक नहर पिच मार्ग को छः करोड़ आठ लाख की लागत से तीन किलोमीटर लम्बे तथा पांच मीटर चौड़े बाईपास का तोहफा दिया। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने नहर मार्ग पर नगर पंचायत कार्यदायी संस्था द्वारा साढ़े छः लाख रूपये की लागत से निर्मित पक्के पुल का भी समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। संगम चौराहे पर बाईपास की विधायक मोना व प्रमोद तिवारी ने आधारशिला रखी तो नगर के लोगों के साथ व्यापारियों तथा अधिवक्ताओं व स्कूली छात्र छात्राओं के भी चेहरे खिल उठे दिखे। सांगीपुर वार्ड में हुई विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए बतौर मुख्यअतिथि विधायक आराधना मिश्रा मोना ने बताया कि इस तीन किलोमीटर लम्बे बाईपास के बन जाने से सांगीपुर तथा अठेहा क्षेत्र के लोगों को प्रतापगढ़ पहुंचने में सुविधा के साथ जौनपुर वाराणसी तथा रायबरेली की तरफ से भी आने वाले वाहनों को आवागमन के लिए अब बेहतर सुविधा मुहैया होगी। उन्होने कहा कि वह तथा सांसद प्रमोद तिवारी संयुक्त रूप से लालगंज को आर्थिक तथा न्यायिक एवं शैक्षिक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाकर प्रदेश का सबसे विकसित नगर बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। जनसभा की अध्यक्षता करते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि तीन किलोमीटर के इस बाईपास की गुणवत्ता अव्वल बनाने के लिए प्रति किलोमीटर इस पर दो करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च होगी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि लालगंज बाजार के खूबसूरत स्वरूप को बनाए रखते हुए यह बाईपास नगर के साथ दर्जन भर नजदीकी ग्राम सभाओं के लोगों के लिए भी सुविधाजनक होगा। उन्होनें इस बाईपास को निकट भविष्य में सात मीटर चौड़ा भी कराये जाने का लोगों को भरोसा दिलाया। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुर खास के नगरीय एवं ग्रामीण विकास योजनाओं के संचालन में जिस तरह से विधायक आराधना मिश्रा मोना लगातार प्रयत्नशील हैं। उसे देखते हुए बकौल प्रमोद तिवारी लालगंज जिला स्तरीय सुविधाओं से लैस होकर आदर्श नगर पंचायत की चमक को और रोशन करेगा। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी ने नहर मार्ग पर नगर पंचायत की कार्यदायी संस्था द्वारा लाखों की लागत के पुल का भी लोकार्पण किया। इस पुल के चालू होने से सांगीपुर वार्ड के लोगों को ट्रामा सेण्टर एवं नेशनल हाईवे से जुड़ने की सीधी सुविधा मुहैया हुई है। जनसभा का संयोजन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने स्वागत भाषण में नगर विकास का खाका खींचा। वहीं ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज ने लोगों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर केडी मिश्र, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, डा. वकील अहमद, डा. आरएस त्रिपाठी, डॉ. राजकुमार पाण्डेय, शिवकुमार द्विवेदी, देवीदयाल द्विवेदी, सभासद कैलाश तिवारी, शिवकुमार वर्मा, सदाशिव यादव, हरिशंकर सरोज, मीना देवी, महमूद आलम, राकेश तिवारी गुडडू, संजय सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, अनुराग पाण्डेय, शेरू खान, छोटे लाल सरोज, राजू द्विवेदी, नजऊ खान, पप्पू तिवारी, मुरलीधर तिवारी, आशीष कौशल, सोनू शुक्ला, उदयशंकर द्विवेदी, शत्रुध्न शुक्ला, जावेद खान आदि रहे।

# डा. आशुतोष त्रिपाठी ने बास्केटबाल के खिलाडियो को खेल किट वितरित किया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** बुधवार को भंगवाचुंगी स्थित डॉ आशुतोष त्रिपाठी के कार्यालय पर जिला बास्केट बॉल एसोसिएशन के द्वारा किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ आशुतोष त्रिपाठी संस्थापक ए एस एम ग्रुप एवं पूर्व प्रत्याशी सदर विधानसभा द्वारा ए एस एम ग्रुप के बालक एवं बालिका खिलाड़ियो को निःशुल्क किट वितरण किया । डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि ए एस एम ग्रुप के सभी बालक एवं बालिका खिलाड़ियों द्वारा कई स्पर्धा में अपना परचम लहराया तथा ए एस एम ग्रुप का नाम रोशन किया मैं हमेशा अपने खिलाड़ियों को चाहे वह बालक हो अथवा बालिका हो हमेशा प्रोत्साहित करता रहूंगा तथा जरूरत पड़ने के पर हम समस्त खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार हैं । बालक एवं बालिकाओं को किट वितरण किया गया है के नाम प्रमुख रूप से बालक वर्ग सुधांशु त्रिपाठी, तेजस वैश्य दिव्यांशु सिंह, अभिजीत श्रीवास्तव ,दिव्यांशु यादव ,अंशुमान मिश्रा , बालिका वर्ग ईशा मिश्रा, अपर्णा मिश्रा ,स्नेहा मिश्रा, संभावना मिश्रा, श्रेया मिश्रा ,वंशिका तिवारी , चांदनी सरोज आरती, दिव्या यादव रिद्धि पांडे रिंकी सरोज तथा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी, कोच रघु सर यशवंत कुमार गौतम ,अनिल कुमार सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे

# ग्रामीणों ने अवैध ठेकेदारों द्वारा मिट्टी खनन पर जताया विरोध



**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़** -क्षेत्र स्थित भुवालपुर किला के बीबियापुर गांव में इन दिनों ठेकेदार द्वारा मानक के विपरीत अवैध मिट्टी खनन जोरों पर चल रहा है। मिट्टी खनन के कारण राहगीरों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है । पानी बरसने से सड़क पर मिट्टी की वजह से कीचड़ हो गया है, जिससे राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं । हाईवे निर्माण कंपनी द्वारा सड़क को काट कर रास्ता बनाया गया हैं। बगल से आने जाने वाले लोगों के लिए जो रास्ता बनाया गया है, वह नगण्य है । लेकिन सड़क के किनारे हाईवे कंपनी के द्वारा मिट्टी खनन होने के बाद जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं । मिट्टी के ठेकेदारो द्वारा अवैध मिट्टी खनन पर विरोध में राम बहादुर ,राम अजोर ओमप्रकाश ,मेवा लाल, रामप्रसाद ,बद्रीनाथ, हरीलाल, देवनारायण, मनोज कुमार, मुकेश कुमार ,संतोष कुमार, राम सजीवन, हीरालाल आदि लोगों ने ठेकेदार के मनमानी पर आक्रोश जताया।

# जामताली में ईवीएम मशीन पर मतदाताओं को दिया गया प्रशिक्षण

## भारत निर्वाचन आयोग एलईडी वैन से मतदाताओं को दे रहा प्रशिक्षण




**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीरापुर** -रानीगंज तहसील क्षेत्र के संविलियन विद्यालय जामताली में बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से सुपरवाइजर प्रतिभा सिंह वीरेंद्र सिंह द्वारा इवीएम जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत एलईडी वैन के द्वारा क्षेत्र के मतदाताओं को ईवीएम मशीन पर प्रशिक्षण देकर मतदान के लिए जागरूक किया। गया। इस दौरान सुपरवाइजर प्रतिभा सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से एलईडी वेन के द्वारा ईवीएम मशीन पर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में एवं मतदान कराए जाने पर मतदाताओं को वोटिंग करने में कोई परेशानी न हो। इसके तहत जामताली में एलईडी वैन के साथ ईवीएम मशीन पर प्रशिक्षण देकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। और उनके द्वारा दिए गए मत को भी दिखाया गया। दोपहर तक सौ मतदाताओं को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 9 फरवरी से 23 फरवरी तक चलाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुपरवाइजर प्रतिभा सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रधान प्रमोद दुबे, बीएलओ विजय दुबे, बीएलओ प्रमोद मिश्र, बीएलओ रामानंद ओझा, बीएलओ उर्मिला श्रीवास्तव, राजेश दुबे, अमित गुप्ता,इंद्रजीत शर्मा, रामदास शिक्षक मतदाता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जेहदिपुर में लगने वाले उर्स मेला को लेकर चौकी प्रभारी ने मेला कमेटी के पदाधिकारीयो के साथ की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के जेहिदपुर गांव में हुजूर हाजी सैय्यदी मस्तान समद शाह वारसी अल मारूफ दुलारे साह वारसी का 18वाँ सालाना उर्स 18 फरवरी से शुरू होकर 21 फरवरी तक चलेगा। उर्स मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अफजलपुरवारी चौकी प्रभारी अशोक कुमार ने मेला कमेटी के पदाधिकारी के साथ बुधवार को एक बैठक कर मेला कमेटी के सभी पदाधिकारी से कहां की मजार परिसर तथा मेला क्षेत्र में साफ सफाई की विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक के दौरान चौकी प्रभारी ने कहा कि मजार परिसर में जो भी वालंटियर लगाए जाएंगे वह मेला कमेटी के अध्यक्ष द्वारा जारी किए गए आई कार्ड के बगैर कोई भी दिखाई दिया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और जो वालंटियर मेला क्षेत्र में लगाए जाएंगे सभी लोगों को अपने-अपने आई कार्ड के साथ ही मेला परिसर में रहेंगे और उर्स में आए हुए जायरीनों का विशेष ध्यान रखेंगे कि कहीं भी किसी प्रकार की घटना न घटने पाये यदि कहीं किसी प्रकार की कोई बात होती है तो मेला कमेटी की पदाधिकारी एवं वॉलिंटियर उस व्यक्ति को तत्काल पुलिस बूथ तक लेकर आए और पईसा कोतवाली प्रभारी बृजेश करवरिया के सीयूजी नंबर एवं अफजलपुर वाली चौकी प्रभारी अशोक कुमार के नंबर 9450488778 पर तत्काल सूचना दें जिससे मेला क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे । और मेला कमेटी की पदाधिकारी विशेष रूप से जिम्मेदारी पूर्वक शांतिपूर्वक मेले को है कि जो भी व्यक्ति खाना बनाएंगे उनके द्वारा साफसफाई की सम्पन्न कराने एवं जरूरी दिशा निर्देश दिए । साथ ही मीना बाजार एवं मेले में आई हुई सभी दुकानों को लाइन से लगवाये जाने तथा झूले वालों को एक तरफ झूले लगाने का व्यवस्था कराई जाए जिससे मेला में कहीं भी कोई समस्या ना उत्पन्न होने पाए जिसकी हम सभी लोगों की नैतिक जिम्मेदारियां हैं । इस दौरान कांस्टेबल रजनीश कुमार, खादिम अहमदउल्ला (नेता भाई) मोहम्मद असलम, अफसर उल्ला , नूर मियां , लाइक अहमद , वसीम अहमद एवं दर्जनों लोग मौजूद रहे

## बसन्त पंचमी पर श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी



**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ा के कुबरी घाट, कालेश्वर घाट सहित विभिन्न स्नान घाटों पर बुधवार को बसन्त पंचमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगायी है।गंगा स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने दान आदि कर अपने परिवार की कुशलता के लिए मंगल कामना की साथ ही मां शीतला का पूरे विधिविधान के साथ दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया।बुधवार की भोर से ही घाटों पर श्रद्धालुओं का जमघट लगने लगा।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कड़ाधाम पुलिस स्नान घाटों व मंदिर परिसर में मुस्तैद रही।

# श्री रामधनी मौर्य कालेज में वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## शिक्षा से हर लक्ष्य को पाया जा सकता है- शिव मूर्ति मौर्य

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के पथरावा में स्थित श्री रामधनी मौर्य इंटर कालेज में बुधवार को वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य शिव मूर्ति मौर्य ने कहा की विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का होना आवश्यक है

ऐसे में हमें अनुशासित रहते हुए विद्यालय की परंपराओं का निर्वहन करना चाहिए। शिक्षा से हर लक्ष्य को पाया जा सकता है । इस दौरान छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गीत, संगीत, नृत्य, नाटक ,भाषण का मंचन किया गया। जिसे देख बैठे दर्शक मंत्रमुग्ध होकर ताली



बजाकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान बाल प्रतिभा सम्मान श्री में केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ से सम्मानित विद्यालय की छात्रा कल्पना चौरसिया को सायकिल , मेडल व प्रशस्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभा करने वाले बच्चों को को पुरस्कृत किया गया । इस दौरान मुख्य अतिथि धर्मराज मौर्य , जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर , विशिष्ट अतिथि डिप्टी सीएम के पुत्र योगेश कुमार मौर्य , जितेंद्र सोनकर , एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव , क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा , जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव , भाजपा नेता शिव प्रताप उर्फरिंकू मौर्य सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव मूर्ति मौर्य , प्रबंधक राम मूर्ति मौर्य , नरेश चंद्र , शिव सिंह , फूल चंद्र , मुकेश कुमार , जितेंद्र कुमार , महेंद्र कुमार , ज्ञान सिंह आदि शिक्षक गण व बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार मौर्य ने किया।

# परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी निरीक्षक ने पारिवारिक विवाद को सुलझाया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी निरीक्षक उर्मिला सिंह व उप निरीक्षक श्याम नारायण व महिला हेड कांस्टेबल पूनम के द्वारा 01 प्रार्थना पत्र में आवेदिका व विपक्षी दोनों की सहमति से सुलह समझौता किया गया। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा उनके जीवन की पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया गया। वह उन दोनों के बीच के मनमुटाव को दूर किया गया। वही दोनों पक्षों से बात किया गया उनके द्वारा खुद की सहमति से सुलह समझौता किया गया। दोनों पति-पत्नी द्वारा यह व्यक्त किया गया कि हम लोगों के बीच कोई मनमुटाव नहीं रह गया है, हम लोग दोनों अपनी खुशी से सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं। दोनों लोगों को हंसी-खुशी उनके घर की तरफ शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया गया।

# कोटेदारों ने बोरियों में कम वजन होने के कारण राशन लेने से किया इंकार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नेवादा, कौशाम्बी।** तहसील चायल के तिलगोड़ी गांव स्थित एफसीआई गोदाम पर बुधवार सुबह ट्रैक्टर लेकर पहुंचे कोटेदारों ने सरकारी राशन के कम वजन की बोरियां मिलने पर राशन लेने से इंकार कर दिया। हंगामा करते हुए आरोप लगाया कि सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी आदेश लागू होने के बाद भी उचित दर विक्रेता दूकान तक राशन नहीं पहुंचाया जा रहा है। अधिकारी जबरन राशन उतरवाने का दबाव कोटेदार पर बनाते हैं।

भारतीय खाद्य निगम ने सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलिवरी आदेश के तहत उचित दर विक्रेता दुकानदार को परिवहन ठेकेदार के माध्यम से बोरियों में पूरी मात्रा के साथ राशन पहुंचाने की जिम्मेदारी जिलापूर्ति निरीक्षक को दी है। लेकिन, परिवहन ठेकेदार उचित दर विक्रेता दुकान पर राशन न पहुंचा कर एफसीआई गोदाम तक ही पहुंचा रहा है। बुधवार को एफसीआई तिलगोड़ी गोदाम पहुंचे कोटेदारो ने 500 ग्राम वजन राशन कम होने पर बोरियों को उतरवाने से मना कर दिया। आरोप लगाया कि विभाग बोरियों को उतरवाने की पल्लेदारी और दूकान तक ले जाने का किराया नहीं देता है। वहीं उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक कांटा से तौल कर पूरा राशन मांगते हैं। कम राशन देने पर उपभोक्ता विवाद करते हैं। जबकि अधिकारियों की बात न मानने पर फर्जी कार्रवाई की धमकी देते हैं। दबाव में एक दो कोटेदारों ने राशन उतरवा भी लिया। लेकिन कई अन्य कोटेदार बृहस्पतिवार को तहसील पहुंच एसडीएम सौम्य मिश्रा से मामले में कार्रवाई की मांग करेंगे।

# दबंगो ने पीड़ित व उसकी साली के साथ की मारपीट, तीन पर केस दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में तीन दबंगो ने पीड़ित व उसके साली के साथ मारपीट कर जख्मी कर धमकी देते हुए चले गए , पीड़ित की शिकायत पर सैनी पुलिस ने तीन लोगो पर केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के टेढीमोड चक जमी महजूबा निवासी चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा पुत्र स्व छेदीलाल ने सैनी पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की वह फतेहपुर जनपद के गोढवापुर निवासी अपनी साली गुड़िया देवी पुत्री रामराज विश्वकर्मा के साथ घर में बैठा था , इस दौरान पड़ोस के तीन दबंग पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने लगे जिसमे चंद्र प्रकाश व साली गुड़िया देवी जख्मी हो गई , पीड़ित की शिकायत पर सैनी पुलिस ने अजय विश्वकर्मा, देव मूरत व ननकी देवी के विरुद्ध मारपीट एवं धमकी में मामला दर्ज कार्यवाही में जुट गई है।

## रोडवेज बस चालू कराए जाने की मांग

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी धाता कस्बे एवं सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती गांव खुझा मजरा अफजलपुरवारी से मंझनपुर होकर प्रयागराज तक रोडवेज बस चालू कराए जाने की मांग को लेकर 15 फरवरी गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक से प्रयागराज जाकर मिलेंगे।

इस संबंध में अजय सोनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कौशांबी जिले के लोगों के आवागमन को सुगम करने के लिए समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे गुरुवार 15 फरवरी को प्रयागराज जाकर परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक से मिलेंगे और धाता से जुवरा, नारा चौराहा, दुवरा चौराहा, मंझनपुर होकर प्रयागराज तक एवं खुझा मजरा अफजलपुरवारी से उदहिन बुजुर्ग चौराहा, तुलसीपुर, मंझनपुर होकर प्रयागराज तक रोडवेज बस चालू कराने की मांग करेंगे।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के डोडापुर गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई , सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव की शिनाख्त कर परिजनो को खबर दी जिसके बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया , वही पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह दिल्ली हावड़ा रेल लाइन के डीएफसी लाइन पर डोडापुर गांव के सामने 28 वर्षीय एक युवक का शव पाया गया , ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर शव देखा तो पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची सैनी पुलिस ने युवक की शिनाख्त सैनी कोतवाली क्षेत्र के भडेहरी निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र राम खेलावन के रूप में करते हुए औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा , पुलिस के अनुसार युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था , युवक की मौत की खबर पर मृतक के घर में कोहराम मच गया।

# शहीदों का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा- रोहित मिश्रा

## पुलवामा हमले की बरसी पर सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के सदस्यों ने दी जवानों को कैंडल जलाकर दिया श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के कोसम इनाम स्थिति सामुदायिक भवन कोसम इनाम में सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के सदस्यों ने पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि कैंडल जला कर दिया जिसमे सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को हुए आतंकी हमले को आज पांच साल पूरे हो गए हैं। उस हमले में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी आदिल अहमद डार ने 350 किलो विस्फोटक से भरी न्ट बस से भिड़ा दी थी। इस हमले में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स के 40 जवान शहीद हो गए थे। आज पुलवामा आतंकी हमले की बरसी है। लेकिन आज भी इस हादसे की कहानी सुनकर भारतीय लोगों की रूह कांप जाती है।इस काला दिवस पर बुधवार को पुलवामा हमले में शहीद होने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है।




उन्होंने। मौजूद युवाओं और युवतियों से कहा कि मैं पुलवामा में वीर जवान शहीद हमारे राष्ट्र के लिए उनकी सेवा और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। वही मौजूद संस्थान के उपाध्यक्ष रोहित मिश्र ने कहा कि 14 फरवरी भारत के लिए काला दिवस आतंकवादियों की इस कायराना हरकत से हर भारतीय की आंखे नम हो गई थीं और इस हमले ने पूरे देश को अंदर से हिलाकर रख दिया था, लेकिन इसका बदला भारतीय सेना पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर लिया। इस हमले को पुलवामा अटैक के नाम से भी जाना जाता है। संस्थान के महासचिव अरविंद कुमार पाण्डेय ने कहा कि सीआरपीएफके काफिले में करीब 60 से ज्यादा वाहन शामिल थे और इनमें 2 हजार 547 जवान मौजूद थे। 14 फरवरी 2019 के दिन जब सीआरपीएफका काफिला जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवंतीपोरा में गोरीपोरा के पास पहुंचा तो जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने पुलवामा जिले में विस्फोटक से भरी कार ने सीआरपीएफ जवानों की बस से भिड़ाकर निशाना बनाया था जो निद्नीय था। कोषाध्यक्ष कौशिक अग्रहरि ने कहा कि इस कारण जोरदार धमाके में 40 जवान शहीद हो गए थे। धमाका इतना तेज था कि बस के भी चिथड़े उड़ गए। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे शिवदयाल ने सभी युवाओं का आभार व्यक्त किया ।इस कार्यक्रम में मंत्री कलीम हसन ,अजय निषाद,अनिल कुमार नामदेव ,बच्चा लाल,अनुराग ओझा, कमलेश ,हरिलाल , उमा मौर्य, पंकज कुमार मौर्य,कल्पना ,नेहा दिवाकर,पूजा ,प्रतिभा, सौरव कुमार,राजेश कुमार,हिमांशु पाण्डेय,शिवम पाण्डेय,,हरिओम, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## दयानंद सरस्वती में मनाया गया बसंत पंचमी



**अजुहा, कौशाम्बी।** वसंत पंचमी पर्व के अवसर पर बुधवार को अजुहा कस्बे में स्थित दयानंद सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कालेज में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद हवन पूजन का आयोजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर प्रबंधक कपूर चंद्र आर्य ने बसंत पंचमी के पर्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ0 रमेश चंद्र आर्य, सोम मुनि, विजय कुमार, वेद प्रकाश आर्य, ब्रह्मांड शर्मा, चंद्रपाल सिंह, शेर बहादुर सिंह, राम प्रसाद, सुंदर लाल, पूजा देवी, सोनिका जायसवाल, नीलम देवी , सोनम देवी , रोशनी सहित विद्यालय के छात्र मौजूद रहे।

# श्री महादेव सिंह बाल कन्या इंटर कालेज में विदाई एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## विद्यार्थी जीवन में अनुशासन होना जरूरी- सूबेदार सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के अम्बाई बुजुर्ग गांव में स्थित श्री महादेव सिंह बाल कन्या इंटर कालेज में मंगलवार को विदाई एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर 12वीं कक्षा के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें गुरुजनों का आशीर्वाद लेकर विद्यार्थी स्कूल से विदा हुए। साथ ही अतिथियों द्वारा विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के संचालक सूबेदार सिंह उर्फ पिंटू यादव ने कहा किसी काम के अंत के बाद नई शुरुआत होती है। ऐसे में विद्यार्थी को नए कार्य के साथ पुरानी बातों को भी ख्याल रखना चाहिए। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का होना आवश्यक है ऐसे में हमें अनुशासित रहते हुए



विद्यालय की परंपराओं का निर्वहन करना चाहिए। इस दौरान छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गीत, संगीत, नृत्य, नाटक ,भाषण का मंचन किया गया। जिसे देख बैठे दर्शक मंत्रमुग्ध होकर ताली बजाकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय सिंह ने कहां की स्कूल छात्रों का दूसरा घर होता है ऐसे में छात्र स्कूल की धड़कन होती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभा करने वाले बच्चों को को पुरस्कृत किया गया इस दौरान प्रबंधक लाल बहादुर , प्रधानाचार्य अजय सिंह , संचालक सूबेदार सिंह उर्फ पिंटू यादव सहित विद्यालय के शिक्षक गण व बच्चे मौजूद रहे।

## जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है भागवत कथा- पं0 रोहित कृष्ण जी महराज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के गल्ला मण्ड़ी श्री रामलीला परिसर मंझनपुर मे श्रीमद् भागवत कथा को लेकर बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें कई महिलाओं व पुरुषों ने गेरुआ रंग का वस्त्र धारण कर बाजे गाजे के साथ कई देवस्थान पहुंचकर पूजा की। इसके बाद कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा कथा स्थल से निकलकर मुख्यालय का भ्रमण किया। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु पीताम्बर वस्त्र धारण कर व सिर पर कलश लेकर शामिल हुए। कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथा व्यास पं0 रोहित कृष्ण जी महराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से मुक्त होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। कथा मे मुख्य रूप से संजीत कुमार सिंह, बब्लू सर्राफ सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहें।

# तुर्तीपुर ग्राम सभा में गंदगी का अंबार, लोगों को पैदल चलना हुआ दुभर

## ग्राम प्रधान और सचिव की कमाऊ नीति से चौपट हुआ विकास कार्य

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** सदर ब्लाक के तुर्तीपुर गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। बजबजाती नालियां, रास्ते में बहता गंदा पानी, जगह जगह लगा कूड़ा कचरा का ढेर खुद ब खुद गांव की दुर्दशा बयां कर रहे है। गांव में फैली गंदगी से जहां लोगों का सांस लेना दुभर हो रहा है। तो वहीं ग्रामीणों को पैदल चलने में भी काफी परेशानी हो रही है। लोग बताते हैं कि ग्राम प्रधान और सचिव सरकारी धन का बंदरबांट कर लेते हैं। यही कारण है कि गांव में विकास कार्य सिर्फ कागज तक ही सीमित है।

करारी क्षेत्र के तुर्तीपुर ग्राम सभा में कुल मजरा पांच है। तुर्तीपुर, पट्टी अब्दुल रऊफ छोटा पचंभा, बड़ा पचंभा व पंडीरी है। ग्राम सभा की कुल आबादी करीब पांच हजार की है। ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव की उदासीनता से गांव का विकास कार्य पूरी तरह से चौपट हो गया है।



गांव के अंदर नालियां ही नहीं बनी। जहां नाली बनी भी है तो वह पूरी तरह से चोक है। स्वच्छता अभियान की पूरी तरह से धज्जियां उड़ गई है। बजबजाती नालियां, जगह जगह कूड़े का ढेर होने से लोगों को सांस लेना दुभर हो गया है। लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चे आए दिन गिरगर चुटहिल हो रहे है। समस्याओं का निस्तारण करने के बजाए ग्राम प्रधान व सचिव कागजी कोरम पूरा कर उच्चाधिकारियों को गुमराह कर रहे है।

जिम्मेदारों की कमाऊ नीति से जहां विकास कार्य ठप हो गया है तो वहीं ग्रामीण नरकीय जीवन जीने पर मजबूर हैं। बहरहाल यदि उच्चाधिकारियों द्वारा तन्मयता से ग्राम सभा के विकास कार्यों की जांच कराई गई तो ग्राम प्रधान व सचिव के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की पोल खुलना तय है।

### क्या कहते है गांव के लोग

गांव में सफाई नहीं होती है। रास्ते में नालियों का गंदा पानी बहता है। शिकायत करने पर भी समस्या का निस्तारण नहीं किया जा रहा है।

मो0 इदरीश

गांव में काफी समस्या है। गंदगी होने के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। डेंगू मलेरिया आदि बीमारी का भी सताता रहता है।

शिव बरन सिंह

गांव में हमेशा गंदगी पसरी रहती है। जिम्मेदार कभी देखने भी नही आते हैं। सेक्रेटरी सिर्फ प्रधान के घर हाजिरी लगाकर चले जाते हैं। ग्रामीणों की कोई सुनने वाला नहीं है।

पीतांबर पाल

# सरस्वती बाल मंदिर में धूमधाम से मनाया बसंत पंचमी का पर्व

## मां सरस्वती की पूजा कर मांगा शिक्षा का वरदान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के सरस्वती बाल मंदिर स्कूल में विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती की बसंत पंचमी के पर्व पर धूमधाम से पूजा अर्चना की गई और शिक्षा का वरदान मांग कर बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

बसंत पंचमी के पर्व पर सरस्वती बाल मंदिर स्कूल में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश सिंह गौतम अपने सभी शिक्षकों एवं बच्चों के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना संपन्न की तथा समस्त जगत के कल्याण के कामना की। प्रधानाचार्य राजेश सिंह गौतम ने ने कहा कि अवसर देने से ही बच्चे खुद को साबित कर पाते हैं, हमारा स्कूल बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने के लिये समय समय पर अनेको प्रतियोगिताओं के साथ साथ अन्य कार्य करता रहता है और विद्यालय का यह प्रयास सफल भी रहता है। इस अवसर पर स्कूल के छात्र और छात्राएं और शिक्षक आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# आखिर आई अच्छी खबर

कतर में सजायाफ्ता भारतीय नौ सेना के पूर्व कर्मचारियों की रिहाई की खबर सुखद आश्चर्य की तरह आई है। बेशक इसे संभव करा पाना भारत सरकार की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता है। ये कर्मी कतर की एक नौवहन कंपनी में नौकरी करने गए। लेकिन उन्हें वहां इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पिछले साल कतर की एक अदालत ने उन्हें इस जुर्म में मौत की सजा सुना दी। लाजिमी है कि इस घटनाक्रम से भारतवासी आहत थे। उसके बाद संभवतः भारत सरकार ने इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। दिसंबर में जब संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई गए, तब वहां उनकी कतर के अमीर से मुलाकात हुई थी। समझा जाता है कि वहीं से इन कर्मियों की रिहाई की जमीन तैयार हुई। पहले कदम के तौर पर एक अपील अदालत ने कैदियों के मृत्युदंड को माफ कर दिया। अब अचानक यह खबर आई है कि आठ में सात कर्मी भारत पहुंच चुके हैं। उनके सकुशल यहां आ जाने के बाद भारत सरकार ने यह खबर सार्वजनिक की।बहरहाल, यह मामला कुछ सवाल हमारे सामने छोड़ गया है, जिन पर गंभीर चर्चा की जरूरत है। आज के तीखे ध्रुवीकरण के माहौल में एक बड़ा नुकसान यह है कि ऐसी बारीक चर्चा की गुंजाइश बेहद सिकुड़ी हुई है। इसके बीच ऐसी हर घटना को प्रधानमंत्री मोदी की कामयाबी या नाकामी से जोड़ दिया जाता है। यह घटना भी इसका अपवाद नहीं है। बहरहाल, इस मुद्दे पर अवश्य चर्चा होनी चाहिए कि क्या विदेश में जाकर किसी अपराध में शामिल होने वाले हर भारतीय को बचाना भारत सरकार का कर्त्तव्य है? या कोई व्यक्ति अपने कार्यों के लिए खुद जवाबदेह है? यह सवाल उस समय और महत्त्वपूर्ण हो गया है, जब भारत सरकार ने अन्य देशों के साथ समझौता करके अपने श्रमिकों को वहां भेजने की नीति अपना ली है। वैसे महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि क्या ऐसी नीति वाजिब है? क्या व्यक्तिगत रूप से कहीं आने-जाने की स्वतंत्रता और सरकारी नीति के तहत लोगों को कहीं भेजने की योजना में फर्क नहीं किया जाना चाहिए?




**मेष राशि**–आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशीप करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

**वृष राशि**–आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरुरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा।

**मिथुन राशि**–आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको बात करते समय अपनी भाषा पर नियंत्रण रखने की जरुरत है, अन्यथा कोई आपका विरोध कर सकता है।

**कर्क राशि**–आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आएगा।

**सिंह राशि**–आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। आज आपको वाहन चलाते समय खास सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**कन्या राशि**–आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाए रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज घर के कामों को करने के बाद हाउस वाईव्स फोन पर बातचीत करके अपना कुछ समय व्यतीत करेंगी।

**तुला राशि**–आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज आपको अपनी सेहत पर ध्यान देने की जरुरत है। आप अपने होशियारी और प्रभाव का उपयोग घरेलू मुद्दों को हल करने के लिए करेंगे।

**वृश्चिक राशि**–आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे। अगर आपको लगता है कि आप दुनिया की भीड़ में कहीं खो गए हैं, तो अपने लिए वक्त निकाले और अपने व्यक्तित्व का आकलन करें। पुराने मित्रों के साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी।

**धनु राशि**–आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखाएगा। किसी पार्क में परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान कैंसिल होने की संभावना है। पारिवारिक सुख-सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से संपर्क करेंगे। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों कों गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है। आप आज भक्तिमय रहेंगे, गौ सेवा करने का मन बनाएंगे। आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा, आज आपके सारे काम सफल रहेंगे।

**मकर राशि**–आज का दिन आपका बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जाएंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगो से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे। नया बिजनेस स्टार्ट करेंगे। आपके सगे संबंधियों से मेल-जोल बढ़ेगा। किसी नए काम को शुरू करने के लिए आज आप उत्साहित रहेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का फॉर्म भरने का मन बनाएंगे।

**कुंभ राशि**–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पाजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे। वह समय से पूरा हो जाएगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है। साथ ही अपने नजदीकी रिश्तों को सुधारने की कोशिश करेंगे, आपकों सफलता मिलेगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। संतान के करियर को लेकर आप थोड़े चिंतित रहेंगे, आप अपने संतान के करियर के लिए उसके गुरु से बातचीत कर सकते हैं। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है कहीं बाहर घूमने का प्लान बन सकता है।

**मीन राशि**–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं आपकी माता को खुशी होगी। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। इससे आपको कोई जरूरी बात पता चल सकती हैं। कुछ नए लोग आपकी बात से प्रभावित होकर आपसे बातचीत करना चाहेंगे।

# क्या किसान-आंदोलन अब देश की राजनीति का मुख्य कथानक बन चला है?



**अशोक भाटिया**

न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत अन्य मांगों को लेकर किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू हो चुका है। सोमवार को केंद्र सरकार से वार्ता विफल होने के बाद किसानों ने दी गई डेडलाइन क्रॉस होने के बाद मंगलवार को दिल्ली की ओर कूच करना शुरू किया। इस आंदोलन में 200 से अधिक किसान यूनियन शामिल हैं और इसका आह्वान संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने किया है।यह आंदोलन एक बार फिर से पुराने किसान आंदोलन की याद दिलाता है, जिसके तहत किसान दिल्ली की सीमाओं पर एक साल तक जमे रहे थे। इसके बाद केंद्र सरकार को तीन कृषि कानून वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा था, लेकिन इस आंदोलन और उस आंदोलन में एक बड़ा अंतर इन्हें लीड करने वालों का है। 2020 में हुए आंदोलन का नेतृत्व संयुक्त किसान मोर्चा और भारतीय किसान यूनियन ने किया था। इस बार ये दोनों ही संगठन इस आंदोलन से फिलहाल दूर हैं।आन्दोलन के आगाज़ के साथ दिल्ली-एनसीआर और आसपास के इलाकों में रहने लोग फिर से करीब तीन साल पहले वाली अव्यवस्था की कल्पना करके सहमे हुए हैं। क्योंकि केवल पंजाब हो नहीं देश के कई राज्यों से फिर से किसानों को दिल्ली कूच करने का आह्वान किया गया है। 16 फरवरी को राष्ट्रव्यापी बंद का भी एलान किया गया है। किसानों का आंदोलन और चुनाव अब एक विश्वव्यापी ट्रेंड बनकर उभरा है। यूरोप के देशों से लेकर अमेरिका तक में किसानों के आंदोलन और चुनाव का सीधा तालमेल देखा जा रहा है। ग्लोबलाइजेशन के युग में भारत भी इससे अछूता नहीं है।गौरतलब है कि 20-21 के किसान आंदोलन को भी मोदी सरकार को उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनावों के मुहाने पर आकर किसी तरह से समाप्त करवाने को मजबूर होना पड़ा था। अप्रैल-मई में देश आम चुनावों के लिए तैयार हो रहा है और यह केंद्र सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।किसान संगठन केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल केंद्र की मोदी सरकार चुनावी साल में इस संकट से उबरने के लिए दो मोर्चे पर काम कर रही है। एक तो केंद्र के वरिष्ठ मंत्रियों को तमाम किसान संगठनों से बातचीत में लगाया है। क्योंकि, सरकार मानकर चल रही है कि किसी भी समस्या का हल आखिरकार बातचीत से ही निकाला जा सकता है।तथ्य ये है कि किसान संगठनों को भी पता है कि लोकसभा चुनाव सामने है और मोदी सरकार पर प्रेशर बनाने के लिए इससे बेहतर मौका हो नहीं हो सकता। उत्तरप्रदेश और पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार के सामने क्या मजबूरी थी, उन्हें इसका अंदाजा लग चुका है।बताया जाता है कि दिल्ली कूच में जिन राज्यों के किसान शामिल होने वाले हैं, उनमें पंजाब, हरियाणा और उत्तरप्रदेश के किसान संगठन तो शामिल हैं ही, इस बार कर्नाटक से भी किसानों के दिल्ली पहुंचने की कोशिशें देखी जा रही हैं।मजेदार बात है कि ये किसान अयोध्या में राम लला के दर्शन के बहाने ट्रेनों के माध्यम से कूच कर रहे थे, लेकिन राज्य सरकार को भनक लग गई और उन्हें भोपाल में ही उतार




लिया गया। एमपी में बीजेपी की सरकार की इस कार्रवाई की प्रतिक्रिया सीधे कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की ओर से देखने को मिली।कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने किसानों को ट्रेनों से उतारे जाने की घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि उनके आंदोलन को दबाया नहीं जा सकता। वहीं दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार में मंत्री गोपाल राय ने भी मोदी सरकार को घेरने की कोशिश की।

उन्होंने कहा है कि सरकार किसानों के साथ जो बर्ताव कर रही है, वैसा अंग्रेजों ने भी नहीं किया। उनके मुताबिक किसानों की मांगें सही हैं और चुनाव आ चुके हैं और सरकार ने वादा करके उन्हें धोखा दिया है। किसान मजबूरी में यह कदम उठा रहे हैं।विरोधी दलों की सरकारों की इन प्रतिक्रियाओं को देखने के बाद मोदी सरकार को महसूस हो रहा है कि किसान आंदोलन तो एक बहाना है। यह सबकुछ चुनाव से पहले सरकार की छवि को नुकसान पहुंचाने की तैयारी की गई है।केंद्र सरकार को लगता है कि पिछली बार पंजाब की कांग्रेस सरकार ने किसानों को दिल्ली में डेरा डालने का मौका दिया था, वही अब मौजूदा राज्य सरकार कर रही है... ताकि चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी पर दबाव बनाया जा सके।मोदी सरकार को आश्चर्य है कि देश के आम किसान उसके खिलाफ कैसे हो सकते हैं। क्योंकि, उसे लगता है कि वह तो छोटे और सीमांत किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत हर साल 6,000 रुपए ट्रांसफर कर रही है और जिसकी अब अगले 5 साल के लिए गारंटी दी जा चुकी है। इस योजना के 11 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों को अबतक 2.80 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए जा चुके हैं।मोदी सरकार को यह भी लगता है कि गरीब, महिला, यूवा और किसान पर ही तो उसने फोकस रखा है फिर किसान इस तरह से किसानों के सड़कों पर उतरने के पीछे जरूर राजनीति है।चूँकि लोकसभा चुनाव अब बामुश्किल दो महीने दूर है। लिहाजा सियासी तड़का भी लग रहा है। देश पर सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस ने गारंटी कार्ड खेल दिया है- सत्ता में आए तो सबसे सबसे एमएसपी को कानूनी गारंटी देने का कानून लाएंगे। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को किसान आंदोलन में सियासी लाभ का मौका दिख रहा तो मोदी सरकार बातचीत के जरिए किसानों को मनाने और बात न बनने पर उन्हें दिल्ली पहुंचने से रोकने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है। किसान संगठनों की अपनी मांगें हैं लेकिन आंदोलन की टाइमिंग सवाल खड़े कर रही। चुनाव से पहले ही आंदोलन क्यों? क्या टाइमिंग की वजह से आंदोलन से सियासत की बू नहीं आ रही? वैसे जब भीड़तंत्र के आगे सरकारें सरेंडर करने लगेंगी तो आंदोलन के नाम पर अराजकता से सत्ता को झुकाने की कोशिशें तो होंगी ही।गौरतलब है कि किसानों के मसीहा कहे जाने वाले चौधरी चरण सिंह और महान कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को %भारत रत्न% से नवाजने को किसान समुदाय को साधने की कोशिश के रूप में ही देखा गया। वही किसान प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता वालीं 4 जातियों में से एक हैं। मोदी सरकार को डर है कि चुनाव से पहले दिल्ली में किसान आंदोलन उसके किए कराए पर पानी फेर सकता है और पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तरप्रदेश में उसे नुकसान उठाना पड़ सकता है।आंदोलनकारी किसानों की मांगों में भी इस बार बढोतरी हो गई है , जैसे कि एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए और इसके लिए कानून बनाया जाए। स्वामीनाथन कमिटी की सिफारिशों को लागू किया जाए। किसानों और कृषि मजदूरों को पेंशन दी जाए।

विश्व व्यापार संगठन से भारत निकल जाए। 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को फिर से लागू किया जाए। पिछली बार आंदोलन तीन कृषि कानूनों को वापस लेने को लेकर था। संसद से पास होने के बावजूद सरकार ने कृषि कानूनों को लागू करने को टाल दिया था फिर भी किसान आंदोलन पर अड़े रहे।सरकार किसानों के पिछली बार कि ज्यादतियों को भूली नहीं है ।

उस समय देश की राजधानी को आंदोलन के नाम पर तकरीबन एक साल तक बंधक बनाकर रखा गया था । सड़कों पर किसानों ने तंबू कनात तो टांग रखे ही थे, कुछ जगहों पर पक्के निर्माण तक कर दिए। स्थानीय लोगों को असुविधा होती रही। आधे घंटे की दूरी तय करने में तीन-तीन घंटे झेलने पड़ रहे थे। स्कूली बच्चों को दिक्कतें। आम लोगों को दिक्कतें। बीमार लोगों को दिक्कतें। हालत ये थी कि मेडिकल इमर्जेंसी की स्थिति में मरीज की जान जाने का जोखिम कई गुना बढ़ चुका था क्योंकि किसान सड़कें घेरकर आंदोलन कर रहे थे।हत्या, रेप, हिंसा।किसान आंदोलन के दौरान क्या-क्या नहीं हुआ। आंदोलन के नाम पर अराजकता का नंगा नाच दिखा। अक्टूबर 2021 में सिंघु बॉर्डर पर लखबीर सिंह नाम के शख्स की उस बेरहमी से हत्या की गई कि आईएसआईएस भी शर्मा जाए। पंजाब के तरनतारन के उस दलित युवक को मारकर शव को उल्टा लटका दिया गया था। मई 2021 में टिकरी बॉर्डर पर पश्चिम बंगाल से आई एक 25 वर्ष की युवती से कथित तौर पर रेप हुआ। बाद में पीड़ित की मौत हो गई। पीड़ित के पिता इंसाफ की गुहार लगाते रहे। आंदोलन के दौरान दिल्ली की सड़कों पर अराजकता का कैसा नंगा नाच हुआ उसका अंदाजा 26 जनवरी 2021 को लाल किला पर कथित आंदोलनकारियों की दंगाई हरकतों से समझा जा सकता है। ट्रैक्टर मार्च के नाम पर देश की राजधानी को गणतंत्र दिवस पर पंगु बनाने की कोशिश हुई। आंदोलन के नाम पर आगजनी, तोड़फोड़ और हिंसा की गई। सैकड़ों पुलिसकर्मी जख्मी हुए। इसीलिए सरकार इस बार ऐसे आन्दोलन को टालने के लिए शुरुआत से सक्रिय है। दूसरी तरफ दिल्ली की सीमाओं पर पिछली बार जैसी परिस्थितियां पैदा न होने पाएं, उसके लिए तमाम एहतियाती उपाय किए गए हैं। पड़ोसी राज्यों को दिल्ली से जोड़ने वाली तमाम सीमाओं, जैसे कि सिंघू, शंभू, टिकड़ी और गाजीपुर बॉर्डरों पर जोरदार बैरिकेडिंग की गई है। तंबू गाड़ने की इजाजत नहीं दी जा रही है।पिछली बार की गलतियों का समाधान खोजने की कोशिशें की गई हैं। दिल्ली में एक महीने के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है। हरियाणा सरकार ने भी इंटरनेट पर पाबंदी लगा रखी है। दिल्ली कूच करने की तैयारी में लगे किसान संगठनों पर पुख्ता नजर रखी जा रही है।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

# लोकतंत्र में नक्सलवाद और माओवाद गंभीर चुनौती

**अजय दीक्षित**

केन्द्र सरकार लगातार दावे करती रही। है कि नक्सलवाद और माओवाद जैसे चरमपंथी संगठनों को प्रभावहीन कर दिया गया है लेकिन छत्तीसगढ़ के वीजापुर जिले में वीते मंगलवार की घटना ने एकबार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि यहां इन संगठनों की जड़ें जमीं हुई हैं। यहां माओवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान तीन सुरक्षाकर्मी शहीद हो गये और 15 अन्य घायल हो गये। सुरक्षाकर्मियों की जवाबी कार्रवाई में 6 माओवादी भी मारेगये। यह मुठभेड़ बीजापुर और सुकमा जिले की सीमा पर स्थित टेकलगुडेम गांव के पास उस समय हुई जव कोवरा कमांडो की 201 बटालियन और सीआरपीएफ की 150 बटालियन का संयुक्त दल तलाशी अभियान चला रहा था। लोकतंत्र में नक्सलवाद और माओवाद जैसी हिंसक विचारधारा का कोई स्थान नहीं है। इसलिए केन्द्र की सरकार माओवाद से उत्पन्न गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिये प्रभावी कदम उठा रही है। अगर पिछले 10 वर्ष की घटनाओं को देखा जाये तो माओवादी घटनाओं मेंकाफी गिराबट आई है लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि इस पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया गया है। इस समस्या से निपटने के लिए सरकार ने दो तरह की रणनीति बनाई है। पहली, माओवादियोंके खिलाफ सघन अभियान चलाना और दूसरी, इससे प्रभावित इलाकों में द्रुत गति से विकास करना। अभी पिछले दिनों ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि देश अगले 3 साल में माओवाद और नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जायेगा। माओवाद और नक्सलवादी आन्दोलन के उभार के कारणों की पड़ताल करें तो यह तथ्य सामने आता है कि कम्युनिस्ट खेमे आदिवासियों के मन में यह भाव स्थापित करने में सफल रहे हैं कि उनका लगातार शोषण हो रहा है। उन्हें उनके जल, जंगल और जमीन से वंचित किया जा रहा है।

ऐसे में उनको इसका प्रतिरोध करना चाहिए। इस बात के आलोक में यह कहा जा सकता है कि जब तक आदिवासियों के मन से यह भाव समाप्त नहीं किया जायेगा तब तक नक्सल समस्या से पूरी तरह मुक्त नहीं हुआ जा सकता। इसलिए आदिवासी क्षेत्रों में केवल आर्थिक विकास ही जरूरी नहीं है, बल्कि इसके साथ-साथ सांस्कृतिक विकास भी आवश्यक है। नक्सल समस्या का सम्बन्ध आदिवासियों की अस्मिता से भी जुड़ा हुआ है।

उन्हें यह महसूस होना चाहिये कि लोकतंत्र में उनकी अस्मिता का सम्मान हो रहा है, और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और आदिवासी समाज के लिए हितकारी है ।

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## वासंती बसंत

आए प्रकृति का यौवन ऋतुराज वसंत,
गुनगुनी धूप पर आकर्षित होने लगे संत,
वासंती वसंत पर मोहित हुए तरुण वात,
मंजरियों से लदा आम्र तरु का हिले गात।
रंग-बिरंगे सुमन खिले प्रकृति उपवन में,
अंबर से स्वर्ग उतरे धरा के निर्जन वन में,
नव पल्लव से छाई सर्वत्र अनुपम छटा,
माँ शारदे आगमन से अज्ञान का तम हटा।
पीतांबर में हाथ पीले करने को बैठी धरा,
सरसों का खेत अपने ही सौंदर्य पर मरा,
भँवरे उन्मुक्त होकर भरने लगे स्व उड़ान,
भास्कर तेज पीत वातायन का छेड़े गान।
नई उमंग नव स्वप्न संग नदियाँ हँसने लगी,
चहुँओर बसंती बयार इतराके बहने लगी,
मस्ती मे फागुन आया गाते गीत मल्हार,
वासंती वसंत में छाई सर्वत्र बहार ही बहार।

**मनोरमा शर्मा मनु**
**हैदराबाद, तेलंगाना**



## माँ शारदे आप कहाँ वीणा बजा रही हो

वाग्देवी वागेश्वरी वागीश्वरी,माँ तू ही है ज्ञानदा,
ज्ञान की देवी महासरस्वती, माँ तू ही है शारदा।
मधुर -मधुर मुस्कान लिए, मुस्काती माँ भारती,
दीप -धूप थाल लिए, देवगण नित उतारे आरती।
रूप अति मनमोहिनी महाश्वेता श्वेतांबर धारी,
ज्ञान की सम्पति सदा सर्वश्रेष्ठ, जन-जन है बलिहारी।
हंसवाहिनी हंस पर बैठी, वीणा कहाँ बजा रही,
शिक्षा साहित्य कला की, अद्भुत सभा सजा रही।
रूप अनेक एक परब्रह्म, तू ही माँ भगवती है,
बुद्धि बैठ प्रबुद्ध जनों की, देती तू ही सद्गति है।
काम क्रोध राग द्वेष मोह दर्प का, माँ तत्क्षण नाश करो,
सदा विनती विनीत भाव से, तनिक मेरा भी ध्यान धरो।
अवनी-अम्बर-सी विराट तू , ज्ञानियों में अंश तुम्हारा है,
दया दृष्टि की करो भवानी, तुझ बिन कौन हमारा है।
अबोध अज्ञानी असहाय ÷सिम्मी÷,
माँ सिर पर रख दो हाथ,
अज्ञान दलदल से निकले हम, न छूटे करुणामयी का साथ।
बसंतपंचमी का पावन पर्व, प्रकृति का सम्मान है,
जिस हिय पूजी जाती शारदे, मनुज वह महान है।

**सुमित्रा साहू सिम्मी**
**खपरी छिंदभोग छत्तीसगढ़**



## वेलेंटाइन डे

ये वेलेंटाइन डे क्या हैं ? ये वेलेंटाइन डे।
जब पति-पत्नी आपस में मिलजुल कर,
जीवन के सुख-दुख सांझा करते हैं।
जीवन में कदम से कदम मिलाकर
आगे बढ़ते हैं।
तो समझिए हो गया %वेलेंटाइन डे%।
जब दर्द पत्नी को होता हैं और
आंसू पति की आंखो में होते हैं
जब पति परेशानी में होता हैं और
पत्नी उस पल उसकी ताकत बनती हैं
तो समझिए हो गया %वेलेंटाइन डे%
जब बच्चों के संग मिलजुल कर,
माता-पिता साथ बैठकर खाना खाते हैं
खाते-खाते अपने-अपने विचार साझा करते है
तो समझिए हो गया %वेलेंटाइन डे%
नए जमाने के बच्चों के संग,
हम जिंदगी में ताल-मेल मिलाते हुए
खुशहाल जिंदगी बिताने में सक्षम हो जाते हैं
तो समझिए हो गया %वेलेंटाइन डे%
जब बच्चे सही रास्ते पर चलते-चलते,
अपनी मंजिल पा लेते हैं
जिन्हें ये खुशी नसीब होती हैं
तो समझिए हो गया उनका %वेलेंटाइन डे%
जब आपके जिंदगी की सांझ होती हैं
आपके बच्चे आपकी शुगर, बीपी के लिए,
फिक्र मंद नजर आते हैं
वे दूर रहकर भी आपके दिल के करीब होते हैं
जिन्हें ये हमदर्दी नसीब होती हैं
तो समझिए हो गया %वेलेंटाइन डे%
जो माता-पिता अंतिम सांस तक,
वृद्धाश्रम की देहरी नहीं लांघते हैं
जिन्हें बच्चों से यह सौगात नसीब होती हैं
तो समझिए हो गया %वेलेंटाइन डे%

**मंजू अशोक राजाभोज**
**भंडारा (महाराष्ट्र)**



## भारत की बेटियां

हौसलों की उड़ान हैं
ये भारत की बेटियां
आसमान को छू लें
पाताल को नाप लें
आत्म विश्वास से भरी हैं
हर क्षेत्र में अव्वल हैं
अंतरिक्ष को भेद दें
रण में देश की रक्षा करें
विश्व पटल पर खेलों में
देशे का तिरंगा फहराएं
आन बान और शान हैं
इनसे भारत का मान है।
घर बाहर सिंचित करतीं
ममता की मिसाल हैं
भविष्य की धरोहर हैं
भविष्य की पालनहार हैं।
परिवार का संबल हैं
समाज की कर्णधार हैं
देश की रक्षा की खातिर
जीवन भी बलिदान है
गर्व हमें इस माटी पर है
जिसमें जन्मी बेटी भारत की
हर कर्म में महान हैं
इसलिए वो हर सम्मान की हकदार हैं।

**अंजली सारस्वत शर्मा**
**लखनऊ उत्तर प्रदेश भारत**



## वैलेंटाइन डे (अंध प्रतिस्पर्धा)

हमें जब मिली थी आज़ादी
ख़ुशियों की लग गई थी चाभी।
चारों ओर हुआ था शंखनाद
मस्ती में झूम रहे थे दिन रात
कुछ दिन का ही जोश था
फिर नहीं कोई होश था।
ग़ुलाम बन चुके थे मन से
सिर्फ़ फ़ैशन की आड़ में
करना कुछ ओर था।
जो स्वपन देखा था सच्ची आज़ादी का
वो तो हवा हो गया।
लोगों के मन में व्यभिचार
दुर्व्यवहार ओर निज लोलुपता का वास हो गया।
नहीं थे भगत सिंग,ना थे सुभाष चंद्र बोस,ना थे वो असंख्य सेनानी जिन्होंने
देश के नाम पर दी थी क़ुर्बानी।
देख के देश का हाल उनका भी सीना फट गया होता आज।
मद की अंधता में डूब कर
स्वाभिमान को तज कर
हो गए हैं फिर से ग़ुलाम
भेड़चाल चल रहे,
नहीं खड़े करते कोई सवाल
मूक बधिर बन कर,
भारत की कर रहे है,दुर्दशा हज़ार।
नहीं आएँगे भारतेंदु अब,ना आएँगे प्रेमचंद आज
खुद की ही खुद से बनना है मिसाल।
जो स्वपन देखा था धरा ने एक साथ
उसे मिलकर अब पूर्ण करना है
मन में है यही एक आस।
अंध दौड़ में शामिल हो अपनी लाज गवाई,
फूहड़ता, अश्लीलता को कितना मान दिलाया।
नहीं है ये देश की संस्कृति
ना ही है ये संस्कार समाज के।
सिर्फ़ मनोरंजन हेतु अनैतिकता को बढ़ावा क्यूँ।
लाज शर्म सब तरजीह रख
सिर्फ़ एक दिखावा क्यूँ।

**अर्चना मिश्रा**
**दिल्ली**



## सरस्वती वंदना

हे शारदे मां
हे शारदे मां
भव तार दे मां
भव तार दे मां
तू ज्ञान देती ,
तम हर है लेती।
जगाकर उजाला
है उल्लास देती।
हे शारदे मां
भव तार दे मां।।
कर में है वीणा
हंसवाहिनी है।
ब्रह्मा प्रिया तू
जग की जननी है।
सातों सुरों में
नव सुर वर दे मां
हे शारदे मां
भव तार दे मां।।
नव लय, नव गति से
कुमति हर, हर नर की।
वाणी की देवी
विवेक ज्ञान दे मां।
हे शारदे मां
भव तार दे मां।।

**क्षमा पाण्डेय**
**जौनपुर उत्तर प्रदेश**



# मोदी और योगी की नीतियों से प्रभावित होकर विधानसभा सदर के सैकड़ो लोगों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

## भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुआ सदर विधानसभा मिलन समारोह




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** भाजपा पार्टी कार्यालय प्रतापगढ़ पर आयोजित हुआ सदर विधानसभा मिलन समारोह जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल,सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, लोकसभा प्रभारी सुशील उपाध्याय, लोकसभा संयोजक राय साहब सिंह एवं चुनाव जॉइनिंग कमेटी के संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष के के सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलित करके समारोह की शुरुआत की।जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों और आदर्शो पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाला सूत्र है--भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने का संकल्प; और साथ ही यह आत्मविश्वास कि अपने पुरुषार्थ से हम इन्हें प्राप्त करेंगे।भाजपा की विचारधारा को एक पंक्ति में कहना हो तो वह है 'भारत माता की जय'। भारत का अर्थ है 'अपना देश'। देश जो हिमालय से कन्याकुमारी तक फैला है और जिसे प्रकृति ने एक अखंड भूभाग के रूप में हमें दिया है। यह हमारी माता है और हम सभी भारतवासी उसकी संतान हैं। भारत माता कहने से एक भूमि और एक जन के साथ हमारी एक संस्कृति का भी ध्यान बना रहता है। इस माता की जय में हमारा संकल्प घोषित होता है और परम वैभव में है मां की सभी संतानों का सुख और अपनी संस्कृति के आधार पर विश्व में शांति व सौख्य की स्थापना। यही है 'भारत माता की जय'।

जब से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की है तब से संपूर्ण विश्व में हमारे भारत वर्ष का डंका बज रहा है और ज्यादा से ज्यादा लोग हमारे संगठन में शामिल होना चाह रहे हैं, इसी क्रम में आज आप सभी लोग यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा परिवार में सम्मिलित हो रहे हैं इसके लिए मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। आप सभी से अपेक्षा है कि माननीय प्रधानमंत्री जी के संकल्प अबकी बार 400 पार और उत्तर प्रदेश में 80 में 80 को पूरा करेंगे।मुख्य अतिथि जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल ने बताया कि भाजपा के अनुसार एकात्म मानववाद हमारा मूल दर्शन है।हमारा मानना है कि समाज और राज्य सबकी चिन्ता करेंगे। दीनदयाल जी मनुष्य की मूल आवश्यकताओं में रोटी, कपड़ा और मकान के साथ शिक्षा और रोज़गार को भी जोड़ते थे। आर्थिक विषमताओं की बढ़ती खाई को पाटा जाना चाहिए। अशिक्षा, कुपोषण और बेरोज़गारी से एक बड़ा युद्ध लड़कर ''सर्वे भवन्तु सुखिनः'' का आदर्श प्राप्त करना हमारी मौलिक निष्ठा है। हमारे गांधीवादी दृष्टिकोण ने यह सिखाया है कि इसके लिए हमें विचार या तंत्र बाहर से आयात करने की ज़रूरत नहीं है। अपने सांस्कृतिक मूल्यों के आधार पर अपनी बुद्धि, प्रतिभा और पुरुषार्थ से हम इसे पा सकते हैं।संस्कृत में एक और मंत्र है- 'वादे वादे जयते तत्त्व बोधः' । इसका अर्थ है चर्चा से हम ठीक तत्त्व तक पहुँच जाते हैं। चर्चा से सत्य तक पहुंचने का यह मंत्र भारत में लोकतंत्रीय स्वभाव बनाता है। इन दोनों मन्त्रों ने भारत में लोकतंत्र का स्वरूप गढा-निखारा है। भारतीय समाज ने इसी लोकतंत्र का स्वभाव ग्रहण किया है।

लोकतंत्र भारतीय समाज के अनुरूप व्यवस्था है।भाजपा ने अपने दल के अंदर भी लोकतंत्रीय व्यवस्था को मजबूती से अपनाया है। भाजपा संभवतः अकेला ऐसा राजनीतिक दल है, जो हर तीसरे साल स्थानीय समिति से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक के नियमित चुनाव कराता है। यही वजह है कि चाय बेचने वाला युवक देश का प्रधानमंत्री बना है और इसी तरह सभी प्रतिभावान लोगों का पार्टी के अलग-अलग स्तरों से लेकर चोटी तक पहुंचना संभव होता रहा है। मैं सभी प्रबुद्ध जनों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आग्रह करता हूं कि आप सभी आज से अपने सामर्थ्य के अनुसार मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेते हुए अपने कार्य में लग जाए।जॉइनिंग कमेटी के संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष के के सिंह, सदस्य जिला महामंत्री राजेश सिंह व पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी की त्रिस्तरीय समिति ने आज कांग्रेस पार्टी छोड़ कर आए पूर्व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघ प्रतापगढ़ राम चंद्र सिंह और उनके सैकड़ों शिक्षक साथियों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई, प्रमुख व्यवसाई सुनील मौर्य व उनके 25 साथियों को सदस्यता ग्रहण कराई, युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण सिंह और 6 बार की सभासद छाया श्रीवास्तव की आज भाजपा परिवार में वापसी करवाई। इस क्रम में आज श्री छोटेलाल सिंह,श्री उमाकान्त त्रिपाठी,श्री राम निरंजन सिंह,श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह,श्री विनय कुमार सिंह,श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, अंजर खान एन जी संचालक,सविंदर बग्गा,वैभव श्रीवास्तव,अभिषेक सिंह,माधुरी सिंह,श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह,श्री राम कुमार तिवारी,श्री सुरेन्द्र नाथ मिश्र,श्री आद्या प्रसाद राय,श्री उदयभान सिंह,श्री पारस नाथ मिश्र,श्री आशुतोश कुमार पाण्डेय,श्री राजेन्द्र बहादुर सिंह,श्री तेज बहादुर सिंह,श्री नवीन कुमार दूबे,सहित सैकड़ों शिक्षक/व्यवसाई शामिल हुए।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश सिंह ने किया। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण पांडेय गुरु जी, रवि गुप्ता, रजत सक्सेना, विक्रम, अभय, अनुराग आदि लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी ने दी।

# प्रखर राष्ट्रभक्ति का आधार है रामभक्ति





लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** अयोध्या में भगवान श्रीराम मन्दिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा से पूरा राष्ट्र इस समय राममय है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ के बौद्धिक शिक्षण विभाग द्वारा तुलसी सदन में ÷रामभक्ति से राष्ट्रभक्ति÷ विषय पर संगोष्ठी सम्पन्न हुई। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रान्त के प्रान्त प्रचारक रमेश जी रहे। प्रांत प्रचारक रमेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम भारत राष्ट्र की आत्मा है। राम भारतीय सांस्कृतिक चेतना के आधार स्तम्भ है।वह समस्त आदर्शो एवं मूल्यों के आधार हैं।इसी कारण वह मर्यादा पुरुषोत्तम हैं।राम का 'रा' राष्ट्र का 'म' मर्यादा का बोधक है। राष्ट्र और धर्म की तरफ़ जब- जब आसुरी शक्तियों का आघात हुआ, प्रजा और संतों पर संकट आया, तब तब श्री राम ने उनका त्राण किया है। श्री राम परम मुक्ति के नियंता हैं। आज कलियुग में उनका नाम परम आनन्द एवं मुक्ति का साधन है।उन्होंने युवाओं को श्री राम के द्वारा समाज एवं राष्ट्र के लिये स्थापित उच्च आदर्शों एवं मानदण्डों को अपना कर राष्ट्र और धर्म की सेवा के लिए संकल्पित होने का आहवान किया। राम और राष्ट्र एक हैं 7रामभक्ति,राष्ट्रभक्ति का परिचायक है7 प्रभु श्री राम ने स्वयं कहा है जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है 7प्रांत प्रचारक रमेश ने शताब्दी वर्ष के पंचप्रण पर भी विस्तार से चर्चा की 7आरंभ में विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ सौरभ पांडेय ने विषय प्रवर्तन किया 7कार्यक्रम का संचालन डॉ रंगनाथ शुक्ल ने किया।कार्यक्रम के पूर्व श्री राम और राष्ट्र विषयक एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी संस्कार भारती प्रतापगढ़ द्वारा अध्यक्ष शिशिर खरे के संयोजन में किया गया7 कार्यक्रम के आरंभ में दीप प्रज्ज्वलन,स्वस्ति वाचन के साथ ही प्रांत प्रचारक रमेश, जिला संघचालक चिंतामणि, गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रबंधक सरदार मंजीत सिंह और ज्योतिषाचार्य आलोक मिश्र को अंगवस्त्रम,भगवान श्री राम का चित्र देकर अभिनंदन किया गया 7जिसमें विजेता विद्यार्थियों को प्रान्त प्रचारक रमेश जी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक प्रवेश जी, ज़िला संघचालक चिन्तामणि जी, सांसद,जिलाध्यक्ष भाजपा आशीष श्रीवास्तव, हरिओम मिश्र, ओम प्रकाश त्रिपाठी, शिवाकान्त ओझा, अनिल प्रताप सिंह, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, शिव शंकर सिंह, जिला प्रचारक शिव प्रसाद, नगर प्रचारक आलोक, राजनारायण सिंह, विजय सिंह, शिवानी मातनहेलिया, देव, रमेश पटेल,नीतेश खण्डेलवाल, दिनेश अग्रहरि, संजीव आहूजा, रतन जैन, शरद केसरवानी आदि उपस्थित रहे प्रांत प्रचारक रमेश ने शताब्दी वर्ष के पंचप्रण सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व का जागरण और नागरिक अनुशासन की विस्तार से चर्चा की 7 उन्होंने कहा कि कुटुंब की रक्षा हेतु श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए

## देशी बम के साथ धराया आरोपी, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान संदिग्ध को दबोचते हुए उसके पास से पांच देशी बम बरामद करने में सफलता ली है। थाने के दरोगा सचिन कुमार मंगलवार की रात फोर्स के साथ गश्त कर रहे थे । इस बीच अठेहा तिराहे पर पुलिस को मुखबिरी सूचना हुई कि कटरिया नहर पुलिया के पास एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। आननफानन में मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे दबोचा तो पकडे गये आरोपी सांगीपुर थाना के देउम पश्चिम निवासी साहब लाल का पुत्र विकास रजक देशी बम के साथ धराया।

# आशापुर अठगवा गाँव मे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ भव्य आयोजन



**सौ मरीजो का किया गया निःशुल्क इलाज और दी गई दवाए**

**किसी भी बीमारी को हल्के में न ले समय से कराए इलाज- डा.एम.पी. सिंह**

**मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नही- जिलाध्यक्ष रंजन त्रिपाठी**

**आयोजक रंजन त्रिपाठी के अच्छे कार्य की सभी कर रहे प्रशंसा**

लोकमित्र ब्यूरो

**बीरापुर** -पट्टी तहसील क्षेत्र के आशापुर अठगवा गांव मे अभिषेक मेडिकल एजेंसी उड़ैयाडीह के सौजन्य से निशुल्क चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान 100 मरीजो का परीक्षण कर निःशुल्क इलाज किया गया और दवा वितरण किया गया। इस दौरान दोपहर से शाम तक मरीजों की भारी भीड़ लगी रही। इस अवसर पर डा.एम.पी. सिंह फिजीशियन पेट रोग एवं श्वास रोग विशेषज्ञ ने कहा कि पेट रोग श्वास रोग बुखार खासी किसी भी रोग को हल्के मे न ले समय से इलाज कराये। क्यों कि समय से इलाज न कराने पर छोटी सी बीमारी भी जानलेवा साबित हो सकती है। चिकित्सा शिविर के आयोजक ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला ध्यक्ष रंजन त्रिपाठी ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होती है। गरीब असहाय बेसहारा की सेवा करना पुण्य का कार्य है। मेरा प्रयास क्षेत्र के गरीब असहाय लोगों की सेवा के लिए क्षेत्र में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों की सेवा करना है। और जिस लायक रहूंगा लोगों की सदैव सेवा करता रहूंगा। रंजन त्रिपाठी के सराहनीय कार्य की सभी तहे दिल से प्रशंसा कर रहे हैं।

चिकित्सा शिविर में प्रमुख रूप से रंजन त्रिपाठी, रज्जन तिवारी, महाजन पांडेय, नीलेश कुमार, शिव अचल सिंह, डा.अमर सिंह, जसवंत सिंह, राम सिंह, चंद्रशेखर सिंह, वरुण सिंह, शत्रुघ्न, राम शिरोमणि, राजेंद्र यादव, समाजसेवी,बुद्धिजीवी, क्षेत्रीयजन सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# राहुल गांधी की न्याय यात्रा प्रतापगढ़ में पहुंचेगी 19 को

## जन नेता का होगा जगह-जगह भव्य स्वागत



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की न्याय यात्रा जनपद प्रतापगढ़ में 19 फरवरी को पहुंचेगी न्याय यात्रा का नेतृत्व कर रहे सांसद राहुल गांधी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जनपद की सीमा में जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा । कांग्रेस द्वारा स्वागत किए जाने हेतु जगह-जगह पर स्थल का चयन किया गया है ,जहां पर कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता राहुल गांधी की यात्रा का स्वागत करेंगे । स्वागत कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता सदस्य राज्यसभा प्रमोद तिवारी ने आज प्रेस वार्ता में बताया कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा प्रयागराज से चलकर प्रतापगढ़ की सीमा देल्हूपुर में प्रातः 8:00 बजे पहुंचेगी जहां पर पूर्व जिला अध्यक्ष पीसीसी सदस्य बृजेंद्र कुमार मिश्रा और पूर्व प्रत्याशी मौलाना वाहीद के नेतृत्व में न्याय यात्रा का स्वागत किया जाएगा , उसके बाद विश्वनाथगंज बाजार राजगढ़ भोपिया मऊ ,कुसमी ,देवकली मोड ,भगवा चुंगी चौराहा ,निर्मल पैलेस तिराहा , से गुरु गोविंद सिंह तिराहा होते हुए बाबागंज ,चौक घंटाघर ,फल मंडी गेट, श्रीराम चौराहा ,जीआईसी पलटन बाजार ,राजा पाल चौराहा पर यात्रा का कांग्रेस जन स्वागत करेंगे ।इसी क्रम में पुलिस लाइन में रोहित शुक्ला अध्यक्ष जूनियर बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं द्वारा एवं अंबेडकर चौराहे पर जिला कांग्रेस कमेटी सहित अन्य कांग्रेस संगठन द्वारा स्वागत किया जाएगा ।

मीरा भवन चौराहा बस स्टेशन होते हुए सिटी प्रतापगढ़, सुखपाल नगर ,मोहनगंज ,अजगरा रानीगंज ,लीलापुर ,सगरा सुंदरपुर यात्रा पहुंचेगी , जहां से सांगीपुर अठेहा होते हुए अमेठी के लिए रवाना होगी ।जनपद में न्याय यात्रा की स्वागत का अंतिम गांव देवरी होगा ।र जनपद में राहुल गांधी की कोई जनसभा नहीं होगी । केवल उनके द्वारा जनसंपर्क किया जाएगा । प्रमोद तिवारी ने बताया कि जनपद अमेठी में राहुल गांधी की जनसभा का आयोजन किया गया है । यात्रा का स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से प्रशांत सिंह प्रिंशू, सूर्य प्रकाश शुक्ला ,वेद कुमार तिवारी ,मनीष सिंह ,जावेद अहमद ,कमलेश पांडे ,मुशीर अहमद ,ताहिर अहमद ,राजेश कुमार मिश्रा ,बृजेश मिश्रा ,मोहम्मद वसीम ,राधेश्याम ,डॉक्टर नीरज तिवारी पूर्व सदस्य पूर्व सदस्य प्रत्याशी ,प्रशांत देव शुक्ला, मोहम्मद दानिश ,राम लौट यादव ,विवेक पांडे ,सलीमुद्दीन ,इरफान अली ,इश्तियाक खान ,सुशील कुमार तिवारी उर्फ सुधीर राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के साथी गण, सरोज कश्यप रोहित शुक्ला अध्यक्ष जूनियर बार एसोसिएशन ,मकरंदशुक्ला अध्यक्ष भाजपा प्रकोष्ठ ,विश्वजीत मिश्रा ,शिवम मिश्रा ,शिव प्रसाद तिवारी ,रियाज अहमद ,वरुण पांडे ,योगेश यादव ,संदीप तिवारी ,इम्तियाज अहमद, संगम पांडे का नाम स्वागत करने वालों में शामिल है।

### न्यूनतम मूल्य दिलाने के लिए कांग्रेस किसान आंदोलन को देगी समर्थन - प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़ ।** राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता सदस्य राज्यसभा प्रमोद तिवारी ने आज प्रेस वार्ता में बताया कि कांग्रेस पार्टी किसानों के मांग के समर्थन में साथ खड़ी है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों पर अन्याय और अत्याचार कर रही है, उपज का न्यूनतम मूल्य नहीं दिया जा रहा है,उन्होंने कहा कि सरकार किसानों पर गोली गोली न चलाएं नहीं तो किसान हड़ताल कर देगा तो देश नहीं चलेगा ।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों की नीतियों के खिलाफ जैसे कांग्रेस ने अंग्रेजों से मोर्चा लिया था और पंडित नेहरू जी ने किसानों के समर्थन में जनपद के रोर गांव से किसान यात्रा निकाली थी उसी तरह से भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ और जनता को बांटो और राज करो की नीति के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश में न्याय यात्रा निकालकर लोगों को जागरूक करने का काम किया है ।इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ लाल जी त्रिपाठी , पूर्व प्रदेश महासचिव वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्याम किशोर शुक्ला ,नगर अध्यक्ष इरफान अली, पीसीसी सदस्य प्रशांत देव शुक्ला ,विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष मकरंद शुक्ला, सेवा दल अध्यक्ष महेंद्र कुमार शुक्ला ,शिवम मिश्रा ज्योति तिवारी आदि नेता मौजूद थे।

# पेन बैंक ने बांटा उपहार, छाई खुशियां



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जरूरतमंद छात्रों के लिए भंगवा में संचालित बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के फ्री स्टडी सेंटर पर बसंत पंचमी का पूजन और वंदन धूमधाम से हुआ। छात्रा मुस्कान विश्वकर्मा ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। स्मिता, प्रिया, लाजू, रिया, साक्षी, सलोनी, मानसी, नैंसी, सिमरन और प्रिंस समेत कई छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर बेहतर प्रस्तुति देने वाले विजताओं को पेन बैंक की तरफ से उपहार में पेन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन टीचर दामिनी ने किया। प्रिंसिपल शनि सरोज ने बसंत पंचमी पर्व पर प्रकाश डाला।


## आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

9839665450
7007509037


# 'भारती भर दो धरा पर ज्ञान की अभिव्यंजना'

## बसंत पंचमी पर संगीतज्ञ शिवानी मातनहेलिया के तत्वावधान में सरस्वती पूजन और बसंतोत्सव का आयोजन





लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** यश भारती से सम्मानित संगीतज्ञ डॉ. शिवानी मातनहेलिया के तत्वावधान में उनके आवास पर वीणावादिनी मां सरस्वती के पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। बसंत पंचमी पर आयोजित इस कार्यक्रम में दूर-दूर से पहुंचे संगीत साधकों ने वाग्देवी की आराधना में न सिर्फ सुरों की सरिता बहाई बल्कि बसंतोत्सव का भी आनंद लिया।प्रत्येक वर्ष बसंत पंचमी पर आयोजित होने वाला प्रतापगढ़ का यह एक ऐसा अनोखा कार्यक्रम है जिसमें सभी जाति और धर्म के लोग सहभागिता निभाते हैं। आज बुधवार को भी कुछ ऐसा ही नजारा दिखा। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि लगभग समूचे जिले से पहुंचे संगीतज्ञ भगवती मां सरस्वती की आराधना में तल्लीन थे। कार्यक्रम की शुरुआत % जय जय हे भगवति सुर भारति तव चरणौ प्रणमामः% से हुई। राग बसंत पर आधारित इस आराधना गीत को स्वयं डॉ शिवानी मातनहेलिया ने सहयोगियों के साथ प्रस्तुत किया। इसी प्रकार % आओ मेरे कंठ विराजो, कंठ विराजो,% राग मालकौंस पर आधारित % भारती भर दो धरा पर ज्ञान की अभियंजना,% राग भूपाली और ताल कहरवा पर आधारित महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की सुप्रसिद्ध सरस्वती वंदना %वर दे, वर दे, वर दे, वीणावादिनी वर दे.... % प्रस्तुत कर डॉ मातनहेलिया और उनके सहयोगियों ने लोगों को सुर सरिता में डुबो दिया। कार्यक्रम में डॉ. मातनहेलिया ने राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम और बसंती छटा बिखेरती अवधी लोकगीत की भी शानदार प्रस्तुति दी। तबले पर संगत विकास कुमार की रही जबकि पैड पर प्रीतमदास बनौधा और की-बोर्ड पर ऋषभकुमार ने साथ दिया। कार्यक्रम का समापन सरस्वती चालीसा और मां की आरती से हुआ।इससे पहले विधि विधान से मां सरस्वती का पूजन हुआ। डॉ. मातनहेलिया, सहयोगियों और तमाम अतिथियों ने भी मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर भगवान श्री राम के अनन्य भक्त सियाराम उमरवैश्य, सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा, सरदार मंजीत सिंह गोविंद, कवि राजमूर्ति सिंह सौरभ, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ओम प्रकाश त्रिपाठी, कवि श्यामशंकर शुक्ल, कवि नागेंद्र अनुज, डॉ. पीयूषकांत शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र मिश्र, सुल्तानपुर से आए सरदार गगनदीप सिंह आदि ने कलाकारों को शुभकामना देते हुए विश्व कल्याण की कामना की। सदर विधायक राजेद्र मौर्य, भाजपा के जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्य में लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

# भाजपा नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, ब्लाक प्रमुख ने कि आर्थिक मदद



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** के मगरौरा ब्लाक के सड़क दुर्घटना में घायल लौली गांव निवासी इन्द्रदेव पांडेय 60 का इलाज के दौरान निधन हो गया था। जानकारी होने पर बुधवार दोपहर उनके घर पंहुचे जिला सहकारी बैंक बैंक के अध्यक्ष /ब्लाक प्रमुख मंगरौरा राजीव प्रताप सिंह उर्फ नंदन ने शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मृतक भाजपा नेता के बेटे से मिलकर आर्थिक सहयोग राशि देते हुए कहा कि मैं आपके परिवार के हर दुःख सुख में साथ रहूंगा। परिवार को एक पशु शेड, विधवा पेंशन तत्काल मुहैया कराने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी को आदेश दिया। प्रमुख ने कहा कि मैं इन्द्रदेव पांडेय के परिवार के साथ हर दुःख सुख में साथ दूँगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विद्या सागर शुक्ल , द्वारिका प्रसाद धीर जी, सुनील पांडेय, महेंद्र पांडेय, श्री प्रकाश दुबे, विशाल सिंह, सिद्धांत तिवारी, हिमांशु पाठक, सत्य विजय सिंह, राम अभिलाष तिवारी, पंकज तिवारी, राम विशाल पाठक,रायसाहब सिंह, प्रदीप सिंह, अजीत यादव, अखिलेश शुक्ला, दुर्गेश,राजू सिंह,आदि उपस्थित रहे।

# पूतना के वध से हर्षित हुए देव-मनुष्य - पंडित आलोक

## चौसा मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा सुनने के लिए जुट रही श्रोताओं की भीड़



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा** – चौसा गाँव में चल रही सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार को कथा वाचक पंडित आलोक मिश्र साहित्यआचार्य ने पूतना वध का प्रसंग सुना कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कृष्ण जन्म के बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए व्यास ने कहा कि जब माया रूपी देवकी की कन्या ने आकाश में जाकर यह भविष्यवाणी की कि कंस तेरा काल गोकुल में जन्म ले चुका है। तभी से कंस के रातों की नींद और दिन का चैन छिन गया था, वह शोक में व्याकुल होने लगा। अपने राजा की इस परिस्थिति को देख उसके कपटी मंत्रियों ने गोकुल में जन्म लेने वाले हर बालक के वध करने का प्रस्ताव उसके सामने रखा। गोकुल पर चढ़ाई करने से विद्रोह की आशंका से कंस ने पूतना नाम की राक्षसी को अपने दरबार में बुलाया तथा उससे नंद के यहां जन्मे बालक को मारने का आदेश सुनाया। जिस पर पूतना एक सुंदर स्त्री का रूप बना कर नंद बाबा के यहां पहुंच गयी तथा पालने में खिलखिलाकर हंस रहे बाल रूप श्रीकृष्ण को निहारने लगी। पालने के पास किसी को न देख उसने झट से श्रीकृष्ण को उठा लिया और अपने स्तन में लगे कालकूट नामक विष का उन्हें पान कराने लगी। भगवान ने पहले तो विष पिया फिर उसका दूध पिया और उसके बाद प्राणों की भी पीने लगे जिस पर वह तड़पने लगी। वह श्रीकृष्ण को लेकर तुरंत आकाश में उड़ गयी तथा अपने असली वेष में आ गयी। कुछ ही देर में भगवान ने उसके प्राण हर लिये तथा वह नंद गांव से कुछ ही दूरी पर स्थित एक जंगल में गिर पड़ी। इधर महल से नंदलाल के गायब होने की खबर नगर में फैली तो हाहाकार मच गया। मां यशोदा अचेत हो गयी । नंद बाबा भी परेशान हो उठे, इतने में किसी ग्वाल ने सूचना दी कि गांव के बाहर एक विशालकाय राक्षसी मरी पड़ी है। सभी नगर वासी वहां पहुंचे तो देखा कि श्रीकृष्ण उसके शरीर पर अठखेलियां कर रहे हैं । किसी तरह से लोगों ने श्रीकृष्ण को वहां से उतारा और दूध से स्नान करा कर उन्हें शुद्ध किया। जब कथा व्यास ने पूतना वध का प्रसंग सुनाया तो पंडाल में मौजूद सभी श्रद्धालुओं ने श्री राधे-राधे बोलकर खुशियां मनाई। कथा संयोजक अशोक सिंह व शीला सिंह ने भगवान की आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर सोनू सिंह, शिवम सिंह, अमन, प्रदीप विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे

## बसन्त पंचमी पर पूजीं गयी विद्या की देवी मां सरस्वती

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बसन्त पंचमी के पर्व पर बुधवार को विद्यालयों में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना हुई। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ भइया बहनों ने मां की आराधना का भी मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया। विद्यालय के निदेशक आचार्य रामअवधेश मिश्र ने कहा कि विद्या ही जीवन की सफलता का मूलमंत्र है। वहीं चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल में भी प्रधानाचार्य आदर्श मिश्र के संयोजन में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती का विधिविधान से पूजन हुआ। सरोजनी कान्वेंट स्कूल में भी प्रबन्धक अजय श्रीवास्तव के संयोजन में छात्र छात्राओं ने विद्या की ईष्ट देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

## किशोर के अपहरण पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा



**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किशोर के अपहरण का केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के डांड़ी पूरे नगरहन निवासी संजय शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका भतीजा श्रेयांश उर्फ आशीष 15 बारह फरवरी की रात घर से शौच के लिए निकला। इसके बाद श्रेयांश घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान हो उठे। परिजनों ने अनहोनी की आशंका में पुलिस को श्रेयांश के अपहरण की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने किशोर के अपहरण का केस दर्ज कर लिया है। एसओ नीरज यादव का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर किशोर की तलाश की जा रही है। इधर श्रेयांश भाजपा किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष संजयमणि के भतीजे होने के कारण उसके गायब होने को लेकर क्षेत्र के लोगों में भी चिन्ता का माहौल देखा जा रहा है।

# प्रधानाचार्य डॉ.एल बी तिवारी के निधन पर शोक जताया गया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** प्रधानाचार्य डॉ.लाल बिहारी तिवारी के हृदयाघात से हुए आकस्मिक निधन पर बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तथा जीआईसी प्रांगण में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद्, प्रतापगढ़ द्वारा शोकसभा आयोजित की गई जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत प्रधानाचार्य की आत्मा को शान्ति तथा परम् पद प्रदान करने हेतु परमात्मा से प्रार्थना की गई।

उप शिक्षा निदेशक और डीआईओएस प्रतापगढ़ श्री सरदार सिंह ने डॉ.तिवारी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे शिक्षा जगत की अपूर्णीय क्षति बताया तथा उनकी साहित्यिक प्रतिभा का स्मरण किया। जीआईसी में आयोजित शोक सभा में प्रधानाचार्यों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि तथा उनके कार्य,व्यवहार और स्वभाव का स्मरण करते हुए उनके निधन को स्तब्ध करने वाला



और शोक संतप्तकारक करार देते हुए उनकी रिक्तता को बहुत खलने वाली कहा। स्मरणीय है कि डॉ. लाल बिहारी तिवारी सन् 2013 में आयोग से चयनित होकर इण्टर कॉलेज महादेव नगर के प्रधानाचार्य हुए और विद्यालय में पठन पाठन के अच्छे माहौल के साथ भौतिक संसाधनों को भी समृद्ध किया।इसके पूर्व वे नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में आर्मी स्कूल के प्रधानाचार्य रहे हैं। साहित्यिक प्रतिभा के धनी डॉ.तिवारी ग़ज़ल व शायरी के क्षेत्र में अक्स नाम से रचना करते थे और अनेक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुति देते रहे हैं। उनके पैतृक गांव नरिया,गड़वारा में अब उनकी पत्नी और 20 वर्षीय एक मात्र पुत्र उनके अन्य परिजन के साथ हैं। इस अवसर पर डीआईओएस श्री सरदार सिंह, प्रधानाचार्य परिषद् के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र पाण्डेय,रमेश चंद्र मिश्र ,प्रमोद तिवारी, डॉ. पीडी शुक्ल, डॉ.अनुपम ओझा, शिव कुमार तिवारी,डॉ. राम आसरे तिवारी, डॉ. स्निग्धा पांडेय, अखिलेश चंद्र पांडेय, राधेश्याम दूबे,डॉ.आरपी यादव, डॉ.डीपी सिंह,हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, सुनील शुक्ल, डॉ. अभिताभ शुक्ल,वीरेंद्र मिश्र, अवधेश विश्वकर्मा, गगेंद्र सिंह,अरुण शुक्ल, संजय श्रीवास्तव, कृष्णा त्रिपाठी, डॉ.सुरेश चंद्र शुक्ल, डॉ.अशोक द्विवेदी, बाबागंज के देवेंद्र,रमेश तिवारी, अंकित श्रीवास्तव,कपिल तिवारी प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने विवाहिता के साथ दुष्कर्म के वांछित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कुंडा प्रतापगढ़।**बाघराय थाना क्षेत्र के भीखापुरकानीडीह गांव की एक विवाहिता बीते 30 नवंबर 2023 को देरशाम अपने खेत में खेती का कार्य कर रही थी। तभी गांव का एक युवक आकर विवाहिता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया व विरोध जताने पर जमकर मारा पीटा भी था । विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा तो पंजीकृत कर लिया था परन्तु तभी से आरोपी संदीप गौतम पुत्र भोलानाथ निवासी भीखापुरकानीडीह फरार चल रहा था। आज एस आई सचिन पटेल ने दस बजे के करीब गश्त के दौरान देखा कि वहा गलगली गांव के मुर्गी फार्म के बगल सडक के पास छिपा था। तभी पुलिस ने संदीप को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

# स्टेशन पर महिला गैंग के बीच जमकर मारपीट, पुलिस नदारद

## थाने पर लगा मजमा, तमाशबीन बने रहे सिपाही

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पंजाब मेल एक्सप्रेस ट्रेन में उतरने को लेकर दो पक्ष की महिला गैंग में जमकर मारपीट हुई। बाद में दोनो तरफ से मर्दो ने मोर्चा संभाल लिया। जिससे प्लेटफार्म पर भगदड़ मच गई। उस समय जीआरपी वाले नदारद रहे। आरपीएफ वाले मौके पर गए। दोनों पक्षों को जीआरपी थाने पर लाने के बाद मजमा लग गया। यहां पर भी महिलाओं का गुस्सा सातवें आसमान पर था। वे भिड़ने का कोई मौका नहीं छोड़ रही थी। सिपाही और दरोगा तमाशबीन बने रहे। बाद में आरपीएफ महिला आरक्षी आकर दोनों को शांत कराने लगी। जीआरपी का एक सिपाही मामले को तूल देना चाहता था। फिलहाल इस मामले में दोनो पक्षों के मर्दो को हिरासत में लिया गया है। लिखा पढ़ी नहीं हुई थी। जीआरपी एसओ ट्रेन चेकिंग में बाहर गए थे।

जानकारी के अनुसार पंजाब मेल एक्सप्रेस आई थी। रेल कर्मियों की मानें तो उतरने के चक्कर में दो पक्षों की महिलाओं के जमकर जूतम पैजार हुई। एक पक्ष की महिलाएं भारी पड़ी। उसके बाद मर्द भिड़ गए। अधिक पिटने वाली महिला ने फोन करके अपने लोगों को थाने पर बुला लिया।

इस घटना के बाद थाने पर काफी मजमा लग गया। एसओ देवेंद्र सिंह का कहना है कि वे ट्रेन चेकिंग में हैं। उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। आने पर ही कुछ बता पाऊंगा।

# बाग देवी सरस्वतीकी पूजा के साथ भैया बहिनों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** वद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला पूर्वी प्रतापगढ़ में आज बसंतपंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन के साथ नवागंतुक भैया बहिनों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया।मुख्य यजमान के रूप में प्रबंधक शशीभाल त्रिपाठी ने सपत्नीक वैदिक रीति से पूजन संपन्न किया।सर्वप्रथम कलश पूजन फिर वेदी पूजन के उपरांत मां शारदे की पूजा पंडित राकेश त्रिपाठी ने संपन्न कराई पूजा में विद्यालय के शिशु भारती अध्यक्षा बहिन आस्था शुक्ला सेनापति किशन पांडेय मंत्री वैष्णवी दिवेदी तथा प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पांडेय ने मां सरस्वती की आराधना विद्यालय के भैया बहिनों की उन्नति के लिए की।पूजा संपन्न होने के बाद कुछ माताएं अपने बच्चो को विद्यारंभ संस्कार के लिए लेकर आई थी

उनका संस्कार पंडित जी द्वारा गायत्री मंत्र और स्वास्तिक वाचन के साथ उन भैया बहिनों की जीभ पर शहद से ओम लिखकर कराया संस्कार के बाद सभी भैया बहिनों और उपस्थित माताओं एवम अभिभावकों के समक्ष भैया बहिनों द्वारा अभिनव के साथ सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। संस्कार में कुल 35भैया बहिनों की सहभागिता रही इसके उपरांत सभी लोगों ने अपने अपने वेदी पर हवन कुंड में हवन किया हवन के बाद आरती हुई

सभी लोगों ने भक्ति भाव से आरती की अंत में सभी लोग प्रसाद लेकर अपने अपने घर गए। इस अवसर पर मातृ भारती की पदाधिकारी प्रबंध समिति के पदाधिकारी अभिभावक तथा पूर्व छात्र उपस्थित रहे

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सोनाली पुत्री रमेश पाल निवासी ग्राम एकडला पोस्ट कुमार पट्टी जनपद जौनपुर की निवासी हूं। मेरी एक एलआईसी संख्या 312470750 में मेरा बुलाने वाला नाम पुष्पा पाल पुत्री रमेश चन्द्र पाल अंकित हो गया है। जबकि मेरे अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम सोनाली रमेश पाल पुत्री रमेश पाल दर्ज है। उक्त दोनों नाम मेरे ही है। इसमें ना कुछ झूठ है और ना कुछ छुपाया गया है।

# मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई पूजा अर्चना



**सुवंसा,प्रतापगढ़।**स्थानीय एस टी वी एम पी विद्यालय गांधी बाजार में आयोजित एक समारोह में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी पूजा अर्चना की गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय प्रबंधक लक्ष्मी कांत दूबे ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया।विद्यालय के छात्र छात्राओं ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया।विद्यालय प्रबंधक लक्ष्मी कांत दूबे ने कहा वसंत पंचमी के इस पावन पर्व पर मां सरस्वती का प्रादुर्भाव हुआ था। उन्हें ज्ञान, राग की देवी के नाम से भी जाना जाता है । इस अवसर पर वीनम श्रीवास्तव प्रधानाचार्या सुरेश मिश्र, दिनेश मिश्र, विनोद यादव, संत प्रसाद,शिवांगी, रजनी, लक्ष्मी,जया त्रिपाठी सरिता ,प्रीना सिंह,ममता,संदीप तिवारी, आशीष तिवारी, आदि लोग मौजूद, रहे।इसी क्रम में वहा पर उपस्थित लोगो ने पुलवामा में शहीद हुए जवानों को भी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## नहर पुलिया जर्जर होने से परेशान ग्रामीणों ने डीएम से लगायी गुहार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नहर पर जर्जर पुलिया के दुर्घटना की भयावह तस्वीर बनी हुई है। ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अफसरों से फरियाद की किन्तु अफसरों के कान में जूं नही रेंग रहा है। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के सगरा सुंदरपुर के समीप गोविंदापुर में नहर पर सिंचाई विभाग ने पुलिया का निर्माण कर रखा है। यह पुलिया वर्षो से जर्जर हो उठी है। दुर्घटना में कई लोग चुटहिल भी हुए हैं।

## राजा भैया ने जनता दरबार में सुनी जनसमस्याएं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनता दरबार में दूर दराज से समस्याओं को लेकर लोग बेंती कोठी आते हैं। समस्याओं का त्वरित निस्तारण जनता दरबार में किया जाता है। बुधवार को राज भवन बेंती कोठी पर जनता दरबार में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने सुनी जनसमस्याएं त्वरित निस्तारण करने के लिए जनप्रतिनिधियों के अधिकारियों को निर्देश दिए।इस दौरान जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज के विधायक विनोद सरोज, पूर्व प्रमुख बिहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, पूर्व प्रमुख कुंडा संतोष सिंह पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, सुमित तिवारी फूलमती, अतुल सिंह राणा, राजेश त्रिपाठी सोनी मोनी प्रधान ढिगवश, समेत हजारों लोग मौजूद रहे।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, कौशाम्बी
पताः–विकास भवन मंझनपुर कौशाम्बी।

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक– 846 /ग्रा0अ0वि0/ई0 निविदा/2023–24 दिनांकः 24.01.2024

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड कौशाम्बी के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *ई–टेण्डरिंग* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा स्वीकृति की प्रत्याशा में आमंत्रित की जाती है, स्वीकृति प्राप्त न होने एवं धनराशि अवमुक्त न होने पर विलम्ब/निरस्तीकरण एवं भुगतान सम्बन्धी निविदादाता का कोई दावा मान्य नही होगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। विगत पांच वर्ष की अवधि में समान प्रकृति एवं न्यूनतम 1/3 मूल्य के किसी एक कार्य का अनुभव होना अनिवार्य है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 को छोडकर (लाख रू0 में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कौशाम्बी | ग्राम पंचायत कोल्हुवा में कोरीपुर सम्पर्क मार्ग से कोल्हुवा ग्राम सभा तक इण्टरलाकिंग कार्य | 37.42 | 75000 | 1000 | 3 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:– 17.02.2024 से 23.02.2024
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय:– 23.02.2024 को सांय 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 24.02.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
6. जी0एस0टी0 नियमानुसार अतिरिक्त से देय होगी।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(विपुल चन्द्रा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड कौशाम्बी।

www.upgov.nic,in
R.O.No.-203389 Date-14/02/2024



कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड–2 लो0नि0वि0, प्रतापगढ़

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक : 300 /19ए/2023–24 दिनांक : 06.02.2024

1- महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0–2, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़ द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के सक्षम श्रेणी के मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत पात्र निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता निविदा डालने से पूर्व सावधानीपूर्वक संशोधन/परिवर्तन, अनुबंध की शर्तो कान्ट्रैक्ट डाटा, फार्म तकनीकी विशिष्टियाँ, बिल आफ क्वान्टिटी का भली–भाँति अध्ययन कर लें।

| क्र.स. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| वित्तीय वर्ष 2023–24 में विशेष मरम्मत का कार्य विधानसभा सदर के अन्तर्गत (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | | | | | |
| 1 | महुआर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत (सी0सी0 एवं नाली निर्माण) का कार्य। | 29.00 | 2.90 | 944.00 | 3 माह |
| 2 | कटरा इन्द्रकुंवर से ढेरहना सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत (सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य। | 19.00 | 1.90 | 944.00 | 3 माह |
| वित्तीय वर्ष 2023–24 में विशेष मरम्मत का कार्य विधानसभा विश्वनाथगंज के अन्तर्गत (स्वीकृति की प्रत्याश में) | | | | | |
| 3 | बढ़नी बलीपुर से बाबूगंज सम्पर्क मार्ग (अ0जि0मा0) पर पैच मरम्मत का कार्य। | 31.00 | 3.10 | 944.00 | 3 माह |
| वित्तीय वर्ष 2023–24 में विशेष मरम्मत का कार्य विधानसभा विश्वनाथगंज के अन्तर्गत (स्वीकृति की प्रत्याश में) | | | | | |
| 4 | मोहनगंज मोड़ से बाबा बालकेश्वर नाथ धाम तक मार्ग का विशेष मरम्मत क कार्य। (सी0सी0 एवं नाली निर्माण) | 21.00 | 2.10 | 944.00 | 3 माह |
| 5 | सराय नाहर पावर हाउस से सराय भीमसेन सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत क कार्य। | 16.00 | 1.60 | 944.00 | 3 माह |
| 6 | रमोला सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत क कार्य। | 12.00 | 1.20 | 944.00 | 3 माह |
| 7 | प्रतापगढ़ कटरा गुलाब सिंह मार्ग से शोभीपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत क कार्य। | 14.00 | 1.40 | 944.00 | 3 माह |

2- बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी का यू0आर0एल0 http:/wms.uppwd.gov.in/Prahari/ पर निविदा **दिनांक–17.02.2024 से 24.02.2024** तक उपलब्ध है, जो **दिनांक–24.02.2024** को दोपहर 12.00 बजे या इससे पूर्व अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड **दिनांक–24.02.2024** को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं http:/wms.uppwd.gov.in/Prahari/ पर उपलब्ध है।

(बी0एम0 सिंह)
अधिशाषी अभियन्ता,
नि0ख0–2, लो0नि0वि0,
प्रतापगढ़

www.upgov.nic,in
R.O.No.-203392 Date-14/02/2024



कार्यालय ग्राम पंचायत सौरई खुर्द विकास खण्ड सिराथू, जनपद-कौशाम्बी
निविदा

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सौरई खुर्द विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी में राज्य वित्त/15वाँ वित्त योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना में सम्मिलित कार्यो को कराने हेतु निर्माण हेतु प्रयुक्त होने वाली सामाग्री सीमेन्ट, बालू, पेन्ट, इलेक्ट्रिक वायरिंग अंतर्गत वायरिंग का सामान इत्यादि सामाग्री आपूर्ति किये जाने हेतु दिनांक 15.02.2024 से दिनांक 21.02.2024 के मध्य निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्म से अपेक्षा है कि निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अपना–अपना दर सम्बन्धित निविदा उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्राप्त निविदायें दिनांक 22.02.2024 को दोपहर 3.00 बजे प्राप्त निविदायें खोली जायेगी। जिसका विवरण निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | परियोजना क नाम | अनु0ला0 | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | आँगनबाड़ी केन्द्र सौरई खुर्द में निर्माण कार्य एवं सौन्दर्यीकरण कार्य | 2.73 लाख | |

अतः किसी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा।

राघवेन्द्र सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–सौरई खुर्द
वि0ख0–सिराथू, कौशाम्बी

अमित कुमार साहू
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत–सौरई खुर्द
वि0ख0–सिराथू, कौशाम्बी

पत्रांक : मेमो/ग्राम पंचायत/निविदा/2023–24 दिनांक 14.02.2024



कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर बढ़नावा विकास खण्ड कड़ा जनपद कौशाम्बी

पत्रांक : मेमो/टेण्डर पत्रा0/ग्रा0पं0/2023–24 दिनांक 14.02.2024

निविदा आमन्त्रित सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग/पंचम वित्त आयोग/अन्तेष्टि स्थल विकास योजना/मनरेगा से ग्राम पंचायत के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो हेतु पंजीकृत सप्लायर/ठेकेदारो/दुकानदारो से कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदाये दिनांक 15.02.2024 से 21.02.2024 दोपहर 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

निविदायें उसी दिन सायं 04.00 बजे आवेदको की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में खोली जायेगी। फर्म कार्य की दरे उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

निविदा प्रपत्र दिनांक 15.02.2024 से ग्राम पंचायत से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | भदई पटेल के घर से सन्तलाल के घर तक इण्टरलाकिंग मरम्मत कार्य | 2.69 | ईट, बालू, गिट्टी, सरिया, सीमेन्ट, पेन्ट, दरवाजा, खिड़की, प्राइमर, प्लम्बरिंग सामग्री, हियूम पाइप, इलेक्ट्रिक सामग्री, मिटटी एवं अन्य सामग्री आवश्यकता अनुसार |
| 2 | नोखे लाल के घर से रामसूरत के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 2.33 | |

निविदा की शर्ते–
1. निविदा के साथ जी0एस0टी0 पंजीकरण/आयकर पंजीकरण आदि प्रमाण पत्रों की छायाप्रति कार्यालय में जमा करनी होगी।
2. निविदाओ को स्वीकृत दरो के अतिरिक्त निर्धारित जी0एस0टी0 के अलावा कोई कर या भाड़ा अथवा अन्य खर्चा पृथक से देय नही होगा।
3. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

राम नरेश पटेल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामपुर बढ़नावा
वि0ख0 कड़ा, कौशाम्बी

रमेश चन्द्र सोनकर
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत रामपुर बढ़नावा
वि0ख0 कड़ा, कौशाम्बी



9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# हर्ष फायरिंग में टेंट संचालक युवक की मौत, दो पर मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** देर रात हर्ष फायरिंग में गोली लगने से एक युवक घायल हो गया। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। कोतवाली नगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजा है। घटना लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बेदूपारा गांव की है।

मंगलवार को लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत शिवनगर अंतर्गत बेदुपारा निवासी हरिशंकर तिवारी की बेटी की शादी थी। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर खुर्द निवासी हेमंत कुमार मिश्र की देवाढ़ घाट के पास शिवम टेंट हाउस नाम से दुकान है। हेमंत ने हरिशंकर की बेटी की शादी में टेंट लगाया था। मंगलवार देर रात द्वार पूजा के समय बारातियों द्वारा हर्ष फायरिंग की जाने लगी जिसमें एक



गोली हेमंत के पेट में जा लगी और वह अचेत होकर गिर पड़ा। हेमंत को घायलावस्था में लेकर लोग मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर लेकर पहुंचे थे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक की मौत होते ही साथ आये लोग मौके से फरार हो गए। उधर चिकित्सक ने घटना की जानकारी कोतवाली नगर पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दिया है। हेमंत की मौत की सूचना मिलते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। वही परिवार में कोहराम मच गया है। देर रात एसपी सोमेन ने घटनास्थल का निरिक्षण किया। उन्होंने बताया हेमंत के पिता राजेंद्र प्रसाद मिश्र की तहरीर पर लंभुआ कोतवाली में कल्लू तिवारी और मीनू सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। मृतक हेमंत के पिता ने बताया कि हर्ष फायरिंग में पूरी घटना घटी। लड़का हमारा टेंट की पूरी व्यवस्था देखता है वो और 5-6 लेबर उसके साथ थे। हर्ष फायरिंग में उसे गोली लगी हम घर पर थे हमें सूचना आई। हम भी एक शादी में वहां से हम भागकर आए यहां। लेकिन कोई बताने वाला नहीं है लड़का हमारा कहां है। हम अस्पताल पहुंचे तो हमारा लड़का नंगा पड़ा था। उसके एक चार साल और एक पांच महीने का बच्चा है। हमें न्याय चाहिए।

# आभास कृष्ण बने समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष

**अयोध्या ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के अनुमति से समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर आभास कृष्ण यादव कान्हा एवं समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष के पद पर जय सिंह राना को बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का धन्यवाद आभार व्यक्त किया । पार्टी के नेताओं ने दोनों युवाओं को जिम्मेदारी देने के लिए जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को फायदा मिलेगा ।

# 108 एंबुलेंस ट्रक में घुसकर पलटी, चालक समेत 2 घायल

**सुल्तानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 108 एंबुलेंस लखनऊ से आजमगढ़ की ओर जा रही थी। एंबुलेंस पीछे से एक ट्रक में जा टकराई। जिसमें एंबुलेंस पर सवार दो लोगों को चोटे आई हैं। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया है। घटना जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के किमी 136 की है। जानकारी के अनुसार बुधवार को 108 एंबुलेंस जो लखनऊ से आजमगढ़ जा रही थी। एम्बुलेंस नंबर क्क 32 त्र 6338 को का चालक कृष्णकांत वर्मा (31) पुत्र नन्हे राम निवासी ग्राम सुरूरपुर थाना दोस्तपुर चल रहा था। एंबुलेंस में मुकेश मौर्य (28) जिला बहराइच बैठा था। एम्बुलेंस लखनऊ से आजमगढ़ जाते समय जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के किमी 136 पर पहुंची थी कि आगे एक ट्रक जा रहा था। स्पीड अधिक होने के चलते एंबुलेंस पीछे से एक ट्रक में जाकर टकरा गई। ट्रक को चालक मुकेश चला रहा था। उधर




टक्कर में एंबुलेंस चालक व उसमें बैठे व्यक्ति की चोट लगी है। घायलों को सीएचसी दोस्तपुर ले जाया गया जहां से डॉक्टर ने उन्हें अंबेडकर रेफर किया है। यूपीडा टीम के सहायक सुरक्षा अधिकारी त्रिलोकी नाथ पांडे ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य किया है।

# पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



**बलरामपुर।** पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में ''पुलवामा के आंतकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दिवस'' पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया गया विद्यालय के छात्रों में पुलवामा घटना में शहीद हुए वीर जवानों के आदर्शों को आत्मसात कर उनके अधूरे सपने को साकार करने का संकल्प लिया है।

विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने पुलवामा के आंतकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर विनम्र श्रद्धांजलि दी । समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं नें पुष्प चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पुलवामा के हमले के बारे में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक नें बच्चों को बताया कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सी0आर0पी0एफ0 के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें लगभग 40 भारतीय जवान शहीद हो गये कई अन्य घायल भी हुए। आंतकियों द्वारा इस्तेमाल किया गया वाहन महिंद्रा स्कॉर्पियो था, जिसमें 300 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक पदार्थ था। साथ में यह भी बताया कि पुलवामा हमले की बरसी पर पूरा देश शहीद जवानों को याद कर रहा है। पुलवामा आंतकी हमले में शहीद हुए भारत माता के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को शत् शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रंदांजलि दी।

''पुलवामा के आंतकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दिवस'' के अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने कैडिल जलाकर तथा हाथों में पोस्टर लेकर वीर जवानों को भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी। हम भारतीय को अपने जवानों पर गर्व है, और उन्ही वीर जवानो की वजह से हम आम जनता अपने घरो में सुरक्षित बैठे है।

''पुलवामा के आंतकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दिवस'' के अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी तथा अध्यापकगण में आशुतोष मिश्रा,, ए0के0 तिवारी, टी0एन0 शुक्ल, राजमणि तिवारी, लता श्रीवास्तव, किरन मिश्रा, नीलम श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, विश्वनाथ तिवारी, कपिल निषाद, उमेश तिवारी, दुर्गा प्रसाद यादव, राजीव श्रीवास्तव आदि उपस्थित होकर ''पुलवामा के आंतकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दिवस'' के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# स्वस्थ एवम फिट रहने के लिए योगा जरूरी- मधु मिश्रा

## सेंट जेवियर स्कूल में विशेष योगा शिविर का हुआ आयोजन



**बलरामपुर।** सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे योग के प्रति बच्चों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रार्थना सभा के दौरान योग शिविर का आयोजन किया गया शिविर में नोएडा में कार्यरत मृत्युंजय योग स्टूडियो की डायरेक्टर मधु मिश्रा ने छात्रों को विभिन्न योगाभ्यास कराकर स्वास्थ्य एवं फिट रहने का टिप्स दिया है। योग डायरेक्टर ने कक्षा 9 के सभी वर्गो के बच्चों के साथ योग का एक सेशन किया ।

मधु उन्होंने बच्चों को योग से होने वाले लाभ एवं योग के महत्व से परिचित करवाते हुए योगासन करवाए गए।इस योगा सेशन कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आसिम रूमी ने मधु मिश्र का ग्रीन वेलकम किया गया।

प्राचार्य एम. ए. रूमी ने पौधे को भेंट करके उनका स्वागत सत्कार किया। प्राइमरी विंग की कोऑर्डिनेटर रेखा ठाकुर ने बच्चों से मधु मिश्रा का परिचय करवाया ।उन्होंने बच्चों को बताया की आपने भी बलरामपुर से शिक्षा ग्रहण की है। इस योगा सत्र के दौरान मधु मिश्रा के द्वारा बच्चों को विभिन्न योगा आसनों को करवाया गया। साथ ही साथ उन्होंने बच्चों को परीक्षा के तनाव एवं अपनी पढ़ाई के दौरान एकाग्रता बनाए रखने के नुस्खे भी दिए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक अमन जयसवाल एवं रिजवाना सिद्दीकी के द्वारा किया गया।

योगा सत्र के बाद विद्यालय के प्राचार्य एम ए रूमी ने आगंतुक मधु मिश्रा का आभार प्रकट करते हुए बच्चों को नियमित योग अभ्यास करने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि योग हमारे स्वास्थ्य जीवन, लम्बी आयु एवं मन को एकाग्र करने में सहायता प्रदान करता है। सभी बच्चों को इसे अपनी दिनचर्या मे अनिवार्य रूप में अपनाने के लिए प्राचार्य ने बच्चों से अपील की गई। बच्चों ने इस योगा सेशन का आनंद उठाया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं संचालन में प्राइमरी विंग की कोऑर्डिनेटर रेखा ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। योग कार्यक्रम के दौरान वली आलम , प्रितपाल एवं स्वर्णिम त्रिपाठी मौजूद रही।

# आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा 2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में हुई बैठक

**जौनपुर ।** आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा 2023 के सम्बन्ध में तैयारियों की समीक्षा बैठक जिला मजिस्ट्रेट श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा प्रदेश के समस्त जनपदों में चयनित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी है। उन्होंने अवगत कराया गया कि जनपद में 17 व 18 फरवरी को दोनो पालियों (प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक, द्वितीय पाली अपरान्ह् 03 बजे से 05 बजे तक) परीक्षा सम्पन्न होगी, परीक्षा ड्यूटी में नामित कर्मियों द्वारा परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 7 बजे से लेकर सायंकाल की परीक्षा समाप्त होने तक उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी बताया कि अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर प्रथम पाली की परीक्षा के लिए सुबह 08 बजे तथा द्वितीय पाली के लिए अपरान्ह् 01 बजे परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्ट करेंगे।

# जिला पंचायत का 68 करोड़ का बजट मंजूर नही पहुंचे अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**सुल्तानपुर।** जिला पंचायत में चालू वित्तीय वर्ष के 86.73 करोड़ रुपये और आगामी वर्ष 2024-25 के मूल अनुमानित बजट 75.81 करोड़ रुपये का भी सदन ने सर्वसम्मति से अनुमोदन कर दिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह की अध्यक्षता में यहां बैठक हुई। बैठक में लोनिवि के अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग एवं सिंचाई विभाग के अनुपस्थित रहने पर विधायकों व सदस्यों ने नाराजगी जताई। साथ ही सीडीओ से अनुरोध किया कि इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।बैठक में विधायक सदर राजप्रसाद उपाध्याय ने अयोध्या में निर्मित राम मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करने का प्रस्ताव रखा। सदन से सर्वसम्मति से धन्यवाद प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया। वर्ष 2024-25 की अनुपूरक कार्ययोजना तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना भी स्वीकृत की गई। इस दौरान सदस्यों ने अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं को सदन के समक्ष उठाया। विद्युत, सड़क, पेयजल सहित अन्य मुद्दों को सदन में रखा गया। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में शराब के जो ठेके खुले हुए हैं अब उनसे भी जिला पंचायत संपत्ति एवं विभव कर वसूल करेगी इसको लेकर चर्चा हुई। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओपी चौधरी के साथ अमर्यादित आचरण करने के मामले में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित कुमार सिंह के खिलाफ गुस्से का इजहार जनप्रतिनिधि के द्वारा किया गया। एएमए हरिओम नारायन चन्द ने समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। बैठक का पर्यवेक्षण सीआरओ देवेंद्र सिंह ने किया। बैठक में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक लंभुआ सीताराम वर्मा, ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय शिवकुमार सिंह, सीडीओ अंकुर कौशिक के अलावा सदस्यगण और कई ब्लॉकों के प्रमुखगण भी मौजूद रहे।

# गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा बर्दाशत जितिन प्रसाद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** पीडब्लूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने कादीपुर विधानसभा क्षेत्र में 91 प्रॉजेक्ट का बुधवार को उदघाटन किया है।क्षेत्र में कुल 167.84 किमी सड़कें 15,114.65 लाख कीमत से बनाई जाएगी। मंत्री विजेथुआ धाम में माथा टेका। उनके साथ क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम मौजूद थे। जानकारी के मंत्री जितिन प्रसाद ने 80 सड़कों का शिलान्यास और 11 सड़कों का लोकार्पण किया है। ये सड़कें लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम से बनाई जाएगी। मीडिया से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं और सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम करती है। गुणवत्ता से कोई भी समझौता बर्दाशत नहीं किया जाएगा। समय सीमा पर सभी परियोजनाएं पूरी की जाएगी। यहां बड़ी सड़कों के चौड़ीकरण के लिए शिलान्यास हुआ। बड़े सेतु का भी काम करा रहे हैं। साथ ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें जो बरसात से खराब हुई हैं उनकी मरम्मत के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। यहां डीएम कृतिका ज्योत्सना व एसपी सोमेन बर्मा ने मंत्री का बुके देकर स्वागत किया। मंत्री ने 400 पार सीटें जीतने का दावा किया है। यहां विधायक राजेश गौतम के अलावा सांसद प्रतिनिधि रणजीत सिंह, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, चेयरमैन कादीपुर आनंद जायसवाल, करौंदीकला ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनी बसंत पंचमी

## हवन पूजन के साथ मांगे विद्या के वरदान



**सुल्तानपुर।** बसंत पंचमी के पर्व पर विद्यालयों व सामाजिक संगठनों ने विविध आयोजन किया । ज्ञान व विद्या की देवी सरस्वती की छात्र-छात्राओं ने विधिवत पूजा अर्चना की और सफलता का आशीर्वाद मांगा । शहर के भारतीय शिक्षण संस्थान परिसर में वसंत पंचमी के अवसर पर हवन व पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां विद्यालय परिवार शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं के साथ उनके परिजनों ने भी हवन पूजन किया। प्रबंधक विक्रमादित्य ने बताया यहाँ बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गयी । दोपहर तक हवन पूजन का कार्यक्रम चला इसके बाद प्रसाद वितरण कराया गया । बच्चों में नैतिक शिक्षा धार्मिक भावना व संस्कार जागृत करने के लिए ऐसे आयोजनों का होना बहुत जरूरी है। एक अच्छे परिवेश में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का कार्य करने के लिए शिक्षक शिक्षकों को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।यहां प्रमुख रूप से नि सभासद राजदेव शुक्ल विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित शुक्ला स्नेहा प्रीति पांडेय गुंजन खुशबू मिश्र मंजूषा श्रीवास्तव नेहा यादव जागृति स्वाती जय सिंह विक्की वर्मा कमलेश वर्मा सोहनलाल नीलू चौरसिया कुसुम राम सहाय यादव सावन चौरसिया सहदेव यादव अजीत कुमार आचार्य उमानाथ तिवारी समेत कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे ।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक्टर्स व स्वास्थ कर्मियों को मिला प्रशस्तिपत्र



**सुल्तानपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही स्वास्थ संबधी योजनाओं का जमीनी स्तर पर उतरकर पालन करवाने में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी का तरीका विभागीय अधिकारी,कर्मचारी व जनपद के लोगों को खासा रास आ रहा है। पीएसी, सीएचसी के अंतर्गत पड़ने वाले ग्रामीण क्षेत्र में लगातार सरकार की स्वाथ्य योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।महिला व पुरुष नसबंदी पर बेहतर प्रतिशत देने वाले सर्जन, स्टाफनर्स, एएनएम, आशाओं की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी द्वारा कार्यालय हाल में एक मीटिंग की गई। जिसमें परिवार नियोजन कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले डाक्टर्स, स्टाफ नर्स, एएनएम, आशाबहु व अन्य कर्मियों को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी द्वारा स्मृतिचिन्ह व प्रशस्तिपत्र देकर उत्साह बढाया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.चौधरी ने मौजूद कर्मियों को संबोधित करते हुए कहाकि सरकार की समस्त स्वास्थ योजनाओं का लाभ आमजन को पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। हमें अपना शत-प्रतिशत देना होगा तभी हम दिये गए लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे।

# 91 परियोजनाओं का किया गया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**सुल्तानपुर।** मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, श्री जितिन प्रसाद जी द्वारा आज जनपद भ्रमण के दौरान विकासखंड करौंदी कला में लो0नि0वि0 की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। मंत्री जी द्वारा जनपद सुलतानपुर में विधानसभा कादीपुर में लोक निर्माण विभाग/सेतु निगम के कुल 91 विभिन्न परियोजनाओं का जिनकी कुल लागत रू0 15114.65 लाख है, का शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। सर्वप्रथम पूर्व मंत्री/मा0 विधायक सुलतानपुर विनोद सिंह, जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना व पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर मा0 मंत्री जी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मंत्री लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 द्वारा विधायक कादीपुर राजेश गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बिजेथुआ महावीरन धाम का विधि विधान के साथ पूजा अर्चन कर दर्शन किया गया।

तत्पश्चात मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 द्वारा विधानसभा कादीपुर के विकासखंड करौंदी कला में आयोजित लोक निर्माण विभाग/सेतु निगम के विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। मंत्री जी द्वारा जनपद सुलतानपुर के विधानसभा कादीपुर की कुल-80 परियोजनाएं(लोक निर्माण विभाग की-79, सेतु निगम की-01 परियोजना) जिनकी कुल लागत-7538.49 लाख रू0 है, का शिलान्यास किया गया, जबकि जनपद सुलतानपुर के विधानसभा कादीपुर में लोक निर्माण की-10, सेतु निगम की-01 सहित कुल-11 परियोजनाएं, जिनकी लागत-7576.16 लाख रू0 है, का लोकार्पण किया गया। इस प्रकार मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 द्वारा कुल-91 परियोजनाएं, जिनकी कुल लागत-15114.65 लाख रू0 है, का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि लोक निर्माण विभाग की सभी परियोजनाएं विधानसभा कादीपुर की जनता के लिये समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि सभी सड़कों व पुलों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण ससमय कराना सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने अपने सम्बोधन के दौरान मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण विभाग श्री धर्मवीर सिंह से सभी परियोजनाओं की समय सीमा बताने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सभी सड़कों का निर्माण ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराना सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सड़कों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण ढंग से व ससमय कराना सुनिश्चित करायें। उन्होंने सांसद प्रतिनिधि रणजीत सिंह व मा0 विधायक कादीपुर द्वारा कई सड़कों का प्रस्ताव किये जाने पर आश्वस्त किया कि सभी प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा। जनपद सुलतानपुर की सभी सड़कों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने केन्द्र/राज्य सरकार की विभिन्न उपलब्धियों को जनता के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी उपस्थित आम जनमानस व जनप्रतिनिधियों सहित सभी अधिकारियों का कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।विधायक कादीपुर राजेश गौतम द्वारा मा0 मंत्री जी का बिजेथुआ महावीरन का प्रतीक चिन्ह गदा व ओडीओपी उत्पाद का मोमेन्टों भेंट कर स्वागत किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में मंत्री जी के आगमन पर आभार व्यक्त किया और कहा कि मंत्री द्वारा विधानसभा कादीपुर के लिये जो सौगात दी गयी है

# संयुक्त अभियान में अवैध शराब सहित दो लोग पकड़े गए




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** आबकारी विभाग के अभियान में दो अवैध शराब कारोबारी पकड़े गए। उनके पास से 25 लीटर स्व निर्मित शराब बरामद हुई। आबकारी आयुक्त उ.प्र.जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के आदेश व आबकारी अधिकारी के कुशल नेत्तृव में निरीक्षक आबकारी सुभाष सिंह व केएनआई चौकी इंचार्ज रामराज द्वारा कोतवाली नगर के बल्लीपुर पूरब में दबिश दी गई। दबिश के दौरान टीम ने दो लोगों को मय अवैध शराब के हिरासत में लेते हुए आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्यवाही में लगा है। दबिश के दौरान आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह ने आसपास की लाइसेंसी शराब की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए बारकोड व क्यूआर कोड भी स्कैन किया। मौके पर आमलोगों को अवैध अड्डी से निर्मित शराब के सेवन से होने वाली क्षति के बारे में जागरूक भी किया गया। दबिश टीम में आबकारी विभाग से आरक्षी साकेत कुमार राय, मोहम्मद इरफान, अरविंद वर्मा, विजय सरोज रहे।

# गणेशबक्स हरवंश बहादुर महाविद्यालय में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जगतपुर, रायबरेली।** बसंत पंचमी का त्यौहार सान्हूकुआं जगतपुर स्थित गनेश बक्श हरवंश बहादुर महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालगंज क्षेत्र के सम्मानित पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन राममोहन सिंह एवं अमरनाथ सिंह ने किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के सामने ज्योति प्रज्वलित कर पुष्प और माला अर्पण कर कार्यक्रम के प्रारम्भ की घोषणा पूर्व विधायक ने की। सरस्वती वंदना स्वागत गीत तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने मनमोहक बसंत पंचमी देशभक्ति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को जो की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के साथ प्रमुखता से अपनी सेवाएं दे रहे हैं या सेवानिवृत हो चुके हैं और विभिन्न क्षेत्रों में विशेष स्थान रखते हैं उनको पूर्व डायरेक्टर



एसबीआई एवं कॉलेज प्रबंधक इंटर कॉलेज शंकरपुर हरिचन्द्र बहादुर सिंह और उनके भतीजे धीरज सिंह सानिध्य सिंह सौरभ सिंह और डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सुनील सिंह तोमर ने अंग वस्त्र एवं स्मृतिका एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि विभिन्न वर्षो से लगातार बसंत पंचमी के दिन यह कार्यक्रम आयोजित होता चला आ रहा है। यदि इसको देखा जाए तो यह यहां के इतिहास को भी ताजा और गौरन्वित करता है नवाबगंज का मेला जो की जिले में काफी प्राचीन काल से लगता चला आ रहा है जो की हरिचन्द्र बहादुर सिंह के बाबा स्व. गनेश बक्श सिंह उसके बाद हरिचन्द्र बहादुर सिंह के पिताजी स्वर्गीय राम सुमेर सिंह जिन्हें लोग भाई जी के नाम से भी प्यार से पुकारते थे उनके द्वारा लगवाए जाता रहा है। जिसमें जनपद भर के व्यापारियों सहित पशु बाजार लगता था। जिसका आगाज बसंत पंचमी के दिन से होता रहा हैं उन्हीं स्मृतियों को याद करके प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित होता रहा है। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने अपनी यादों को ताजा किया और कहा कि महाविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है भविष्य में भी उन्हें यहां आने का यदि मौका मिला तो वह आते रहेंगे और अपने द्वारा दी गई सुविधाओं को देते रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने कार्यक्रम की जमकर सराहना की

इस मौके पर अभिनेश सिंह, अमिताभ द्विवेदी लेफ्टिनेंट सत्येंद्र कुमार भगवत सिंह, अशोक सिंह, दिलीप सिंह, छेदीलाल, जितेंद्र भदौरिया, सूर्यभान सिंह, मुन्ना सिंह, पिंकू सिंह, गोरख सिंह, वीरेंद्र सिंह, उदयभान सिंह, मंजरी सिंह, नमिता सिंह, पूर्णिमा श्रीवास्तव, ज्योति मिश्रा, अनिल सिंह, निखिलेश पाल, शारदा सिंह, राजकुमार सिंह, सर्वेश सिंह, के बी सिंह, विजय करन सिंह सहित क्षेत्र के सम्मानित गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# सीवर लाइन के कार्य से लोगों का सड़क पर चलना दूभर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सर्वोदय नगर में अमृत योजना के तहत सीवर लाइन का कार्य जारी पर है मगर विभाग की लापरवाही के चलते एक तो काफी दिनों से यह कार्य लंबित है और खुदाई के बाद रोड न बनने की वजह से मोहल्ला निवासी घर से बाहर गाड़ी से तो क्या पैदल भी नहीं निकल पा रहे हैं। सीवर लाइन बनने के बाद रोड को जस का तस छोड़ दिया गया है अतः थोड़ी सी बारिश से सर्वोदय नगर मोहल्ले में चारों तरफ सड़कों पर कीचड़ ही दिखाई पड़ता है जिस पर साइकिल दो पहिया वाहन चार पहिया वाहन से लेकर ट्रैक्टर तक नहीं चल पा रहे हैं। लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है मोहल्ले वासियों का कहना है कि अगर सीवर लाइन का काम किया जा रहा है तो उसके बाद तुरंत रोड भी बनवा दी जाए क्योंकि सर्वोदय नगर में एक ही आने-जाने का एक ही मार्ग है अतः मोहल्ले वासियों को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है मोहल्ले में एक तो बहुत कम दुकान हैं और जो दुकाने



हैं भी उनमें भी बाहर से सामान नहीं आ पा रहा है छोटे बच्चो के विद्यालय वैसे तो बंद है लेकिन पिछले कई दिनों से बसें भी मोहल्ले में नहीं आ रही है।।पढ़ने के लिए के लिए भी बच्चों को 1 से 2 किलोमीटर पैदल चलकर जाना पड़ता है ऐसे में मोहल्ले वालों का मोहल्ले में रहना व रोड पर चलना दूभर हो चुका सभी मोहल्लेवासी इस समय बड़ी कठिनाईओं का सामना कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की सुविधा उन्हें नहीं मिल पा रहे हैं। लोगों का नौकरी पर जाना या कोई सामान लाना किसी युद्ध से कम नहीं है बच्चे ना तो कोचिंग और विद्यालय जा पा रहे हैं और इस समय यदि कोई बीमार पड़ गया तो उसे अस्पताल पहुंचने में भी नाकों चने चबाने पड़ जाते हैं ऐसी अवस्था में मोहल्ले वासी आखिर अपनी शिकायत लेकर कहां जाएं।

# केंद्रीय विद्यालय रायबरेली में मनाया गया प्रथम पाली के कक्षा बारह के छात्रों का विदाई समारोह




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** केंद्रीय विद्यालय रायबरेली में विद्यालय के वरिष्ठतम छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ कक्षा 12 के सभी छात्रों का तिलक द्वारा स्वागत करके किया गया। प्राचार्य एस के अग्रवाल की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने समूह गीत, समूह नृत्य तथा एकल नृत्य द्वारा समाँ बाँध दिया। बीच-बीच में वरिष्ठ छात्र स्तुति सिंह, भूमिका सिंह तथा आंजनेय शर्मा ने अपने अनुजों से अपने लंबे विद्यालयी जीवन के अनुभव साझा किए।कार्यक्रम के उत्तरार्ध में प्राचार्य महोदय द्वारा 2024 बैच के सभी छात्रों को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। वरिष्ठ अध्यापक जेएस प्रसाद ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। पाठ्यसहगामी क्रियाकलाप प्रभारी अभिषेक सिंह ने छात्रों को केंद्रीय विद्यालय संगठन का हिस्सा होने का महत्त्व बताते हुये उनका ध्वजवाहक बनने को प्रेरित किया। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में छात्रों को परीक्षा में बेहतर नंबर पाने के गुर तथा भविष्य में देश और समाज के लिए कुछ अच्छा कर गुजरने की प्रेरणा दी। अंत में उपप्राचार्य राजेश त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संपूर्ण आयोजन की व्यवस्था कक्षा 11 के छात्रों ने वरिष्ठ अध्यापकों की देख रेख में की। संगणक शिक्षक अमित सिंह चैहान ने फोटोग्राफी की। अल्पाहार करके अपने कक्षाध्यापकों से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सभी छात्रों ने घर के लिए प्रस्थान किया।

## भारतीय किसान यूनियन आराजनैतिक दल में दिलीप कुमार चैधरी प्रदेश सचिव मनोनीत

**महराजगंज रायबरेली।** भारतीय किसान यूनियन आराजनैतिक दल में दिलीप कुमार चैधरी पुत्र राम शंकर चैधरी को जनपद रायबरेली का प्रदेश सचिव मनोनीत किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। तो वही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित समाज सेवियों ने बधाई दी है।बताते चलें कि, भारतीय किसान यूनियन आराजनैतिक दल किसानों की समस्या हेतु अनेक प्रकार के जना आंदोलन कर रहा है। जिसके चलते किसानों की आस्था भी किसान यूनियन में बढ़ती जा रही है। इसी के चलते प्रदेश अध्यक्ष हरि नाम सिंह वर्मा, ने रायबरेली जिले के महराजगंज तहसील के असनी गांव निवासी दिलीप कुमार चैधरी को प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया है, जिला अध्यक्ष के पद पर संतोष कुमार उर्फ लाला चैधरी निवासी मलिक मऊ को भी मनोनीत किया गया है।

# उ0प्र0 एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन आयोजित



**रायबरेली।** उ0प्र0 एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का वार्षिक अधिवेशन आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने कहा कि लिपिक संवर्ग व्यवस्था की धुरी है,जिससे समस्त विभागीय क्रियान्वयन सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी लिपिक सुचिता पारदर्शिता से कार्य करते हुए शिक्षा विभाग का सम्मान बढ़ाते हैं। अधिवेशन में मंडलीय अध्यक्ष श्री दयाशंकर मिश्र तथा मंडलीय मंत्री अश्वनी कुमार वर्मा ने कहा कि संगठन विचारधाराओं को लेकर आगे बढ़ने का कार्य करता है। जिसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है,मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया जिसमें कार्यक्रम के संयोजक त्रिभुवन कुमार एवं सहसंयोजक असद खान द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। वही प्राचार्य रत्नेश कुमार, डॉ रजनीश तिवारी,डॉक्टर महेंद्र सिंह, सुनील बाजपेई, नरेंद्र सिंह, हरीशानंद मिश्र नोडल संस्कृत, आदित्य कुमार दीक्षित, राम अकबाल बहादुर सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर श्याम सुंदर सिंह राठौर, शिवचंद बाजपेई, राजेंद्र उपाध्याय, जितेंद्र सिंह, रेनू भारती, धर्मेंद्र सिंह, यादवेंद्र प्रताप सिंह, राकेश कुमार तिवारी, कुलदीप सिंह, इस मौके पर श्याम सुंदर सिंह राठौड़ शिवचंद बाजपेई धर्मेंद्र सिंह जयंती मिश्रा अनिल कुमार मिश्रा मनोज कुमार पांडे अश्वनी कुमार आदित्य कुमार दीक्षित ज्ञान सिंह आदि लोग मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य निधि चैरसिया ने किया तथा संचालन नोडल संस्कृत हरीशानन्द मिश्र ने किया।

## एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

उत्तर प्रदेश एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें कुल 82 सदस्यों में अध्यक्ष पद के लिए 78 लोगों ने मतदान किया। 39 मत पाकर त्रिभुवन कुमार अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए ,वहीं निकटतम प्रतिद्वंदी यादवेंद्र प्रताप सिंह को 38 मत मिले एक मत अवैध घोषित किया गया। मंत्री पद के लिए उम्मीदवार सुशील सिंह को 50 मत मिले तथा निकटतम प्रतिद्वंदी असद खान को 27 मत मिले एक मत अवैध घोषित किया गया जनपदीय मंत्री सुशील सिंह को घोषित किया गया। कोषाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में सतीश कुमार को 40 मत तथा जेपी तिवारी को 34 मत प्राप्त हुए। सतीश कुमार को कोषाध्यक्ष घोषित किया गया।संतोष यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सुशील कुमार यादव ऑडिटर निर्विरोध निर्वाचित किए गए चुनाव मे पर्यवेक्षक आदित्य कुमार दीक्षित तथा अश्वनी कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ।

# शिक्षा विभाग की सरपरस्ती में अवैध विद्यालयों का हो रहा संचालन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नसीराबाद रायबरेली।** विकास खंड छतोह क्षेत्र में शिक्षा विभाग की सरपरस्ती में अवैध विद्यालयों की भरमार का मकड़जाल फल फूल रहा है।अब इसे सिस्टम की लाचारी कहें या फिर शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मिली भगत,कारण चाहे कुछ भी हो।लेकिन सच्चाई यही है कि नियमों को ताक पर रख बिना किसी खौफ और विभाग के लगातार नोटिस के बावजूद भी अमान्य कक्षाओं का धड़ल्ले से संचालन किया जा रहा है। छतोह विकास खंड क्षेत्र में दर्जनों अवैध विद्यालय संचालित हो रहें है। कई विद्यालय ऐसे भी है जो पांचवे या आठवें तक की मान्यता हासिल कर हाई स्कूल व इंटरमीडिएट तक की शिक्षा देने में मस्त है। सूत्रों की माने तो विद्यालय संचालक व बीईओ की चल रही सांठगांठ से समस्त नियमों कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है।बतातें चलें कि कुछ माह पूर्व विभागीय अफसरों ने क्षेत्र भ्रमण कर दर्जनों अवैध विद्यालयों के खिलाफ नकेल कसने की प्रक्रिया प्रारंभ की थी।लेकिन बाद में शिक्षा विभाग ने नोटिस जारी कर अपना पल्ला झाड़ लिया।जिसके चलते अवैध विद्यालयों पर अंकुश तो नही लगा लेकिन यह जरूर है कि जिम्मेदार अफसरों की आमदनी बढ़ गई। नतीजा बिना मान्यता या फिर अमान्य कक्षाऐं संचालित करने वाले स्कूलों पर कोई शिकंजा नही कस पा रहा है।तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेश कुमार यादव ने बीते सितंबर में 10 स्कूलों को नोटिस जारी कर अमान्य कक्षाऐं बंद करने का निर्देश दिया था।लेकिन विद्यालय संचालकों की मनमानी नही रूकी। बाद में उनका तबादला हो गया। विद्यालय संचालकों की मनमानी बढ़ गई और बेखौफ होकर अमान्य कक्षाओं का संचालन हो रहा है।इस बावत जब खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका सीयूजी नंबर बंद होने के चलते उनसे बात नही हो सकी।

# डीलिट उपाधि से सम्मानित वेदर्षि डॉक्टर अमल धारी सिंह का हुआ नागरिक अभिनंदन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** वैसवारा डिग्री कॉलेज के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में पूर्व प्राचार्य डीलिट उपाधि से सम्मानित वेदर्षि डॉक्टर एडी सिंह का विद्यालय प्रांगण में जोरदार अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। अभिनंदन समारोह में लालगंज क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें बड़ी माला, अंगवस्त्र और प्रतीक देकर सम्मानित किया।अपने अभिनंदन से गदगद डॉक्टर एडी सिंह ने कहा कि बैसवारा डिग्री कॉलेज ने मुझे जो सम्मान दिया है।वह कदाचित मुझे कहीं नहीं मिलेगा। प्रख्यात विद्वान डॉक्टर एडी सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वेद भारत देश का ही नहीं अपितु पूरी दुनिया की पहली पोथी है ।वेद ही प्रमाणिक तथा समस्त विद्याओ का भंडार है ।वेदों के कारण ही हमारी संस्कृति विश्व वंदनीय ।है वेद धरा पर सभी के लिए उपयोगी हैं। बताते चलें कि डॉक्टर एडी सिंह ने 84 वर्ष की आयु में काशी हिंदू विश्वविद्यालय से सन 2021 में डीलिट की उपाधि प्राप्त




कर समाज और विद्यार्थियों को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि विद्यार्जन के लिए कोई उम्र आड़े नहीं आती है। निरंतर अध्ययन से किसी भी उम्र में कोई भी डिग्री प्राप्त की जा सकती है। शिक्षा ही मानव को महान बनाती है। डॉ एडी सिंह ने अब तक 12 साहित्यिक ग्रन्थों की रचना की है ।भारतीय प्रसार परिषद मुंबई से विशिष्ट सम्मान प्राप्त हुआ है ।अखिल भारतीय विद्यत परिषद बनारस के द्वारा विद्वत भूषण तथा महा महोपाध्याय सम्मान प्राप्त हुआ है। 2023 में महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा भी सम्मानित हुए हैं। इसके अलावा काशी हिंदू विश्वविद्यालय में सर्वोत्तम छात्र के रूप में भी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के द्वारा पुरस्कृत किया गया था। ऐसे मनीषी का बैसवारा डिग्री कॉलेज में बसंत पंचमी के दिन अभिनंदन हुआ है। कार्यक्रम के मंच पर प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव की अगुवाई में बसंतोत्सव ,वाग्देवी सरस्वती पूजन एवं ग्रंथ लोकार्पण का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर एमडी सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री श्री 1008 स्वामी भास्कर स्वरूप जी महाराज के द्वारा की गई।इस अवसर पर डॉक्टर एस एन सिंह, अशोक सिंह रामपुरी ,आरके गुप्ता, कुंवर वीपी सिंह, डॉक्टर एसपी सिंह, बीएपीएस प्रबंधक सुनील सिंह, जय बहादुर सिंह, केशव कुमार सिंह, आशीष सिंह सेंगर, राजेश सिंह फौजी , हरिनाम सिंह, विश्वास बहादुर सिंह, डॉक्टर निरंजन राय, डॉक्टर बी एन विश्वकर्मा, डॉक्टर ओम प्रकाश सिंह ,सुनील शुक्ला ,डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह ,शेर बहादुर सिंह, राम प्रताप सिंह, सुरेश गुप्ता डॉ सी के भारद्वाज ,उमेश चंद्र श्रीवास्तव सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने देश के वीर शहीदों को पुष्पचक्र सहित पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। तद्पश्चात स्कूल की हेड-मिस्ट्रेस श्रीमती संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।कार्यक्रम के समापन में प्रधानाचार्य जी ने बच्चों को पुलवामा घटना के बारे में बताते हुए कहा कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सी0आर0पी0एफ0 के वाहनों के काफीले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें 40 से अधिक भारतीय सुरक्षाकर्मी शहीद हो गये। वास्तव में आज की तारीख भारतीय इतिहास के लिए काला दिन है। पूरा देश उन सभी वीर शहीदों के प्रति कृतज्ञ एवं ऋणी है, जिन्होंने देश पर प्राण न्योछावर कर दिये।इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसजेएस लालगंज में बसंत उत्सव के साथ हुआ फर्स्ट इन्ट्रेंस एग्जाम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** आधुनिक और तकनीकी शिक्षा के लिए मशहूर एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज में प्रथम प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक कराई गई।इसके पहले प्रधानाचार्य श्रीमती अंजू सिंह ने प्रवेश परीक्षा के लिए आए हुए अभिभावकों की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर बसंतोत्सव मनाया।



एसजेएस के द्वारा आयोजित प्रथम प्रवेश परीक्षा में करीब एक सैकड़ा बच्चों के द्वारा प्रवेश परीक्षा दी गई। प्री प्राइमरी से कक्षा 9 तक की कक्षाओं में प्रवेश के लिए विद्यालय परिवार के द्वारा परीक्षाएं आयोजित की गई। बच्चों के साथ पहुंचे अभिभावकों ने स्कूल का भ्रमण किया और आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ तकनीक का उपयोग करने के लिए विद्यालय की प्रशंसा की ।खासतौर से इमर्सिव क्लास, 3डी थिएटर, लैब आदि की सराहना की। प्रवेश परीक्षा का जायजा लेने पहुंचे एसजेएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक रमेश बहादुर सिंह ने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा देने के लिए सदैव कटिबद्ध रहता है। प्रबंधक अग्रज सिंह और सह प्रबंधिका डॉक्टर अनु श्री सिंह ने कहा कि एसजेएस ग्रुप आफ स्कूल की स्थापना ही बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा दिलाने के लिए हुई है। आज भी एसजेएस आधुनिक तकनीक से युक्त संस्कारी शिक्षा देने के लिए जाना जाता है। उन्होंने अभिभावको से कहा कि बच्चों को नियमित स्कूल भेजें, उनको शिक्षा में पारंगत करना विद्यालय का काम है।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (एकल पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **06.03.2024** को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 21-DyCEE-GS-LKO-2023-24 दिनांक : 13.03.2024 |
| निविदा संख्या | 21-DyCEE-GS-LKO-2023-24<br>13-DyCEE-GS-LKO-2023-24-4 |
| कार्य का नाम | (1) उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में स्थित निहालगढ, हैदरगढ एवं भरतकुंड स्टेशनों पर अमृत भारत योजना के अंतर्गत इम्प्रुवमेंट एवं डेवलपमेंट के कार्यो के सम्बन्ध में 25 के0 वी0 ओ0 एच0ई0 के माडिफिकेशन का कार्य।<br>(2) उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में समपार संख्या 12स्पेशल, 05/सी, 06/सी, 07/ए, 09/सी, 10/ए, 11/बी2, 12/सी, 15/ए, 17/सी, 24/सी, 35/बी, 38/बी एवं 41/ए (कुल 14 नं) पर प्रोजेक्ट मिशन रफ्तार के अन्तर्गत अधोगामि सेतु का निर्माण के सम्बन्ध में ओ0एच0ई0 के माडिफिकेशन का कार्य। |
| अनुमानित लागत | (1) Rs.63,80,083.66 (2) Rs.2,04,46,905.80 |
| धरोहर राशि | (1) Rs.1,27,600.00 (2) Rs.2,52,200.00 |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 21.02.2024 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 06.03.2024 11:30 बजे |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 484/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# माँ सरस्वती की भव्य पूजा-आराधना के साथ 'ऋतुराज बसंत' का आगमन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में विगत वर्षो की तरह इस वर्ष भी विद्या और ज्ञान की आराध्य देवी माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ ऋतुराज बसंत के आगमन का समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर में सुसज्जित पूजा पंडाल में स्थापित माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने संस्थान के अध्यक्ष इंद्रेश विक्रम सिंह व विभिन्न शाखाओं के प्रधानाचार्यो व समस्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ माँ



सरस्वती जी की भव्य पूजा-अर्चना कर हवन किया और सभी के जीवन में समृद्धि, ज्ञान और सुसंस्कृत जीवन प्रदान करने की कामना की। कर्यक्रम की इसी श्रृंखला में विद्यालय के विभिन्न शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संगीतमय भजन के माध्यम से वतावरण को भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, तारकेश्वर सिंह, कामाक्षा सिंह, इंद्रेश विक्रम सिंह, शिवांग अवस्थी, उप-प्रधानाचार्य मो0 फैज़ान खान, रजनी श्रीवास्तव, सी0 एस0 दास मिश्र, संध्या अग्रवाल, संचिता त्रिवेदी, अन्जू त्रिपाठी, भूपेन्द्र शुक्ला, शाहीन खान, कल्पना बाजपेई, पिंकी जायसवाल, राकेश अवस्थी, अवधेश कुमार शर्मा, रामदेव, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव, एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित विभिन्न शाखाओं के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत संपन्न हुए सामूहिक विवाह समारोह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन रायबरेली।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत संपन्न हुए सामूहिक विवाह समारोह में अव्यवस्थाओ का बोल बाला रहा।सम्मेलन में 155 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।तकरीबन एक हजार लोग कार्यक्रम के दौरान विवाह स्थल पर मौजूद रहे। लेकिन उनके लिए न तो पानी की व्यवस्था थी न ही विवाह के पांडाल में बैठाने के लिए कुर्सी लगाई गई थी।कार्यक्रम का आयोजन मिनी स्टेडियम सलोन में किया गया था।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मिनी स्टेडियम में 192 लोगो ने रजिस्ट्रेशन कराया था।जिसमे 151 जोड़ो ने वैदिक मंत्रोचारण के बीच सात फेरे लिए।और 4 जोड़ों को काजी ने निकाह पढ़वाया है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अशोक कोरी ने नव युगल दम्पतियों को चांदी की पायल, बिछिया, सुटकेश, लहंगा, बर्तन सेट उपहार स्वरूप दिया गया।इस बीच आयोजन स्थल पर वर और कन्या पक्ष के दर्जनों जोड़ो को बैठने के लिए कुर्सियां तक नही दी गई।जिससे वर और कन्या पक्ष के लोगो को जमीन में बैठकर शादी की रस्मे निभानी पड़ी।गायत्री परिवार के वेदपाठी ने फेरे कराए।वेद मंत्रों की गूंज के बीच युवक और युवतियों ने जीवनसाथी बनने के लिए कदम बढ़ाए।इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक अशोक कोरी, नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रशेखर रस्तोगी, एसडीएम आशुतोष राय मौजूद रहे।

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा लोकमित्र विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय सी–5772 सेक्टर 12 राजाजीपुरम लखनऊ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष तिवारी

# बाल विकास विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही क्षम्य नहीं - कमिश्नर

## बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वाधान में आयोजित मण्डलीय गोष्ठी आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. की अध्यक्षता में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वाधान में एक दिवसीय मण्डलीय गोष्ठी का आयोजन आयुक्त कार्यालय सभागार में किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ मण्डलायुक्त ने दीप प्रज्जवलित कर किया। गोष्ठी हेतु निदेशालय से नामित नोडल अधिकारी अजय सिंह ने आंगनबाडी केन्द्रों के कायाकल्प के लिए निर्धारित रोडमैप बताया।

मण्डलायुक्त ने विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए निर्देशित किया कि बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहाकि आंगनबाडी केन्द्रों पर संसाधनों का सुदृढीकरण करने हेतु शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार ग्राम्य विकास विभाग, पंचायत विभाग, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग एवं आईसीडीएस के अधिकारी आपसी समन्वय से केन्द्रों पर निर्धारित 18 इण्डीकेटर से आच्छादित करना सुनिश्चित करें। कम वजन के जन्म लेने वाले बच्चे, अल्प वजन की किशोरी बालिकाओं एवं अल्प वजन की गर्भवती महिलाओं को बाल विकास द्वारा अनुपूरक पुष्टाहार निर्धारित मात्रा में उपलब्ध कराया जाय और इसकी स्वास्थ्य विभाग नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करते हुए आवश्यक दवाओं का वितरण करे। उन्होंने निर्देशित किया कि विवाह होने तक किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाय जिससे कम वजन वाले बच्चों के जन्म में कमी लायी जा सके।

मण्डल स्तर पर पोषण के क्षेत्र में किये गये कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए समस्त अधिकारियों को भी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या आ रही हो तो समीक्षा बैठकों में अवगत कराये और जो समस्या राज्य स्तर पर हो उसे उनके स्तर से समाधान करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित करायें। उन्होंने यह भी कहा कि उनके द्वारा प्रत्येक माह मण्डल पोषण समिति के बैठकों में इसकी नियमित समीक्षा की जायेगी तथा जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले फ्रण्टलाइन वर्कर जैसे एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री का समय-समय पर डेवलपमेंट पार्टनर, यूनीसेफ एवं टाटा ट्रस्ट द्वारा क्षमतावर्धन हेतु प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया।

मीरजापुर, सोनभद्र एवं भदोही जिला कार्यकम अधिकारियों द्वारा सम्बन्धित जनपदों में कायाकल्प के अन्तर्गत किये गये कार्यों एवं अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यकम में अपर निदेशक बेसिक शिक्षा, उप निदेशक पंचायत राम जियावन, अपर निदेशक स्वास्थ्य राजेंद्र पाण्डेय, मुख्य अभियन्ता लो0नि0वि0, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, तीनों जनपदों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं जूनियर इंजीनियर उपस्थित रहे।

## सांसद ने किया श्रीराम वाटिका इको पार्क का भूमि पूजन

**चित्रकूट:** सांसद आरके सिंह पटेल, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की उपस्थिति में बुधवार को जनपद के ग्राम बनाडी निकट गणेश बाग स्थित श्रीराम वाटिका इको पार्क का पर्यटन विकास कार्य का भूमि पूजन विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर यूपीपीसीएल कुलदीप सिंह, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## सुलह समझौते के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत में कराएं अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण

**चित्रकूट:** आगामी 9 मार्च को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें निस्तारण योग्य वादों को चिन्हित कर अधिक से अधिक वाद निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला जज विकास कुमार प्रथम ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसमें अधिक से अधिक राजस्व वादों का निस्तारण किया जाए। पक्षकारों को नोटिस और सम्मन भेजा जाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए निरंतर प्री ट्रायल बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी, अपर जिला जज संजय कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दुबे, सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता, राजापुर तहसीलदार फूलचन्द्र, कर्वी के नायब तहसीलदार मंगल यादव, खान निरीक्षक मंटू कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। इसके अलावा मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण श्रीकृष्ण यादव ने मोटर दुर्घटना वादों से सम्बन्धित प्री ट्रायल बैठक का आयोजन किया। जिसमें सुलह समझौते के आधार पर मुकदमों को निस्तारित किए जाने पर जोर दिया गया। इस मौके पर अधिवक्ता प्रद्युम्न नारायण मिश्रा, राजकिशोर त्रिपाठी, मोहन लाल विश्वकर्मा, कमलाकान्त, शिवकृष्ण त्रिपाठी, सतेन्द्र निगम व राजेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ अधिवक्ता प्यारे लाल अग्रवाल को दी गई श्रद्धांजलि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** नगर के ऐतिहासिक शहीद उद्यान एवं लाला लाजपतराय पुस्तकालय की उन्नति एवं रामकृष्ण मिशन ट्रस्ट की स्थापना में पूर्व अध्यक्ष एवं प्रमुख अधिवक्ता स्व. प्यारेलाल अग्रवाल का योगदान अविस्मरणीय है। उनके स्वप्नों को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

उक्त कथन है ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष सी पी गुप्ता के, जिसे उन्होंने स्व अग्रवाल के प्रति नगर के विभिन्न संगठनों, राजनीतिक दलों एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के सम्मिलित प्रयास से बुधवार को आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में व्यक्त किए।

कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज कुमार जायसवाल ने कहा कि जब कोई वट-वृक्ष जैसा व्यक्तित्व इस दुनिया से चला जाता है, तब उसकी भरपाई करना कठिन हो जाता है। इसी कड़ी में वरिष्ठ साहित्यकार एवं आदर्श इंटर कॉलेज पूर्व प्रधानाचार्य ब्रजदेव पांडेय ने कहा कि साहित्य जगत के संवर्धन में स्व अग्रवाल का योगदान उल्लेखनीय रहा है। इनके प्रयास से लायन्स क्लब, रोटरी क्लब, त्रिवेणी संस्था एवं जेसी आदि में भगवान अवधूत राम, प्रयागराज की साहित्यकार महादेवी वर्मा एवं डॉक्टर जगदीश गुप्त का आगमन हुआ था।

इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने स्व.अग्रवाल के बहुआयामी व्यक्तित्व के विविध पहलुओं का उल्लेख किया। स्व. अग्रवाल के अधिवक्ता होने के नाते बड़ी संख्या में जुटे अधिवक्ताओं ने न्यायिक सेवा में उनके उच्च स्तरीय मानदंडों पर प्रकाश डाला। अधिवक्ताओं में सुरेश कुमार त्रिपाठी, कृपाशंकर मिश्र, अशोक कुमार सिंह, विमला दुबे, गया प्रसाद पांडेय, देवीशंकर मिश्र शामिल थे जबकि सामाजिक संगठनों से सुनील पाण्डेय, दिलीप सिंह गहरवार, शक्ति श्रीवास्तव, राजेन्द्र तिवारी,भोलानाथ कुशवाहा, मनोज कुमार शुक्ल, ओबीटी कार्पेट कम्पनी के उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र तथा पत्रकार अमरेश मिश्र एवं शिवशंकर उपाध्याय ने स्व.अग्रवाल के सामाजिक योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम के अंत में कृतज्ञता ज्ञापन अधिवक्ता एवं कवि रवींद्र कुमार पांडेय एवं संचालन सलिल पांडेय ने किया। शान्ति-पाठ ज्योतिषाचार्य पं जगदीश प्रसाद द्विवेदी एवं राजन द्विवेदी ने किया। संयोजन प्रज्ञेश कुमार तिवारी ने किया।

## ओ लेवल कंप्यूटर की परीक्षाएं सकुशल सम्पन्न

**चित्रकूट:** संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अधिकृत राष्ट्रीय कम्प्यूटर शिक्षा मिशन में ओ लेवल की प्रेक्टिकल परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा प्रातः 9 बजे से साय 5:30 बजे तक होती रही। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अधिकृत राष्ट्रीय कम्प्यूटर शिक्षा मिशन के प्रबंध निदेशक सुन्दर सुभाष चन्द्र साहू, एग्जामिनेशन सुपरीटेंडेंट प्रोफ़ेसर ओमप्रकाश लखनऊ विश्वविद्यालय सीकेटी 2 एवं प्रोफेसर विनीत कुमार सीकेटी 1 के परीक्षा प्रभारी, इंटर्नल एग्जामिनर ज्योति साहू एवं राजीव सिंह की देख रेख में हुई। परीक्षा 16 सीसीटीवी कैमरों के बीच नकल विहीन परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 1878 छात्र-छात्राओं को सम्मिलित होना था। जिसमें से कुल 1675 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। साथ ही 203 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। इस मौके पर इनविजीलेटर रिजवाना, विनीता सिंह, विनोद कुमार, राजीव सिंह, माया साहू आदि मौजूद रहे।


### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, कौशाम्बी
पताः–विकास भवन मंझनपुर कौशाम्बी।

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक– 846 /ग्रा0अ0वि0/ई0 निविदा/2023–24 दिनांकः 24.01.2024

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड कौशाम्बी के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा स्वीकृति की प्रत्याशा में आमंत्रित की जाती है, स्वीकृति प्राप्त न होने एवं धनराशि अवमुक्त न होने पर विलम्ब/निरस्तीकरण एवं भुगतान सम्बन्धी निविदादाता का कोई दावा मान्य नही होगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। विगत पांच वर्ष की अवधि में समान प्रकृति एवं न्यूनतम 1/3 मूल्य के किसी एक कार्य का अनुभव होना अनिवार्य है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 को छोडकर (लाख रू0 में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कौशाम्बी | ग्राम पंचायत कोल्हुवा में कोरीपुर सम्पर्क मार्ग से कोल्हुवा ग्राम सभा तक इण्टरलाकिंग कार्य | 37.42 | 75000 | 1000 | 3 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः– 17.02.2024 से 23.02.2024
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समयः– 23.02.2024 को सांय 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 24.02.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
6. जी0एस0टी0 नियमानुसार अतिरिक्त से देय होगी।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(विपुल चन्द्रा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड कौशाम्बी।

www.upgov.nic,in
R.O.No.-203389 Date-14/02/2024



### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2 लो0नि0वि0, प्रतापगढ़

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक : 300 /19ए/2023–24 दिनांक : 06.02.2024

1- महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0–2, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़ द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के सक्षम श्रेणी के मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत पात्र निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता निविदा डालने से पूर्व सावधानीपूर्वक संशोधन/परिवर्तन, अनुबंध की शर्तो कान्ट्रैक्ट डाटा, फार्म तकनीकी विशिष्टियॉ, बिल आफ क्वान्टिटी का भली–भॉति अध्ययन कर लें।

| क्र.स. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| वित्तीय वर्ष 2023–24 में विशेष मरम्मत का कार्य विधानसभा सदर के अन्तर्गत (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | | | | | |
| 1 | महुआर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत (सी0सी0 एवं नाली निर्माण) का कार्य। | 29.00 | 2.90 | 944.00 | 3 माह |
| 2 | कटरा इन्द्रकुंवर से ढेरहना सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत (सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य। | 19.00 | 1.90 | 944.00 | 3 माह |
| वित्तीय वर्ष 2023–24 में विशेष मरम्मत का कार्य विधानसभा विश्वनाथगंज के अन्तर्गत (स्वीकृति की प्रत्याश में) | | | | | |
| 3 | बढ़नी बलीपुर से बाबूगंज सम्पर्क मार्ग (अ0जि0मा0) पर पैच मरम्मत का कार्य। | 31.00 | 3.10 | 944.00 | 3 माह |
| वित्तीय वर्ष 2023–24 में विशेष मरम्मत का कार्य विधानसभा विश्वनाथगंज के अन्तर्गत (स्वीकृति की प्रत्याश में) | | | | | |
| 4 | मोहनगंज मोड़ से बाबा बालकेश्वर नाथ धाम तक मार्ग का विशेष मरम्मत क कार्य। (सी0सी0 एवं नाली निर्माण) | 21.00 | 2.10 | 944.00 | 3 माह |
| 5 | सराय नाहर पावर हाउस से सराय भीमसेन सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत क कार्य। | 16.00 | 1.60 | 944.00 | 3 माह |
| 6 | रमोला सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत क कार्य। | 12.00 | 1.20 | 944.00 | 3 माह |
| 7 | प्रतापगढ़ कटरा गुलाब सिंह मार्ग से शोभीपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत क कार्य। | 14.00 | 1.40 | 944.00 | 3 माह |

2- बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी का यू0आर0एल0 http:/wms.uppwd.gov.in/Prahari/ पर निविदा **दिनांक–17.02.2024 से 24.02.2024** तक उपलब्ध है, जो **दिनांक–24.02.2024** को दोपहर 12.00 बजे या इससे पूर्व अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड **दिनांक–24.02.2024** को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं http:/wms.uppwd.gov.in/Prahari/ पर उपलब्ध है।

(बी0एम0 सिंह)
अधिशाषी अभियन्ता,
नि0ख0–2, लो0नि0वि0,
प्रतापगढ़

www.upgov.nic,in
R.O.No.-203392 Date-14/02/2024


# डीएम ने ली जिला पर्यावरण एवं जिला पौधरोपण समिति की बैठक




चित्रकूटः जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पर्यावरण एवं जिला पौधरोपण समिति की बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री की अपेक्षा अनुसार प्रदेश की हरियाली एवं बढ़ते प्रदूषण तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा हरित आवरण में वृद्धि के लिए जन आंदोलन के माध्यम से पौधरोपण को बढावा देना है। उन्होंने कहा कि राज्य वन नीति में व्यापक स्तर पर जन सामान्य विशेषकर महिलाओं, विद्यार्थियों, कृषकों, दिव्यांग एवं दृष्टि बाधित, पूर्व सैनिकों समाज के अल्प आय वाले व्यक्तियों एवं वनों की समीप रहने वाले समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से वानिकी कार्य को जन सहभागिता के रूप में चलाई जाने का आह्वान किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि 2024-25 में पौधरोपण का लक्ष्य 7220520 रखा गया है, जो विभिन्न विभागों द्वारा हर वर्ष की भांति पौधरोपण किया जाना है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग विद्यालय, समाज कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, जल निगम, जिला पंचायत, मंडी समिति, नेडा, एलडीएम विभाग जिसके पास जमीन व कैंपस हो उनको भी लक्ष्य दिया जाए। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विरासत वृक्ष वाटिका, जलाशय के किनारे पौधरोपण व मित्र वन भी लगाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभागों को जो लक्ष्य दिया गया है, उसे समय से पूर्ण कराएंगे। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि जो पेड़ काटे जा रहे हैं, उनके स्थान पर चिन्हित स्थलों पर पौधरोपण भी करवाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जो अच्छे वृक्ष हैं, लगभग 25-30 वृक्ष गणेश बाग में भी लगवाए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी व अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया की नदियों के किनारे भी साफसफाई कराएं। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को भी निर्देशित किया कि विस्फोटक सामान से नदियों में जो मछली मारते हैं, उनके खिलाफ भी कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद में प्रमुख भंडारों केन्द्रो पर संत महात्माओं से बात कर शपथ दिलाए कि थर्माकोलों से बनी दोना पत्तल का प्रयोग न कर वृक्ष के दोने पत्तल का प्रयोग करें। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी अधिशासी अधिकारियों से यह सुनिश्चित कराएं की एक महीने में कितने पोलिथीन पकड़े गए, कितने पर जुर्माना हुआ, इसका भी चार्ट बनाकर अगली मीटिंग में प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि नालों को कितने टैप किए गए हैं, इसकी भी सूची बनाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद चिकित्सालय व होटल से निकलने वाले अपशिष्ट का भी प्रबंध सुनिश्चित कराए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कूडा को न जलाएं, सरकार द्वारा गाड़ियां दी गयी हैं उसके माध्यम से एम आर एफसेंट्रो पर प्रबंधन कराएं। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कूडा जलते हुए पकडे जाने पर सम्बन्धित कर्मचारी का वेतन काट लिया जाएगा।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, प्रभागीय वनाधिकारी उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व डॉ नरेंद्र सिंह, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुभाष चंद्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सोनाली पुत्री रमेश पाल निवासी ग्राम एकडला पोस्ट कुमार पट्टी जनपद जौनपुर की निवासी हूं। मेरी एक एलआईसी संख्या 312470750 में मेरा बुलाने वाला नाम पुष्पा पाल पुत्री रमेश चन्द्र पाल अंकित हो गया है। जबकि मेरे अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम सोनाली रमेश पाल पुत्री रमेश पाल दर्ज है। उक्त दोनों नाम मेरे ही है। इसमें ना कुछ झूठ है और ना कुछ छुपाया गया है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत सौरई खुर्द विकास खण्ड सिराथू, जनपद-कौशाम्बी
निविदा

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सौरई खुर्द विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी में राज्य वित्त/15वाँ वित्त योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना में सम्मिलित कार्यो को कराने हेतु निर्माण हेतु प्रयुक्त होने वाली सामाग्री सीमेन्ट, बालू, पेन्ट, इलेक्ट्रिक वायरिंग अंतर्गत वायरिंग का सामान इत्यादि सामाग्री आपूर्ति किये जाने हेतु दिनांक 15.02.2024 से दिनांक 21.02.2024 के मध्य निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्म से अपेक्षा है कि निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अपना–अपना दर सम्बन्धित निविदा उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्राप्त निविदायें दिनांक 22.02.2024 को दोपहर 3.00 बजे प्राप्त निविदायें खोली जायेगी। जिसका विवरण निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | परियोजना क नाम | अनु0ला0 | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | आँगनबाड़ी केन्द्र सौरई खुर्द में निर्माण कार्य एवं सौन्दर्यीकरण कार्य | 2.73 लाख | |

अत: किसी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा।

राघवेन्द्र सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–सौरई खुर्द
वि0ख0–सिराथू, कौशाम्बी

अमित कुमार साहू
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत–सौरई खुर्द
वि0ख0–सिराथू, कौशाम्बी

पत्रांक : मेमो/ग्राम पंचायत/निविदा/2023–24 दिनांक 14.02.2024



### कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर बढ़नावा विकास खण्ड कड़ा जनपद कौशाम्बी

पत्रांक : मेमो/टेण्डर पत्रा0/ग्रा0पं0/2023–24 दिनांक 14.02.2024

निविदा आमन्त्रित सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग/पंचम वित्त आयोग/अन्तेष्टि स्थल विकास योजना/मनरेगा से ग्राम पंचायत के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो हेतु पंजीकृत सप्लायर/ठेकेदारो/दुकानदारो से कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदाये दिनांक 15.02.2024 से 21.02.2024 दोपहर 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।
निविदायें उसी दिन सायं 04.00 बजे आवेदको की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में खोली जायेगी। फर्म कार्य की दरे उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
निविदा प्रपत्र दिनांक 15.02.2024 से ग्राम पंचायत से नि:शुल्क प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | भदई पटेल के घर से सन्तलाल के घर तक इण्टरलाकिंग मरम्मत कार्य | 2.69 | ईट, बालू, गिट्टी, सरिया, सीमेन्ट, पेन्ट, दरवाजा, खिड़की, प्राइमर, प्लम्बरिंग सामग्री, हियूम पाइप, इलेक्ट्रिक सामग्री, मिटटी एवं अन्य सामग्री आवश्यकता अनुसार |
| 2 | नोखे लाल के घर से रामसूरत के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 2.33 | |

निविदा की शर्ते–
1. निविदा के साथ जी0एस0टी0 पंजीकरण/आयकर पंजीकरण आदि प्रमाण पत्रों की छायाप्रति कार्यालय में जमा करनी होगी।
2. निविदाओ को स्वीकृत दरो के अतिरिक्त निर्धारित जी0एस0टी0 के अलावा कोई कर या भाड़ा अथवा अन्य खर्चा पृथक से देय नही होगा।
3. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

राम नरेश पटेल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामपुर बढ़नावा
वि0ख0 कड़ा, कौशाम्बी

रमेश चन्द्र सोनकर
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत रामपुर बढ़नावा
वि0ख0 कड़ा, कौशाम्बी


# बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव शाबित हुआ काल, धमाके में चार की मौत



**चित्रकूट:** चित्रकूट इंटर कॉलेज में चल रहे बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव में रखी आतिशबाजी सामग्री में अचानक विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पर्यटन विभाग द्वारा दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन चित्रकूट इंटर कॉलेज में कराया जा रहा था। जिसमें बुधवार की दोपहर तीन बजे अचानक हादसा हो गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बनाए गए मंच के पीछे रखी आतिशबाजी सामग्री में विस्फोट हो गया। जिससे दो लोगों की मौत मौके पर ही हो गयी और दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। यहां से प्रयागराज भेजे जाने पर इन दोनों की भी मौत हो गयी। कार्यक्रम स्थल चित्रकूट इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान एवं कॉलेज के अध्यक्ष पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने आरोप लगाया कि पर्यटन विभाग द्वारा बिना उनकी अनुमति के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी फुहडता थी। उन्होंने घटना के लिए पर्यटन विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि घटना स्थल पर कई थानों की पुलिस लगाई गई है। अस्पताल में भी पुलिस तैनात की गयी है। साथ ही घायलों को पुलिस स्क्वाड के साथ प्रयागराज रवाना किया गया है और प्रयागराज के मेडिकल कॉलिज से सम्पर्क करके घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सभी जिलों में पर्यटन विभाग द्वारा कराया जा रहा था। इसी क्रम में पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव के आगामी कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# गौरा विकास खंड कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला

## कार्य होने के बाद निकाला जाता है टेंडर, विकास के लिए आए धन की बंदरबांट के लिए पूरा होता है कागजी कोरम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिले के विकासखंड गौरा में विकास कार्य होने के बाद टेंडर निकालकर धन की बंदरबांट करने के लिए कागजी कोरम पूरा कर लेते हैं। बुधवार को एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कई ग्राम पंचायतों में 15 विभिन्न कार्यों को पूरा करने के लिए टेंडर निकाला गया है। यह सभी कार्य पक्की नाली, इंटरलॉकिंग, सड़क, क्षेत्र पंचायत निधि के द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इनमें से कई कार्य तो कई महीने पहले ही पूरे हो चुके हैं। इसके बावजूद खंड विकास अधिकारी की मिलीभगत से टेंडर निकालकर धन की बंदरबांट करने की जुगाड़ की जा रही है।

टेंडर में ग्राम पंचायत गौरा पूरेबदल में थाना फतनपुर गेट के सामने 60 मीटर का निर्माण होने की बात कही गई है, जबकि यह कार्य कई माह पूर्व हो चुका है। यह कौन सी योजना व किस मद से कार्य हुआ है यह तो विभाग के अधिकारी जानें। यह तो महज एक बानगी है। क्षेत्र में ऐसे ही कई कार्य हैं जो अधिकारियों की मिलीभगत से पैसे के लिए बार बार कराए जा रहे हैं।



आरोप है कि खंड विकास अधिकारी गौरा यह टेंडर निकालकर धन की बंदर बाट करने की जुगत में लगे हैं। इसी प्रकार से कई अन्य कार्य भी हो चुके हैं जिसका पैसा निकाला जा चुका है। इस मामले की शिकायत समाजवादी पार्टी के अधिवक्ता प्रदेश सचिव रमेश गुप्ता ने उच्च अधिकारियों से की है।

प्रभारी खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की पूरी जानकारी नहीं है। गौरा ब्लाक का चार्ज मिला है। लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। इस कारण चुनाव आयोग द्वारा किसी भी समय आचार संहिता लागू की जा सकती है। इसी जल्दबाजी में प्रस्तावित कार्य योजना के टेंडर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जो टेंडर निकाला गया है उसमें से कुछ कार्य हो गए होंगे। इसकी जानकारी नहीं है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# विवाहिता पर जानलेवा हमले को लेकर नौ आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने विवाहिता के उत्पीडन तथा जानलेवा हमले को लेकर नौ आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा दहेज उत्पीड़न समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे चोप सिंह निवासी शिवकुमार विश्वकर्मा की पुत्री खुशबू विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि ससुरालीजनों द्वारा दहेज में चार पहिया की मांग को लेकर उसे लगातार परेशान किया जाता है। पीडिता ने तहरीर में कहा है कि पन्द्रह नवंबर को उसका पति संग्रामगढ़ थाना के भरतगढ़ निवासी सुभाषचंद्र पुत्र मूलचंद्र, ससुर मूलचंद्र, चचिया ससुर रामचंद्र, चचेरे जेठ दीपक, सास फूलकली, चचिया सास मंजू, अजिया सास रानी, ननद प्रीती व पूजा ने दस लाख रूपये की अतिरिक्त मांग भी की। पीडिता ने असमर्थता जतायी तो आरोपियों ने जान से मार देने की नीयत से उसका गला दबा दिया।

# विद्यालयों में धूमधाम संग मना वार्षिकोत्सव समारोह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** लोदीपुर देवर पट्टी स्थित मीरा देवी इंटर कॉलेज के प्रांगण में बुधवार बहुत ही भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें आर कान्वेंट स्कूल , न्यू प्रयाग पब्लिक स्कूल , आदर्श पब्लिक स्कूल के सभी बच्चे शामिल रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधिका शिखा त्रिपाठी, प्रधानाचार्य संजय कुमार त्रिपाठी , राजीव कुमार त्रिपाठी, अजय कुमार त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर शुरूआत किया। उसी क्रम में बच्चों ने बहुत ही भव्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया । बच्चो की रंगारंग प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया।

तीनों विद्यालय के बच्चों ने बहुत ही अच्छा और भव्य कार्यक्रम का प्रस्तुत किया। वहां बैठे सभी अभिभावक व दर्शक कार्यक्रम को देखकर भाव विभोर हो उठे। बाद में सभी विद्यालयों के बच्चों को भोजन कराया गया । भोजन पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय पांडे (खाद्य एवं रसद इंस्पेक्टर )श्वेता पांडे शिक्षिका



,ओपी श्रीवास्तव , ओम प्रकाश यादव अरविंद केसरवानी, संजय शुक्ला ,श्यामू मिश्रा, धीरेंद्र सिंह ,राजेश साहू ,उदल मिश्रा (प्रधान )विनय मिश्रा (प्रधान) दिलीप मिश्रा (प्रधान ),राजकुमार मिश्रा (प्रधान ),ऋषभ यादव, प्रमोद गौतम ,डॉ राम पांडे ,गौरव सिंह (शाखा प्रबंधक ग्रामीण बैंक बिहार) गुड्डू मिश्रा ,कुलदीप त्रिपाठी ,रोहित पांडे (जिला पंचायत सदस्य ),आलोक पांडे, शुभ त्रिपाठी( अधिवक्ता )दीपक द्विवेदी (अधिवक्ता )उदित नारायण द्विवेदी (पूर्व विश्वविद्यालय प्रोफेसर) आदि रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य संजय कुमार त्रिपाठी ने अपने विद्यालय के सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं का अभिनंदन एवं शुकिया किया।

# बसंत पंचमी पर लगाई डुबकी, होलिका स्थापित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ।** जिले में बसंत पंचमी का पर्व आज बुधवार को श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जहां लोगो ने गंगा स्नान करके दान पुण्य किया। वही अनेक स्थानो पर होलिका की विधि विधान के साथ स्थापना की गई। सुबह खिली धूप ने पर्व का एहसास कराया। गंगा नदी के घाटो पर सुबह से ही श्रद्धालुओ का जमावड़ा होने लगा था। घाटो पर नहाने वालो की दोपहर तक काफी भीड़ रही। लोग स्नान के बाद ब्राम्हणों को दान भी दे रहे थे। इसके अतिरिक्त गांव गांव में विधि विधान के अनुसार मंत्रोच्चार के बीच होलिका के रूप में रेड़ी का पेड़ लगाया गया। बताते चले कि बसंत पंचमी अपने साथ कई परिवर्तन लेकर आता है। बसंत पंचमी के दिन शरत ऋतु की विदाई के साथ पेड़ पौधे एवं प्राणियों में नवजीवन का संचार होता है। आयुर्वेद में भी बसंत पंचमी को स्वास्थ्य के लिए बेहतर बताया गया है। इस दिन को पुराणो में भी अत्यंत श्रेयस्कर माना गया है। यह पर्व माघ मास में ही पड़ता है। माघ मास का भी धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्व है। दूसरे इस समय सूर्य देव भी उत्तरायण में होते है। पुराणो में उल्लेख मिलता है कि देवताओं का एक मनुष्यो के एक साल के दिन रात के बराबर होता है। उत्तरायण देवताओं का दिन तथा दक्षिणायन रात होता है। बसंत पंचमी का पर्व इतने शुभ समय पर पड़ता है कि इस पर्व का स्वतः धार्मिक व वैदिक दृष्टि से अतिविशिष्ट महत्व परिलक्षित होता है।

# पहरे को तोड़ किया प्रेम का इजहार

## वेलेन्टाइन डे पर बेल्हा देवी, चिलबिला जंगल में रही भीड़

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ।** पश्चिमी देशो में लोकप्रिय वेलेन्टाइन डे का क्रेज बेल्हा के युवाओं पर छाया रहा। बुधवार को इस मौके पर कुछ संगठनो का पहरा होने के बावजूद भी दिल वाले कही न कही मिले और अपने प्रेम का इजहार किया। शहर में वैसे तो सार्वजनिक स्थल पार्क आदि कम है। लेकिन इससे दिन वाले चिन्तित नहीं हुए। वे कम्पनी बाग पहुंचे और वहां एक दूसरे से मिले। बेल्हा देवी धाम और साई दाता कुटी में भी दीवानो का जमघट रहा। धाम की सीढ़ियो सई की उठती हिलोरो की तरह प्रेमी युगलो की भावनाएं मचल रही थी। कई जोड़ो ने एक साथ मां बेल्हा देवी का दर्शन किया। साथ ही प्रेम की




यात्रा का आशीर्वाद मांगा। सीढ़ियो पर बैठकर सपने भी बुने और होटलो में नाश्ता किया। प्यार के इजहार का पहरा भी रहा।

### चार गुने दाम में बिके गुलाब के फूल

प्रतापगढ। युवा अपने इश्क को छिपा नहीं पाए। इसके लिए वे माली की दुकान पर चार गुने दाम पर गुलाब के फूल खरीदे। रामदीन व कल्लू माली ने बताया कि आज तो बीस रूपए तक गुलाब का एक फूल बिक गया।

### माता पिता एवं गुरू वंदना का हुआ आयोजन

प्रतापगढ। एक तरफशहर में वेलेन्टाइन डे की धूम रही। वही दूसरी तरफमाता पिता पूजन का आयोजन भी किया गया। लोगो ने कहा कि इस दिन युवक युवतियों द्वारा प्रेम का इजहार समाज को गर्त में धकेल रहा है।

# विद्युत लाइट लगा रहे कर्मचारी को पीटा , छीना मोबाइल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़** नगर पंचायत के विद्युतकर्मी बद्री प्रसाद 11 फरवरी को प्रमोद कुमार, रामफल के साथ मेन चौराहे पर तिरंगा लाइट लगा रहा था।आरोप है कि चौराहे का एक युवक अभद्रता करते हुए गालियां देने लगा। जब उन्होंने विरोध किया तो उसका मोबाइल पटक कर तोड़ दिया। पीड़ित ने पूरे मामले की तहरीर कुंडा कोतवाली पुलिस को दी है। कुंडा कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि मामले की तहरीर मिली है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान 04 दिव्यांगों को इलेक्ट्रानिक ब्लाइन्ड छड़ी का किया वितरण



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कलेक्टेऊट के जनसुनवाई कक्ष में 04 दिव्यांगों क्रमशः ननकुल्ले निवासी मडौली कुण्डा, रीता सरोज निवासी बैरागीपुर तहसील कुण्डा, रवी सरोज निवासी भीठलपुर रानीगंज एवं अर्जुन निवासी लीलापुर लालगंज को इलेक्ट्रानिक ब्लाइन्ड छड़ी का वितरण किया एवं 04 दिव्यांगों को जलपान की व्यवस्था भी करायी गयी। इलेक्ट्रानिक ब्लाइन्ड छड़ी प्राप्त कर सभी लाभार्थियों ने काफी प्रसन्नता व्यक्त की और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के वरिष्ठ सहायक अकबर अली व कलेक्टेऊट के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 15 फरवरी से 28 फरवरी तक नि:शुल्क खाद्यान्न का होगा वितरण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ।** जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि माह फरवरी 2023 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को दिनांक 15.02.2024 से दिनांक 28.02.2024 तक खाद्यान्न का वितरण ई-पॉस मशीन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। इस अवधि में विकासखण्ड-कालाकांकर में सम्पूर्ण अन्त्योदय कार्ड 5097, कुण्डा 3703 अन्त्योदय कार्ड इस प्रकार कुल 8800 अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 09 किग्रा0 गेहूँ, 05 किग्रा0 बाजरा व 21 किग्रा0 चावल तथा शेष जनपद के अन्त्योदय कार्डो पर 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। वितरण अवधि में आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिक्रेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात 28.02.2024 को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें। खाद्यान्न व बाजरा के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। वितरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की शिकायत के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षकों से एवं टोल फ्री नम्बर, 1800-1800-150 एवं 1967 पर की जा सकती है। कार्डधारको से अपील की जाती है कि वह अपना धैर्य बनाये रखे व वितरण में यथोचित सहयोग प्रदान करें।

# पूर्व विधायक के नेतृत्व में प्रधान और बी डी सी भाजपा में हुए शामिल



**रानीगंज प्रतापगढ़** स्विथानीय धान सभा मे प्रेम साधना पैलेस रानीगंज में आज पूर्व विधायक अभय कुमार ओझा ऊर्फ धीरज ओझा और कार्यक्रम के संयोजक संजय मिश्रा युवा मोर्चा के नेतृत्व में ग्राम प्रधान और बी डी सी और अल्पसंख्यक और दलित वर्ग के सैकड़ो लोग ने भाजपा की सदस्यता ली । जिला से भी भा ज पा के पदाधिकारी जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटे ज़िला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव पुर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी शिवगढ़ ब्लॉक प्रमुख सत्यम ओझा भी मौजुद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला खेल विकास एव प्रोत्साहन समिति के संचालन हेतु धनराशि की व्यवस्था के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया, स्पोर्ट स्टेडियम में आधुनिक जिम के लिये टेऊनर नियुक्त करने हेतु प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की।

खेलो इण्डिया में ऑल इण्डिया स्तर पर मोहम्मद तौसीफ ने इंडिया यूथ गेम्स में कांस्य पदक जीतकर जनपद प्रतापगढ़ का नाम गौरान्वित किया है, तौसीफके लिये भी



खेल किट की व्यवस्था के लिये सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश गुप्ता, क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज व समिति सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# जुग जुग जियो हो ललनवा भावना के भाग जांगल हो



**कोहंडौर प्रतापगढ़** –नगर पंचायत कोहंडौर के बरौली गांव में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा अमृत वर्षा हो रही है। पांचवें दिन कि कथा में अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास पंडित भास्कराचार्य द्विवेदी जी महाराज के अमृतवाणी से श्रीमद् भागवत कथा गाई जा रही है। कथा में श्री व्यास जी ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा को सुनाया। भगवान का जन्म होते ही बरौली गांव निवासी सुरेश नारायण मिश्रा जी का घर भक्तिमय हो गया। सोहर जुग जुग जिया हो ललनवा भवनवा के भाग जागल हो । भजन श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेव देव। भगवान श्री कृष्ण कि झांकी निकाली गई वासुदेव बने ज्ञानेंद्र मिश्रा। भगवान को सर पर रख पूरे पांडाल को भक्तिमय कर दिया महिलाओं ने भी सोहर ,भजन गाते ही लगे जमकर जयकारे कार्यक्रम आयोजक राज कुमार मिश्रा, ज्ञानेंद्र मिश्रा मुख्य यजमान लालता प्रसाद, सुरेश नारायण मिश्रा, अन्न भाक्त सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# शहीदों की याद में मेडिकल कॉलेज में लगा रक्तदान कैंप

## शिविर में छात्रों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ।** डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल परिसर में पुलवामा के शहीदों की याद में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। जिसमें कालेज के छात्रों ने रक्तदान कर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में लगे रक्तदान शिविर में मेडिकल के 16 छात्रों ने रक्तदान किया।

इस मौके पर पैथोलॉजी और ब्लड बैंक फैकल्टी की तरफ से प्रोफेसर डाक्टर अमित कुमार, डाक्टर दीपिका केसरवानी, दीपिका पांडेय, शुभम मिश्रा और आफरीन फातमा समेत कई डाक्टर और छात्र मौजूद रहे।

रक्तदनियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

बता दें कि डाक्टर दीपिका केसरवानी के ब्लड बैंक प्रभारी बनने के बाद ब्लड डोनेशन कैंप के कार्यक्रमों में तेजी आई हैं। रक्तकोष में अब ब्लड की शायद ही कमी होने पाए। प्रिंसिपल डॉ सलिल भी इससे इत्तेफाक रखते हैं।

# अभ्यर्थी हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड में विभिन्न पदों हेतु 16 फरवरी तक आवेदन पत्र सेवायोजन कार्यालय में जमा करें

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लि0 (एच0ए0एल0) कोरवा अमेठी द्वारा अधिकतम चार वर्ष की निर्धारित अवधि हेतु विभिन्न पदों जैसे आपरेटर (डिप्लोमा इन इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रानिक्स), कामर्शियल असिस्टेन्ट/एडमिन असि0 (स्नातक तथा कम्प्यूटर ज्ञान), आपरेटर (आई0टी0आई0 टेऊड मशिनिष्ट/टर्नर/मशीनिष्ट ग्राइन्डर/इलेक्ट्रोप्लेटर तथा एनएसी/एनसीवीटी), लैब आपरेटर (बी0एस0सी0 रसायन शास्त्र), सुरक्षा गार्ड (भूतपूर्व सैनिक तथा 03 वर्ष का अनुभव), अधिकतम आयु 28 वर्ष (31.01.2024) तथा पिछड़ी जाति/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयु में छूट नियमानुसार हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 16 फरवरी 2024 तक जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ में अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं सेवायोजन पंजीकरण के साथ उपस्थित हो जिससे कि उनके आवेदन पत्रों को अग्रिम कार्यवाही हेतु नियोजक (एचएएल) को प्रेषित किया जा सके।

# केंद्रीय विद्यालय रायबरेली में मनाया गया प्रथम पाली के कक्षा बारह के छात्रों का विदाई समारोह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** केंद्रीय विद्यालय रायबरेली में विद्यालय के वरिष्ठतम छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ कक्षा 12 के सभी छात्रों का तिलक द्वारा स्वागत करके किया गया। प्राचार्य एस के अग्रवाल की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने समूह गीत, समूह नृत्य तथा एकल नृत्य द्वारा समाँ बाँध दिया। बीच-बीच में वरिष्ठ छात्र स्तुति सिंह, भूमिका सिंह तथा आंजनेय शर्मा ने अपने अनुजों से अपने लंबे विद्यालयी जीवन के अनुभव साझा किए।कार्यक्रम के उत्तरार्ध में प्राचार्य महोदय द्वारा 2024 बैच के सभी छात्रों को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। वरिष्ठ अध्यापक जेएस प्रसाद ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। पाठ्यसहगामी क्रियाकलाप प्रभारी अभिषेक सिंह ने छात्रों को केंद्रीय विद्यालय संगठन का हिस्सा होने का महत्त्व बताते हुये उनका ध्वजवाहक बनने को प्रेरित किया। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में छात्रों को परीक्षा में बेहतर नंबर पाने के गुर तथा भविष्य में देश और समाज के लिए कुछ अच्छा कर गुजरने की प्रेरणा दी। अंत में उपप्राचार्य राजेश त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संपूर्ण आयोजन की व्यवस्था कक्षा 11 के छात्रों ने वरिष्ठ अध्यापकों की देख रेख में की। संगणक शिक्षक अमित सिंह चैहान ने फोटोग्राफी की। अल्पाहार करके अपने कक्षाध्यापकों से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सभी छात्रों ने घर के लिए प्रस्थान किया।

# एसजेएस लालगंज में बसंत उत्सव के साथ हुआ फर्स्ट इन्ट्रेंस एग्जाम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** आधुनिक और तकनीकी शिक्षा के लिए मशहूर एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज में प्रथम प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक कराई गई।इसके पहले प्रधानाचार्य श्रीमती अंजू सिंह ने प्रवेश परीक्षा के लिए आए हुए अभिभावकों की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर बसंतोत्सव मनाया। एसजेएस के द्वारा आयोजित प्रथम प्रवेश परीक्षा में करीब एक सैकड़ा बच्चों के द्वारा प्रवेश परीक्षा दी गई। फ्री प्राइमरी से कक्षा 9 तक की कक्षाओं में प्रवेश के लिए विद्यालय परिवार के द्वारा परीक्षाएं आयोजित की गई। बच्चों के साथ पहुंचे अभिभावकों ने स्कूल का भ्रमण किया और आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ तकनीक का उपयोग करने के लिए विद्यालय की प्रशंसा की ।खासतौर से इमर्सिव क्लास, 3डी थिएटर, लैब आदि की सराहना की। प्रवेश परीक्षा का जायजा लेने पहुंचे एसजेएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक रमेश बहादुर सिंह ने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा देने के लिए सदैव कटिबद्ध रहता है। प्रबंधक अग्रज सिंह और सह प्रबंधिका डॉक्टर अनु श्री सिंह ने कहा कि एसजेएस ग्रुप आफ स्कूल की स्थापना ही बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा दिलाने के लिए हुई है। आज भी एसजेएस आधुनिक तकनीक से युक्त संस्कारी शिक्षा देने के लिए जाना जाता है। उन्होंने अभिभावको से कहा कि बच्चों को नियमित स्कूल भेजें, उनको शिक्षा में पारंगत करना विद्यालय का काम है। इस अवसर पर संदीप श्रीवास्तव सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।



# माँ सरस्वती की भव्य पूजा-आराधना के साथ 'ऋतुराज बसंत' का आगमन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी विद्या और ज्ञान की आराध्य देवी माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ ऋतुराज बसंत के आगमन का समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर में सुसज्जित पूजा पंडाल में स्थापित माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने संस्थान के अध्यक्ष इंद्रेश विक्रम सिंह व विभिन्न शाखाओं के प्रधानाचार्यों व समस्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ माँ सरस्वती जी की भव्य पूजा-अर्चना कर हवन किया और सभी के जीवन में समृद्धि, ज्ञान और सुसंस्कृत जीवन प्रदान करने की कामना की। कर्यक्रम की इसी श्रृंखला में विद्यालय के विभिन्न शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संगीतमय भजन के माध्यम से वतावरण को भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, तारकेश्वर सिंह, कामाक्षा सिंह, इंद्रेश विक्रम सिंह, शिवांग अवस्थी, उप-प्रधानाचार्य मो0 फैज़ान खान, रजनी श्रीवास्तव, सी0 एस0 दास मिश्र, संध्या अग्रवाल, संचिता त्रिवेदी, अन्जू त्रिपाठी, भूपेन्द्र शुक्ला, शाहीन खान, कल्पना बाजपेई, पिंकी जायसवाल, राकेश अवस्थी, अवधेश कुमार शर्मा, रामदेव, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव, एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित विभिन्न शाखाओं के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



# प्रधानमंत्री ने अबूधाबी में बीएपीएस मंदिर का किया उद्घाटन




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यूएई के अबूधाबी स्थित बीएपीएस मंदिर का उद्घाटन किया। मंदिर उद्घाटन के बाद उन्होंने बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर में पूजा-अर्चना की।प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए महंत स्वामी महाराज ने प्रधानमंत्री मोदी को माला पहनाई। इस दौरान प्रधानमंत्री ने दुनिया भर के 1,200 से अधिक बीएपीएस मंदिरों में एक साथ की गई %वैश्विक आरती% में भाग लिया। यहां उन्होंने मंदिर में वर्चुअल गंगा, यमुना नदी में जल चढ़ाया।उद्घाटन कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री ने मंदिर निर्माण में शामिल रहे कारीगरों और मजदूरों से मुलाकात की।यह मंदिर 27 एकड़ में फैला है और इसकी ऊंचाई 108 फीट है। इसके निर्माण में 18 लाख ईंटों का इस्तेमाल किया गया है। दुनिया भर के अन्य सभी बीएपीएस मंदिरों की तरह यह मंदिर हर किसी के लिए खुला है। पारंपरिक नागर शैली में बना यह मंदिर सार्वभौमिक मूल्यों, विभिन्न संस्कृतियों के सद्भाव की कहानियों, अवतारों और हिंदू आध्यात्मिक नेताओं का प्रतिनिधित्व करता है।मंदिर के बाहरी हिस्से में राजस्थान के गुलाबी बलुआ पत्थर का उपयोग किया गया है। मंदिर के आंतरिक भाग में इटालियन मार्बल का उपयोग किया गया है। मंदिर में केंद्रीय गुंबद - %सद्भाव का गुंबद% और %शांति का गुंबद% हैं। सात शिखर, 12 समरन शिखर जिसको 'घुम्मट' कहते हैं। सात शिखर संयुक्त अरब अमीरात के सात अमीरातों के प्रतिनिधि हैं। इसमें 402 खंभे, 25,000 पत्थर के टुकड़े, मंदिर तक जाने वाले रास्ते के चारों ओर 96 घंटियां और गौमुख स्थापित हैं। इसमें नैनो टाइल्स का इस्तेमाल किया गया है, जो गर्मी की मौसम में भी पर्यटकों के लिए चलने में आरामदायक होगी। मंदिर के ऊपर बायीं ओर 1997 में अबू धाबी में मंदिर की कल्पना करने वाले परम पूज्य प्रमुख स्वामीजी महाराज की तस्वीर को एक पत्थर पर उकेरा गया है। मंदिर के ऊपरी दाहिनी ओर उस समय की स्मृति उकेरी गई है जब परम पूज्य महंत स्वामीजी महाराज ने 2019 में आधारशिला रखी थी।मंदिर में किसी भी प्रकार के लोहे और स्टील का नहीं बल्कि पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। मंदिर में गोलाकार, षटकोणीय जैसे विभिन्न प्रकार के खंभे देखे जा सकते हैं। यहां एक विशेष स्तंभ है, जिसे %स्तंभों का स्तंभ% कहा जाता है, इसमें लगभग 1400 नक़्क़ाशीदार छोटे स्तंभ बने हुए हैं। एक गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, पौधे आदि तत्वों की नक्काशी के माध्यम से मानव सह-अस्तित्व और सद्भाव को दर्शाया गया है।मंदिर भारत के उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण भाग के देवता हिंदू आध्यात्मिकता का प्रतिनिधित्व करते हैं । इस प्रकार सभी 7 तीर्थस्थलों में विभिन्न देवता होंगे - भगवान राम, सीताजी, लक्ष्मणजी और हनुमानजी भगवान शिव, पार्वतीजी, गणपतिजी, कार्तिकेयजी, भगवान जगन्नाथ, राधा-कृष्ण, श्री अक्षर-पुरुषोत्तम महाराज (भगवान स्वामीनारायण और गुणातीतानंद स्वामी) भगवान तिरूपति बालाजी और पद्मावतीजी भगवान अयप्पाजी।भगवान शिव को समर्पित इस मंदिर में शिवपुराण और 12 ज्योतिर्लिंग उत्कीर्ण हैं। भगवान जगन्नाथ के मंदिर में, जगन्नाथ यात्रा/रथयात्रा अंकित है। भगवान कृष्ण को समर्पित इस मंदिर में भागवत और महाभारत की नक्काशी की गई है। इसी तरह, भगवान स्वामीनारायण, भगवान अयप्पा को समर्पित मंदिर में उनके जीवन, कार्य और शिक्षाओं को अंकित किया गया है। भगवान राम के मंदिर में रामायण की नक्काशी की गई है। मंदिर के आसपास की इमारतें आधुनिक और न्यूनतर हैं। मंदिर के चारों ओर पवित्र नदी की धाराएं निर्मित होती हैं। गंगा नदी मंदिर के दाहिनी ओर जा रही है। यमुना नदी मंदिर के बायीं ओर जा रही है। इन पवित्र नदियों का जल यहां लाया गया है। जहां गंगा नदी गुजरती है वहां वाराणसी जैसा घाट बनाया गया है।मंदिर के प्रवेश द्वार पर आठ मूर्तियां बनाई गई हैं, जो आठ मूल्यों का प्रतीक हैं, यानी विश्वास की मूर्ति, दान की मूर्ति, प्रेम की मूर्ति। ये आठ मूर्तियां आठ मूल्य हैं, जिन पर हमारा सनातन धर्म आधारित है। ऐतिहासिक शख्सियतों, संतों और आचार्यों की मूर्तियां हैं, जिन्होंने इन मूल्यों को बनाए रखा है ।भारतीय सभ्यता के अलावा अन्य देशों की प्राचीन सभ्यताओं का भी समावेश किया गया है- माया, एज्टेक, इजिप्शियन, अरबी, यूरोपीय, चीनी और अफ़्रीकी सभ्यता शामिल है। सभा हॉल की 3000 लोगों की क्षमता हैं। इसके अलावा सामुदायिक केंद्र, प्रदर्शनियां, अध्ययन और मजलिस कक्ष हैं।

## स्टेबलाइज्ड रिमोट कंट्रोल गन को लेकर करार, रक्षा मंत्रालय-कानपुर फर्म के बीच 1752 करोड़ का सौदा



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेश निर्मित 12.77 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल बंदूकों के निर्माण और आपूर्ति के लिए कानुपर की फर्म के साथ 1752 करोड़ रुपये का अनुबंध हस्ताक्षर किया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह अनुबंध रक्षा में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को और बढ़ावा देगा।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह अनुबंध 125 से अधिक भारतीय विक्रेताओं और रक्षा पीएमयू के लिए पांच साल की अवधि के लिए रक्षा विनिर्माण में एक बड़ा रास्ता खोलेगा। रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी निर्मित 12.7 मिमी रिमोट कंट्रोल गन (एसआरसीजी) के निर्माण और आपूर्ति के लिए एडवांस्ड वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल), कानपुर के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। कहा गया कि 85 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री (आईसी) के साथ काम किया जाएगा।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये बंदूकें दिन और रात दोनों समय सभी वातावरण में जहाजों के लिए खतरा पैदा करने वाले छोटे लक्ष्यों पर सटीकता से हमला करने की नौसेना और तटरक्षक बल की क्षमता को बढ़ाएंगी।

## कांग्रेस छोड़कर शिवसेना में आने वाले मिलिंद देवड़ा जाएंगे राज्यसभा

**मुंबई।** कांग्रेस छोड़कर शिवसेना में आने वाले मिलिंद देवड़ा राज्यसभा चुनाव लड़ेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, मिलिंद देवड़ा कल यानी गुरुवार को नामांकन भरेंगे। इससे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा ने 14 जनवरी को कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया था। इसके बाद वे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना में शामिल हो गए थे। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कांग्रेस से अपने इस्तीफे की घोषणा की थी।

मिलिंद देवड़ा ने लिखा था कि 'आज वह अपनी राजनीतिक यात्रा के अहम अध्याय का अंत कर रहे हैं। मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है, साथ ही कांग्रेस पार्टी से अपने परिवार के 55 साल पुराने रिश्ते का भी अंत कर रहा हूं। मैं सभी नेताओं, सहयोगियों और पार्टी कार्यकर्ताओं का उनके इतने सालों के समर्थन के लिए शुक्रगुजार हूं।'

इससे पहले 29 जनवरी को चुनाव आयोग ने एलान किया था कि राज्यसभा की 56 सीटों के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। 15 राज्यों की 56 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव होना है। आयोग ने बताया था कि 50 सदस्य दो अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे, जबकि छह सदस्य तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। जिन राज्यों से सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और राजस्थान शामिल हैं।

चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार, आंध्र प्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों, बिहार में छह सीटों, छत्तीसगढ़ में एक सीट पर, गुजरात में चार सीटों, हरियाणा में एक सीट पर, हिमाचल प्रदेश में एक सीट पर, कर्नाटक में चार सीटों, मध्य प्रदेश में पांच सीटों, महाराष्ट्र में छह सीटों, तेलंगाना में तीन सीटों, उत्तर प्रदेश में 10 सीटों, उत्तराखंड में एक सीट पर, पश्चिम बंगाल में पांच सीटों, ओडिशा में तीन सीटों और राजस्थान में तीन सीटों पर चुनाव होने हैं। जिन राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल इस साल समाप्त हो रहा है, उनमें अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और पूर्व पीएम मनमोहन सिंह आदि का नाम शामिल है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल भी इसी साल खत्म हो रहा है। जेपी नड्डा अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सांसद हैं। अब जेपी नड्डा को हिमाचल प्रदेश से अलग किसी अन्य राज्य से चुनाव लड़ना होगा, क्योंकि वहां भाजपा आंकड़ों में कांग्रेस से पिछड़ गई है।

### मणिपुर में भीषण फायरिंग, बीएसएफ ने संभाला मोर्चा; भीड़ ने गोला-बारूद और हथियार लूटे

**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में मंगलवार से हिंसा जारी है। इस दौरान कई जगह भीषण गोलीबारी की खबर है। बदमाशों ने 5वीं आईआरबी पोस्ट (इम्फाल पूर्व) के हथियारों और हथियार लूट लिया। पूरे इलाके को रात में ही सुरक्षाबलों ने घेर लिया था और तलाशी अभियान जारी है।

सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात ग्राम होटक, जिला बिष्णुपुर की दोनों ऊपरी पहाड़ियों से बीएसएफ को गोलियों फायरिंग की आवाज भी सुनाई दे रही थी। पूर्वी इंफाल के यिंगांगपोकपी में रात करीब 9 बजे घाटी स्थित विद्रोही समूहों (वीबीआईजी) और पहाड़ी विद्रोहियों के बीच ट्विचिन/फिमोल (कुकी) क्षेत्रों के सामान्य क्षेत्र और ग्राम सांतिखोमबल (मैतेई) से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू हो गई। इस दौरान कुछ गोलियां बीएसएफ चौकी के करीब आकर गिरीं।

## 'आखिर बार-बार नई मांगों को क्यों रखा जा रहा', किसानों के प्रदर्शन पर बोले अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली।** किसानों का दिल्ली कूच रोकने के लिए केंद्र सरकार और किसान नेताओं के बीच चली मैराथन बैठक में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी पर बात अटक गई। दिल्ली से सटी सभी सीमाओं को सील कर दिया गया है। किसानों के विरोध पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि नई मांगों को सामने रखा गया है, जिन पर चर्चा करने लिए राज्यों को समय चाहिए। इसलिए किसान नेताओं से अनुरोध है कि वे आएं और चर्चा करें।

### पिछले 10 वर्षों में कई कदम उठाए

अनुराग ठाकुर ने कहा, 'मैं कहना चाहूंगा कि मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहित करने और किसानों के कल्याण के लिए पिछले 10 वर्षों में कई कदम उठाए हैं। जब उन्होंने अपनी मांगें रखीं, तो सरकार ने अपने वरिष्ठ नेताओं को भेजा और बातचीत जारी रखी। कल चंडीगढ़ में बैठक हुई। इस दौरान किसान नेता उठकर चले गए, जबकि हम लोग कहते रह गए कि चर्चा कर लीजिए।' उन्होंने कहा, 'आखिर ऐसा क्या हुआ है कि नई मांगें रखी जा रही हैं? यदि नई मांगें रखी जा रही हैं तो और समय की आवश्यकता है। राज्यों को चर्चा करने के लिए समय चाहिए। हम चर्चा जारी रखने के लिए तैयार हैं।'

### हिंसा में शामिल न हों

केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'उनकी अधिकांश मांगों को स्वीकार कर लिया गया है लेकिन नई मांगों पर चर्चा करने के लिए और समय की आवश्यकता है। मैं आंदोलनकारियों से गुजारिश करता हूं कि वे तोड़फोड़, आगजनी या हिंसा में शामिल न हों। मैं किसान नेताओं से अनुरोध करता हूं कि वे आएं और चर्चा करें।' बता दें, किसान आज फिर दिल्ली की ओर बढ़ना जारी रखेंगे। इस बीच किसानों को दिल्ली तक पहुंचने से रोकने के लिए पुलिस ने दीवारों की जो बाधाएं खड़ी की हैं उनमें कंक्रीट का मसाला भरकर उन्हे और मजबूत किया जा रहा है।

## पश्चिम बंगाल की जेलों में चार साल में जन्में 62 बच्चे, सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट पेश



**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में कई महिला कैदियों के हिरासत में गर्भवती होने के आरोप पर संज्ञान लिया था। मामले के सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट सूचित किया गया कि पिछले चार वर्षों में पश्चिम बंगाल की जेलों में 62 बच्चों का जन्म हुआ और जन्म देने वाली ज्यादातर महिला कैदी थी।

जेलों में अमानवीय स्थितियों के मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल न्याय मित्र के रूप में कोर्ट की सहायता कर रहे हैं। उन्होंने अदालत को बताया कि कि उन्हें पुलिस अधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल में हिरासत में रहते हुए महिला कैदियों से पैदा हुए बच्चों के संबंध में जानकारी मिली थी। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल की जेल में 62 बच्चे पैदा हुए थे।

### कई जगहों में महिलाओं के लिए अलग जेल- गौरव अग्रवाल

कोर्ट के निर्देश के लिए दायर एक आवेदन में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश महिला कैदी उस समय पहले से ही गर्भवती थीं जब उन्हें जेलों में लाया गया था। कुछ मामलों में महिला कैदी पैरोल पर बाहर गई थीं और उम्मीद से वापस लौट आईं। गौरतलब है कि गौरव अग्रवाल ने जेलों में प्रचलित कथित अमानवीय स्थितियों से संबंधित एक मामले में आवेदन दायर किया। उन्होंने कहा कि जेलों या महिलाओं के लिए बैरक में सुरक्षा उपायों को समझने के लिए उन्होंने राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के जेल अधिकारियों के साथ चर्चा की। आवेदन में कहा गया है कि बातचीत से ऐसा लगता है कि दिल्ली की तिहाड़ जेल समेत कुछ जगहों पर महिलाओं के लिए अलग जेलें हैं। इसमें कहा गया है कि इन जेलों में केवल महिला अधिकारी हैं और किसी भी पुरुष कर्मचारी को अंदर जाने की अनुमति नहीं है।

### गौरव अग्रवाल से कोर्ट ने रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा था

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने नौ फरवरी को पश्चिम बंगाल की जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने के आरोपों पर संज्ञान लिया था। जिसके बाद कोर्ट ने गौरव अग्रवाल को इस पर गौर करने और एक रिपोर्ट सौंपने को कहा था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने आठ फरवरी को एक संबंधित मामले को एक आपराधिक खंडपीठ को स्थानांतरित करने का आदेश दिया था, जब न्याय मित्र ने दावा किया था कि पश्चिम बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदी जेल में गर्भवती हो गई थीं और कई बच्चों का जन्म हुआ था।

### भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की नई सूची, पार्टी अध्यक्ष नड्डा, कांग्रेस से आए अशोक चव्हाण भरेंगे नामांकन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्यसभा के लिए उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। इसमें गुजरात से भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और महाराष्ट्र से अशोक चव्हाण को उम्मीदवार बनाया है। गौरतलब है कि चव्हाण दो दिन पहले ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं।

इन बड़े नामों के अलावा भाजपा ने महाराष्ट्र से मेधा कुलकर्णी, अजीत गोपछड़े को उम्मीदवार बनाया है। उधर गुजरात से मयंकभाई नायक, डॉ. जसवंतसिंह, गोविंदभाई ढोलकिया को भी पार्टी ने राज्यसभा के लिए नामित किया है। बता दें कि नड्डा मौजूदा समय में हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य हैं। हालांकि, कांग्रेस शासित हिमाचल में इस बार भाजपा के पास राज्यसभा की इकलौती सीट जीतने के लिए जरूरी समर्थन नहीं है।

## संदेशखाली समेत सात ग्राम पंचायतों में 19 फरवरी तक धारा 144 लागू



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में सात ग्राम पंचायतों और उसके आसपास 500 मीटर क्षेत्र में 19 फरवरी तक सीआरपीसी की धारा 144 लागू कर दी गई है। बता दें कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने पश्चिम बंगाल के अशांत संदेशखाली क्षेत्र का स्वतः संज्ञान लिया था। उन्होंने प्रशासन को तीन दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट देने को कहा है।

संदेशखाली में स्थानीय महिलाएं लगातार प्रदर्शन कर रहीं है। उन्होंने टीएमसी नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों पर जबरन उनके जमीनों पर कब्जा करने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। महिलाओं ने शेख शाहजहां की गिरफ्तारी की भी मांग की है।

बता दें कि पिछले महीने टीएमसी नेता शेख शाहजहां के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान शाहजहां के समर्थकों ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था, जिसमें तीन अधिकारी घायल हो गए थे। इस हादसे के बाद से ही शाहजहां फरार है।

हालांकि, महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने को लेकर भाजपा के प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन के मद्देनजर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। अधिकारियों ने बताया कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक निषेधाज्ञा लागू की गई है। भाजपा की प्रदेश इकाई ने घोषणा की थी कि उनके नेता उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि की स्थिति के विरोध में मंगलवार को एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे।

## 'ममता बनर्जी मूक दर्शक बनकर देख रहीं', संदेशखाली मामले पर भाजपा का टीएमसी पर निशाना

**कोलकाता।** संदेशखाली मामले को लेकर भाजपा लगातार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर निशाना साध रही है। उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी पर महिलाओं की गरिमा की परवाह न करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता गौरव भाटिया ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस मामले में मूक दर्शक बताया है। बता दें कि फिलहाल संदेशखाली इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है।

दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए इस मामले पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, 'पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मूक दर्शक बनी हुई है। यह चिंता की बात है। जब अपराध करने वाला टीएमसी का ही गुंडा हो, तब राज्य की सीएम को प्रदेश की महिलाओं विशेषकर हिंदू महिलाओं की गरिमा की परवाह तक नहीं होती है। फरार टीएमसी नेता शाहजहां शेख के गुंडे महिलाओं को निशाना बना रहे हैं।'

बता दें कि अनुसूचित जाति आयोग ने पश्चिम बंगाल के अशांत संदेशखाली क्षेत्र का स्वतः संज्ञान लिया था। उन्होंने प्रशासन को तीन दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट देने को कहा है। आयोग के अध्यक्ष अरुण हलदर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कल यानी की 15 फरवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के संदेशखाली का दौरा करेगा।

### संदेशखाली में स्थानीय महिलाओं का प्रदर्शन

संदेशखाली में स्थानीय महिलाएं लगातार प्रदर्शन कर रहीं है। उन्होंने टीएमसी नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों पर जबरन उनके जमीनों पर कब्जा करने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। महिलाओं ने शेख शाहजहां की गिरफ्तारी की भी मांग की है।

बता दें कि पिछले महीने टीएमसी नेता शेख शाहजहां के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान शाहजहां के समर्थकों ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था, जिसमें तीन अधिकारी घायल हो गए थे। इस हादसे के बाद से ही शाहजहां फरार है। हालांकि, महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने को लेकर भाजपा के प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन के मद्देनजर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। अधिकारियों ने बताया कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक निषेधाज्ञा लागू की गई है। भाजपा की प्रदेश इकाई ने घोषणा की थी कि उनके नेता उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि की स्थिति के विरोध में मंगलवार को एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे।

## 'हम चर्चा करने के लिए तैयार', किसानों के प्रदर्शन पर बोले केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

**नई दिल्ली।** किसानों का विरोध जारी है। किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी की मांग कर रहे हैं।मामला बढ़ता जा रहा है। ऐसे में, पुलिसकर्मियों के अलावा रिजर्व फोर्स भी तैयार की गई है। फिलहाल, थानों में ही रहने के आदेश दिए गए हैं। बॉर्डरों की सुरक्षा की कमान विशेष पुलिस आयुक्त ने संभाल रखी है। पुलिस को सख्त आदेश है कि नई दिल्ली जिले में किसी भी किसान को घुसने नहीं दिया जाए।

स्थिति को बिगड़ते देख मंत्री, नेता और पुलिस प्रशासन समेत सभी सख्ते में आ गए हैं। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा, 'हम चर्चा करने के लिए तैयार हैं। हमें सभी पक्षों को ध्यान में रखना होगा और बातचीत करने की जरूरत है। मैं किसान संघ से अनुरोध करता हूं कि वे चर्चा के लिए माहौल बनाए रखें।' उन्होंने आगे कहा, 'हम किसान संगठनों के साथ हम हमेशा रचनात्मक और सकरात्मक ढंग से बातचीत जारी है। हम बात करने के लिए तैयार हैं।'



### समाधान करने के बजाय उन्हें बढ़ाने की कोशिश

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि जिन लोगों ने किसान नेताओं से बात की है, उनका यह कहना है कि वह समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन्हें बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। इससे लोगों के लिए मुश्किलें पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा, ' मैं सभी किसान संगठनों से अनुरोध करूंगा कि वे समस्या को हल करने के लिए पहल करें। बातचीत के माध्यम से समाधान खोजने के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है।'

### आम लोगों को परेशानी न हो

उन्होंने आगे कहा, 'मैं विभिन्न किसान संगठनों के सभी नेताओं से आग्रह करना चाहता हूं कि वे सहयोग करें और बाचीत करें ताकि आम लोगों को परेशान न होना पड़े। सरकार इस संबंध में दृढ़ संकल्पित है। हमने उन्हें आश्वासन दिया है कि जो प्रशासनिक तरीके से काम किए जा सकते हैं, वो काम कर रहे हैं। लेकिन नए कानूनों के निर्माण में, विचार करने के लिए बहुत सी चीजें हैं। आने वाले दिनों में, हम किसान संगठनों के साथ चर्चा करना चाहते हैं और समाधान चाहते हैं।'

### 24 घंटे हो रही चेकिंग

बॉर्डरों के अलावा नई दिल्ली जाने वाले मार्गों पर 24 घंटे चेकिंग की जा रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस बार किसानों से सख्ती से निपटने के आदेश मिले हैं। किसी भी हाल में किसानों को दिल्ली में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। जरूरत पड़ने पर लाठीचार्ज, हिरासत, आंसू गैस के गोले छोड़ने व रबड़ की गोलियां चलाने के आदेश दिए गए हैं। जंतर-मंतर के अलावा संसद भवन, गृहमंत्री अमित शाह व प्रधानमंत्री आवास की सुरक्षा को भी कड़ा कर दिया गया।

## लखीमपुर में पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी

# डीएम ने कलक्ट्रेट में की बैठक, 35 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जिले में 35 परीक्षा केंद्रों पर 17 व 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा दो-दो सत्रों में आयोजित होंगी। परीक्षा के प्रत्येक सत्र में 16848 परीक्षार्थी शामिल होंगे।परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कलेक्ट्रेट में बैठक ली। बैठक का संचालन डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने सभी जोनल, स्टेटिक, अतिरिक्त स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा की जो नियम-शर्तें हैं,उनके अनुरूप ही परीक्षा कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। सभी सम्बन्धित बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का भलि-भांति अध्ययन कर सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। उन्होनें केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार केन्द्र की व्यवस्था समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि अपने-अपने केन्द्र पर भ्रमणशील रहकर केन्द्र पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा, कन्ट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्र के सभी कक्षों का मानीटरिंग भी करते रहे।

डीएम ने निर्देश दिए कि उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा सकुशल एवं पारदर्शी तथा नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु दिये गये निर्देशों का परीक्षा डियूटी में नामित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा अक्षरशः अनुपालन करेंगे।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि परीक्षा की अवधि में भ्रामक खबरों पर अंकुश लगाये जाने के लिए सोशल मीडिया पर भी सर्तक निगरानी रखी जायेगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पवन गौतम, उप जिलाधिकारी, सेक्टर, स्टेटिक्स मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## अब अयोध्या में सुग्रीव पथ बनवाएगी योगी सरकार

**अयोध्या।** रामलला के दर्शन के लिए आने वाली लाखों की भीड़ को देखते हुए योगी सरकार ने रामलला के मंदिर तक एक नया पथ बनाकर आवागमन के मार्ग को सुलभ करने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक नया कॉरिडोर बनाया जाएगा। सुग्रीव पथ के नाम से बनाए जाने वाले कॉरिडोर की लंबाई 290 मीटर रहेगी। यह हनुमानगढ़ी और राम मंदिर परिसर के बीच भक्तों के आवागमन के लिए एक आयताकार सर्किट के रूप मे बनाया जाएगा।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से प्रतिदिन लगभग दो से ढाई लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन करने आते हैं। इसे लेकर आए दिन जाम की समस्या सामने आ रही है। इसे देखते हुए योगी सरकार ने अयोध्या में सुग्रीव पथ नाम से एक नए कारीडोर के निर्माण पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है।

## बसन्त पंचमी पर माधव चिल्ड्रन एकेडमी में पाटी पूजन व बसंत उत्सव का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** आपको बताते चले कि लखीमपुर खीरी में विद्या भारती माधव चिल्ड्रन एकेडमी और माधव गुरुकुल छात्रावास में बसंत पंचमी के पर्व में बच्चों ने विधि-विधान से मां सरस्वती का पूजन करते हुए उनसे ज्ञान का वरदान मांगा व नन्हे मुन्ने बच्चों का पार्टी पूजन वैदिक रीति के अनुसार कराया गया कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी देते हुए माधव चिल्ड्रन एकेडमी की डायरेक्टर रुचि ऋतुराज ने कहा कि बसंत पर्व शिक्षा, साक्षरता, विद्यालय और विनय का पर्व है। हम अपने जीवन को विद्या एवं गुण संपन्न बनाए, यहीं बसंत पर्व की प्रेरणा है। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्य साधना अवस्थी, ऋतुराज माधव सहित आचार्य ,अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

# इजराइल जाने के लिए खीरी से 52 श्रमिक चयनित

## लेबर दफ्तर में संपर्क कर अपना परिणाम जाने श्रमिक

**» चयनित श्रमिकों का होगा मेडिकल टेस्ट, पुलिस वेरिफिकेशन**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** 23 जनवरी से 30 जनवरी के मध्य आईटीआई अलीगंज में इजराइल जाने के लिए इच्छुक श्रमिकों का दक्षता परीक्षण अयोजित किया गया था। उक्त परीक्षण में जिले के 52 चयनित श्रमिकों की सूची श्रम कार्यालय में उपलब्ध करा दी गई है। उक्त आशय की जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने दी।

उन्होंने बताया कि दक्षता परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले श्रमिक अपने पहचान पत्र के साथ 02 दिवस में श्रम कार्यालय में संपर्क कर अपना परिणाम ज्ञात कर लें, जिससे चयनित श्रमिकों का मेडिकल टेस्ट, पुलिस वेरिफिकेशन एवं अन्य कार्यवाही तत्काल पूर्ण कराई जा सके।

### पंजीकरण से छूटे श्रमिकों को एक मौका

ऐसे अन्य श्रमिक जो इजराइल जाने को इच्छुक हैं एवं जिन्होंने पूर्व में श्रम विभाग में इजराइल जाने के संबंध में पंजीकरण नही कराया है, वह अपने पहचान पत्र के साथ अपने जिले के श्रम कार्यालय में तत्काल संपर्क करें, जिससे फरवरी माह के अंत मे आईटीआई अलीगंज में आयोजित होने वाले द्वितीय दक्षता परीक्षण में शामिल होने का अवसर उन्हें प्राप्त हो सके। पूर्व में दक्षता परीक्षण दे चुके श्रमिकों को किसी भी दशा में पुनः अवसर नही दिया जाएगा।

### जिले से इन श्रमिकों का हुआ चयन

श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने बताया कि प्राप्त सूची के अनुसार बांकेगंज ब्लॉक से श्रमिक मुन्ना, फूलबेहड़ से दीपक, मुकेश, विजय, सोनू, अब्दुल, सर्वेश, मोबिन, विनोद, जयप्रकाश, बद्री, दिनेश, कुंभी गोला से प्रदीप, रत्नेश, रमेश, गोविंद, राजीव, लखीमपुर से सर्वेश राजू धर्मु, शिवपूजन मितौली से केशव राणा संदीप बृजभान राज किशोर संदीप गब्बर हरदीप रामकिशुन, धर्मेंद्र, राजेश, राधा किशन, चंद्रभान, अनिरुद्ध मोहम्मदी से संजीव, नकहा से रवि, निघासन से सतीश, संदीप, रामपाल, अनिल, राम प्रताप, धर्मवीर, अंशु, ध्रुव, रामस्वरूप, पलिया से राकेश पसगवां से अर्पित, प्रघात, रमियाबेहड़ से राज का चयन हुआ है।

## ढखेरवा चौराहा पुलिस चौकी के निकट अवैध ईंटों की सजी ट्रालियां



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर -खीरी के थाना पढुवा की ढखेरवा चौराहा पुलिस चौकी के निकट निघासन जाने वाली सड़क के किनारे बिजली पावर हाउस के सामने प्रतिदिन दर्जनों ईंटों से ओवरलोड ट्रालियां सड़क के किनारे खड़ी रहती है । सड़क के किनारे ट्रालियों के खड़े रहने से होती हैं अनेक सड़क दुर्घटनाएं । कई बार पुलिस के हटाने के बाद भी 10-5 दिनों के बाद पुनः खड़ी होने लगती हैं अनेक ट्रालियां। यहां दलाल आसपास के भट्ठों से घटिया किस्म की ईंटें खरीद कर लाते हैं तथा ग्रामीण क्षेत्र की भोली भाली जनता को अच्छी ईंटें होने का झांसा देकर उनके हाथ ईंटें बेच देते है और मोटी रकम ऐंठ लेते हैं। इन घटिया ईंटों से बने मकान यथा शीघ्र क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। ईंटों की मंडी यहां पर काफी समय से चल रही है। यह बहुत ही भीड़ वाली सड़क है । नजर हटी दुर्घटना घटी। ऐसा नहीं कि यह दलाल पुलिस की भी बात न मानें ईंटों से भरी ट्राली के दलालों को कहीं न कहीं से किसी का संरक्षण अवश्य ही प्राप्त है तभी अवैध ईंटों की ट्रालियां सजी रहती है सड़क के किनारे । शायद पुलिस को किसी बड़ी दुर्घटना का इन्तजार है।

# अक्षरारंभ और वसंतोत्सव के साथ मनाया गया ऋतुराज पर्व



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल लखीमपुर खीरी में वसंत पंचमी के अवसर पर उल्लास और उमंग के साथ विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बच्चों द्वारा देवभाषा में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कक्षा 6 की छात्रा प्रियांशी शर्मा द्वारा पर्व की विशेषताएं संस्कृत भाषा में बताई गई । संस्कृत शिक्षक अभिनव सर के निर्देशन में बच्चों द्वारा दी गई प्रतुतियां अतुलनीय थीं। आज के दिन मां सरस्वती की विशेष पूजा आयोजित की गई। पूजा कार्यक्रम प्रधानाचार्य महोदय द्वारा संपन्न किया गया। शिक्षा और संस्कार के वातावरण में नन्हे मुन्ने बच्चों का अक्षरारंभ संस्कार पूरे विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ करवाया गया। विद्यालय में वसंतोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत पतंग महोत्सव का भी आयोजन किया गया। सरस्वती वंदना आधारित नृत्य और सरस्वती वंदना का गायन विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया।इसके साथ ही बच्चों के लिए क्रिकेट मैच और पब्लिक स्पीकिंग कार्यशाला भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों तथा विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। विद्यालय प्रबंधक महोदय श्री आशीष गुप्ता जी ने बच्चों एवम अभिभावकों को वसंत पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य महोदय श्री बिनोद तिवारी जी ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की एवम कहा कि हम सदैव उनके हित कार्यों के लिए तत्पर रहेंगे।

## नाबालिग बच्चे का गजब कारनामा, रास्ता बंद कर रातों-रात खड़ी कर दी दीवार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद मे एक नाबालिग बच्चे ने रातों-रात 20 परिवारों का रास्ता बंद कर दी विवाद काफी पुराना बताया जा रहा है जिसके चलते एक बार चर्चा में आए थे चौकी प्रभारी प्रभात गुप्ता लोगों ने बताया की चौकी प्रभारी ने नाबालिक बच्चे का चालान कर दिया लेकिन आज वही नाबालिक बच्चा 20 परिवारों के लिए बना बाधित रातों-रात 20 परिवारों को निकालने के लिए आम रास्ते का खड़ंजा उखाड़ कर और दीवार खड़ी कर दी सुबह जब मोहल्ले के लोगों ने देखा तो मोहल्ले का नक्शा ही कुछ अजीब दिखा जिस रास्ते से लोगों का निकलना होता था उसी रास्ते पर रात भर में दीवार कैसे खड़ीं हो गई लोगों ने बताया की ग्राम प्रधान व विकासखंड के उच्च अधिकारियों द्वारा, यह रास्ता करीब दो-तीन माह पहले ही बनवाया गया है जिस पर ग्राम प्रधान ने खड़ंजा लगाया था लेकिन वही खड़ंजा नाबालिक लड़के ने अपने पिता के साथ मिलकर खड़जा उखाड़ कर अपने घर में रख लिया और सरकारी संपत्ति का नुकसान किया बल्कि 20 परिवारों का भी आवागमन रोक दिया अब देखना यह है की 20 परिवारों का कौन बनता है मसीहा कौन दिलवाता है इन 20 परिवारों को रास्ता मामला छुट भैया लोग मैनेज कराने में लगे हैं।

जिन लोगों को उस दिन चौकी प्रभारी का नाबालिक के चालान करने का शिकवा था अब देखते हैं की किस कानून के तहत उस नाबालिक पर दर्ज होता है मुकदमा या फिर 20 परिवारों को तहसील प्रशासन दिलवाता है रास्ता अब तक कोई भी उच्च अधिकारी नहीं पहुंचा उन 20 परिवारों का दर्द जानने के लिए।

## सड़क दुर्घटना में युवती की दर्दनाक मौत

**पूरा बाजार- अयोध्या।** थाना महाराजगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत स्थानीय बाजार में ब्लाक चौराहे पर रोडवेज की बस व वाइक की टक्कर में वाइक पर सवार युवती की दर्दनाक मौत हो गई मृतक के पति रामानंद पांडे निवासी मानपारा ,मुखमुल थाना गोसाईगंज अयोध्या ने बताया कि मृतका रीता पांडे 45 वर्ष उनकी पत्नी है वह दोनों अयोध्या से दर्शन कर घर वापस आ रहे थे की पूरा बाजार के पास रोडवेज की बस में उन्हें टक्कर मार दिया जिससे वह रोडवेज के पहिए के नीचे आ गई और घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई बस चालक ने अपना नाम विनोद कुमार पांडे निवासी अमेठी ने बताया और कहा कि वह अकबरपुर डिपो की बस लखनऊ से चलकर आजमगढ़ जा रहे थे थाना अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है ड्राइवर व बस उनकी हिरासत में है घटना सायंकाल 4 बजे की है।

## बाबा टेढेनाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु विधायक अमन गिरि ने 1 करोड़ रुपये किये स्वीकृत





**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी के बाबा टेढ़ेनाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु गोला विधायक अमन गिरी ने 1 करोड़ रुपये स्वीकृत किये।

आपको बताते चले कि लखीमपुर खीरी के गोला विधानसभा से विधायक अमन गिरी नें ग्राम सभा सैदापुर ब्लॉक कुम्भी गोला में स्थित महाभारत कालीन पांडवों द्वारा स्थापित टेढेनाथ धाम के नाम से विख्यात शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं भव्य रूप प्रदान करने हेतु मा0 विधायक अमन गिरि जी के प्रयासों से शासन द्वारा 1 करोड़ रु0 की धनराशि स्वीकृत हुई है जिसके तहत मा0 विधायक अमन गिरि ने आर्किटेक्ट और क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर मन्दिर परिसर का निरीक्षण कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर संतराम यादव, रामशंकर शुक्ला पूर्व प्रधान मगदापुर, रामसिंह पूर्व प्रधान कंधरापुर, सुभाष निषाद प्रधान हजरतपुर, उमेश शुक्ला पूर्व प्रधान बसतौली, बलराम मौर्य, श्रवण मिश्रा जी सहित समस्त साथीगण मौजूद रहे।

## आखिर क्यों ? एक सप्ताह बाद भी नही रिलीव किये ई ओ अवधेश मिश्रा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिंगाही-खीरी।** नगर पंचायत के ईओ अवधेश मिश्रा को शासन ने एक सप्ताह पूर्व नगर पंचायत माहुल जिला आज़मगढ़ स्थानांतरित कर दिया है। एक सप्ताह बाद भी न तो अवधेश मिश्रा रिलीव ही किए गए न हीं किसी नवागत ईओ को चार्ज ही दिया गया। जबकि तत्काल कार्यभार न ग्रहण करने पर अनुशासनहीनता मानकर कठोर कार्यवाही का आदेश होने के बाद भी सरकारी आवास छोड़ने को तैयार नही है वहीं तीन साल से डटे अधिकारियों को हटाने की मंशा पर पानी फिर रहा है।।जबकि अधिशासी अधिकारी अवधेश मिश्रा पर कई बार भ्रष्टाचार के आरोप लगते चले आ रहे उसके बाद जुगाड़ के दम पर नगर पंचायत की कुर्सी पर काबिज होते चले आ रहे है।पिछले कार्यकाल में सभासदों ने ईओ अवधेश मिश्रा पर



नगर पंचायत में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गए। नगर पंचायत के चुनाव में आरक्षण को बदलने के लिए रुपये लेनदेन का एक ऑडियो भी अवधेश मिश्रा का वाइरल हो चुका है। एक माह पूर्व सभासदों ईओ अवधेश मिश्रा के खिलाफ शिकायती पत्र जिलाधिकारी को दिया था जिसमे नगर पंचायत में ही रहे भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। उसके बावजूद नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अवधेश मिश्रा को कुर्सी इस कदर रास आ गई है कि स्थानांतरण के बावजूद वह जाने को तैयार नहीं हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दो की मौत

**बीकापुर- अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भावापुर में बुधवार की बीती रात मां और बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस दौरान घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल लालचंद सरोज अपने हमराहियों के साथ स्थल पर पहुंच कर शव का पंचनामा भरकर लाश को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 65 वर्षीय किच्ची निषाद पत्नी स्वः डोलई निषाद की तबियत अक्सर खराब रहती थी। फालिस की भी शिकायत पड़ोसियों द्वारा बताई गई है। 28 वर्षीय इंद्रराम पुत्र डोलई को मिर्गी/ दौड़ा आने की शिकायत लोगों ने की हैं। मृतक का बड़ा भाई बिंदेश्वरी निषाद अपनी पत्नी के साथ गुजरात शहर में रहकर अपना जीवन यापन करता है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज के साथ दरोगा अविनाश त्रिपाठी, भानु प्रताप शाही, अनत्त प्रकाश सिंह सहित महिला सिपाही पहुंचकर लाश का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया।

# रवीन्द्र मिश्रा ने की मढ़िया घाट से 24 दिवसीय शिव बारात की शुरुआत

## पत्रकारों के साथ पुजारियों, कथावाचकों, कांवरियों और कारसेवकों के बीमे का शुरू किया रजिस्ट्रेशन

**» कारसेवकों को भी लोकतंत्र सेनानियों की तरह सरकार से मासिक पेंशन भी दिलवाने के प्रयास किए जाएंगे**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** ऐप्जा एवं ऐक्शन पार्टी के मुखिया और 29- धौरहरा से लोकसभा प्रत्याशी रवीन्द्र मिश्रा ने अपनी तरफ से ऐप्जा ग्रुप के साथियों सहित समस्त पत्रकारों, कारसेवकों, समस्त मंदिरों के पुजारियों, कथावाचकों एवं कांवरियों को पर्चा भरते ही डेढ़ लाख एवं चुनाव जीतने के बाद पांच लाख बीमा कवर देने हेतु आज मढ़िया घाट से रजिस्ट्रेशन की विधिवत शुरुआत कर दी।

24 दिवसीय शिव बारात के प्रथम दिवस 14 फरवरी को बसंत पंचमी के दिन मैगलगंज के निकट मढ़िया घाट पर आयोजित सम्मान समारोह में रवीन्द्र मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में पधारकर 24 दिवसीय शिव बारात की शुरुआत कर दी। प्रथम दृष्टया ऐक्शन पार्टी एवं ऐप्जा (आल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन) के मुखिया तथा 29-धौरहरा से प्रत्याशी श्री मिश्रा अपनी तरफ से सीतापुर एवं लखीमपुर जनपद के ऐप्जा ग्रुप के सक्रिय साथियों सहित समस्त पत्रकार साथियों, धर्मानुष्ठान एवं धार्मिक प्रचार प्रसार करने वाले समस्त मंदिरों के पुजारियों के साथ कथावाचकों तथा भोलेनाथ बाबा के कांवरियों की रजिस्टर्ड कमेटी के प्रत्येक सदस्य को पर्चा भरने के दूसरे दिन से ही डेढ़ लाख का बीमा कवर देने का ऐलान कर चुके हैं।

जो दुर्घटनाग्रस्त आकस्मिक मृत्यु एवं अंग भंग की स्थिति में लागू होगा। विशेष रूप से अभी तक की समस्त सरकारों की सहानुभूति से वंचित पतित पावन नगरी अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाने वाले उन कारसेवकों को भी उक्त बीमा कवर का लाभ दिया जायेगा, जो श्रीराम मंदिर आंदोलन में किसी भी तरह की जेल में पाबंद किए गए थे। जिसमें स्वयं ऐप्जा/ऐक्शन पार्टी प्रमुख रवीन्द्र मिश्रा भी कारसेवा के दौरान जेल में पाबंद रहे थे। ऐप्जा चीफ कोआर्डिनेटर अनुराग एम. सारथी ने बताया कि ऐप्जा चेयरमैन रवीन्द्र मिश्रा के चुनाव जीतने के बाद उक्त बीमा कवर की धनराशि डेढ़ लाख से बढ़ाकर पांच लाख कर दी जाएगी।

उक्त बीमा कवर योजना का अलग से रजिस्ट्रेशन 14 फरवरी बसंतपंचमी को मैगलगंज खीरी स्थित मढ़ियाघाट में 24 दिवसीय शिव बारात यात्रा के पहले दिन आयोजित तहड़ी भोज एवं सम्मान समारोह से प्रारंभ कर दिया गया। 24 दिवसीय बारात यात्रा के अंतिम दिन 08 मार्च महाशिवरात्रि को सीतापुर जनपद के हरगांव नगर में शिव बारात की शोभा यात्रा निकाल कर भंडारा, रात्रि जागरण, भजन कीर्तन के उपरांत समापन किया जाएगा।

ऐक्शन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं चीफ कोआर्डिनेटर ऐप्जा अनुराग एम.सारथी ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि कारसेवकों को भी लोकतंत्र सेनानियों की तरह सरकार से मासिक पेंशन भी दिलवाने के प्रयास किए जाएंगे। फिलहाल उक्त योजना प्रथम चरण में सीतापुर और लखीमपुर (

खीरी जनपद के लिए ही निश्चित की गई है। भविष्य में इसे उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों तक भी बढ़ाने की योजना है। श्री सारथी जी ने बताया कि ऐक्शन पार्टी द्वारा अपने घोषणा पत्र में समाज के हर वर्ग के विकास एवं कुशलता की योजनाएं सम्मिलित की जाएंगी। उन्होंने समस्त साथियों से उक्त जानकारी को अधिक से अधिक साथियों तक साझा करने का अनुरोध किया है ताकि समस्त संबंधित व्यक्ति उक्त बीमा कवर योजना का लाभ उठा सकें। श्री सारथी ने समस्त सनातन धर्म प्रेमियों को 24 दिवसीय शिव बारात यात्रा के अंतिम दिन हरगांव में सपरिवार शामिल होने का भी अनुरोध किया है। वहीं अन्य सभी साथियों का भी रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरवाए जायेंगे।

इस मौके पर ऐप्जा व ऐक्शन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष/चेयरमैन रवीन्द्र मिश्रा (लोकसभा प्रत्याशी), ऐप्जा चीफ कोआर्डिनेटर व ऐक्शन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अनुराग एम.सारथी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मोनिका पंडित, प्रदेश सचिव दीपेश मिश्रा, प्रदेश प्रभारी महिला विंग साधना पांडेय, ऐप्जा जिला संरक्षक रविसुत शुक्ला, ऐप्जा जिला अध्यक्ष संदीप शुक्ला, जिला संगठन महामंत्री डीपी आर्या, जिला उपाध्यक्ष ओम नारायण शुक्ला, जिला सचिव केके तिवारी, गोला तहसील से अध्यक्ष राजेश वर्मा, प्रभारी पंकज मिश्रा, उपाध्यक्ष हरिओम श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी शिखा अवस्थी, मो0 सईद, मितौली तहसील अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह, अनूप एलर्ट, हरिओम त्रिवेदी, योगेश प्रजापति, विजय शंकर त्रिवेदी सहित सैकड़ों पत्रकार, मंदिर के पुजारी, कथावाचक, ऐप्जा, लोकसारथी बोर्ड व ऐक्शन पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संयुक्त किसान मोर्चा व भारतीय किसान यूनियन के आवाहन पर 16 फ़रवरी को भारत बंद

**अयोध्या।** संयुक्त किसान मोर्चा एवं भारतीय किसान यूनियन के आवाहन 16 फ़रवरी भारत बंद को जनपद अयोध्या में तहसीलवार लागू किया जाएगा और किसान कृषि कार्य नहीं करेंगे। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी कानून बनाने, कृषि योग्य भूमियों का अधिग्रहण न करने और भूमि अधिग्रहण कानून 2013 लागू करने, गन्ना मूल्य का डिजिटल भुगतान करने, किसान आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमे वापस लेने, छुट्टा जानवरों से खेती को बचाने, सिंचाई हेतु फ्री बिजली देने, आदि किसान समस्याओं के समाधान को लेकर 16 फरवरी 2024 को भारत बंद का आवाहन संयुक्त किसान मोर्चा और भारतीय किसान यूनियन के द्वारा किया गया है।

# मोबाइल बैंकिंग ने बदला देश का परिवेश: वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएफबी), एयू एसएफबी ने लखनऊ में आज अपनी तीसरी शाखा का अलीगंज में परिचालन शुरू कर दिया है। इसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना के कर कमलों द्वारा हुआ। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का यह लॉन्च बैंकिंग क्षेत्र में उभरती व्यावसायिक संभावनाओं को बढ़ावा देना और शहर भर में तकनीक-संचालित वित्तीय सेवाओं को लाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस शाखा के शुभारंभ के साथ, एयू एसएफबी के पास अब पूरे उत्तर प्रदेश में कुल 20 बैंकिंग शाखाएं हैं। इस खास अवसर पर बोलते हुए, उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री, श्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा, "एयू एसएफबी की मजबूत वित्तीय स्थिति हमें इनकी मजबूत बुनियाद पर काफी भरोसा दिलाती है। इन्होंने एक बैंक के रूप में सात साल से भी कम समय में 80,000 करोड़ रुपये का जमा आधार बनाया है जबकि क्रेडिट डिपॉजिट रेश्यो 83% कायम रखा गया जो की सराहनीय है। इतने कम समय में एक लाख करोड़ की बैलेंस शीट बनाना भी बड़ी बात है। अलीगंज शाखा के साथ, बैंक 1050 बैंकिंग टचप्वाइंट के बेंचमार्क तक पहुंच गया है जो देश भर में और हमारे राज्य में उनकी विकास कहानी का प्रमाण है। मुझे यकीन है कि इस शाखा के लॉन्च से लखनऊ को काफी फायदा होगा क्योंकि लखनऊवासियों को बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला मिलेगी। टीम एयू को शुभकामनाएं!" उत्तर प्रदेश में बैंकिंग सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के कार्यकारी निदेशक, श्री उत्तम टिबरेवाल ने कहा की, "उत्तर प्रदेश विशाल संभावनाओं वाला एक उभरता हुआ बाजार है। हम पिछले चार वर्षों से इस विकास यात्रा का हिस्सा हैं जब हमने राज्य को अपनी 'बदलाव' उन्मुख बैंकिंग की पेशकश शुरू की थी। जब से हमने लखनऊ में प्रवेश किया है,इस शाही शहर ने बहुत गर्मजोशी से हमारा स्वागत किया जो हमें शहर के साथ-साथ पूरे राज्य में अपनी ताकत को मजबूत करने के लिए प्रेरित करता है।



### कच्चे कार्य को मनरेगा के माध्यम से कराये जाने का प्रस्ताव पारित

**लखनऊ।** अध्यक्ष एवं प्रशासक ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास परियोजना की 97वीं बैठक डा0 हीरा लाल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड, गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। इस बैठक में विभिन्न जनपदों के जिलाधिकारी तथा उनके नामित प्रतिनिधि व शासन के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का प्रारम्भ प्राधिकारी के सचिव राजीव यादव, अपर आयुक्त द्वारा करते हुये उपस्थित सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया गया। प्राधिकारी की बैठक में कुल 31 प्रस्तावों पर चर्चा की गयी तथा उन्हें पारित किया गया, जिनमें मुख्य रूप से सरयू नहर परियोजना एवं अर्जुन नहर परियोजना में कराये जा रहे भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का अनुमोदन किया गया। प्राधिकारी की वित्तीय वर्ष 2010 से 2015-16 तक की आडिडेट बैलेंस सीट का भी अनुमोदन किया गया। प्राधिकारी के पास वर्तमान में 81 वाहन जिसमें ज्यादातर 15 वर्ष पुराने हैं।

## सपा नेतृत्व पर हमलावर हुईं पल्लवी पटेल, बोलीं- पीडीए के साथ धोखे में मैं शामिल नहीं




लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्यसभा चुनाव के लिए सपा के उम्मीदवारों को लेकर पार्टी विधायक व अपना दल कमेरावादी नेता पल्लवी पटेल ने सपा नेतृत्व पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सपा को पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज के लोग वोट करते हैं लेकिन राज्यसभा के उम्मीदवारों में पीडीए के लोग शामिल नहीं हैं। ये पीडीए के साथ धोखा है। मैं इसमें शामिल नहीं हूं।

उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के लोग भाजपा के खिलाफ लड़ाई में अखिलेश यादव के साथ मजबूती से खड़ा है। उम्मीदवारों में मुस्लिम प्रत्याशी न होना उनके साथ धोखा है।

उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों की घोषणा में उनकी राय नहीं ली गई है। उन्होंने राज्यसभा चुनाव में सपा उम्मीदवारों के पक्ष में वोट न करने का एलान किया है। उन्होंने कहा कि मैं इस धोखाधड़ी में शामिल नहीं हूं। पल्लवी पटेल ने जया बच्चन को उम्मीदवार बनाए जाने पर कहा कि क्या पिछड़े समाज की कोई महिला प्रत्याशी नहीं हो सकती थी। उन्होंने प्रत्याशियों पर नाखुशी जाहिर की है।

## 91 हजार करोड़ की 60 आईटी परियोजनाएं तैयार, पीएम मोदी करेंगे शुभारंभ, खुलेंगे 81,424 रोजगार के अवसर




लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर भी भूमि पूजन समारोह में बड़ी भूमिका निभाएगा। करीब 91 हजार करोड़ का निवेश इसी सेक्टर में होगा। 19 फरवरी को पीएम मोदी आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स की 60 मेगा परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इनमें 91,456 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इससे 81,424 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।

आईटी एवं आईटीईएस विभाग के मुताबिक बड़े निवेशों में नोएडा डाटा सेंटर पार्क भी शामिल है। जिसे एनआईडीपी डेवलपर्स 20 एकड़ जमीन पर बना रहा है। 30 हजार करोड़ की लागत से तैयार हुई ये परियोजना 2100 से ज्यादा रोजगार का सृजन करेगी। टीएआरक्यू सेमीकंडक्टर्स अपनी परियोजना यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र (यीडा) में ला रही है। यह परियोजना 28,440 करोड़ के निवेश के साथ इंटीग्रेटेड कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स का निर्माण और असेंबल करेगी।

इस परियोजना से एक हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। सिफी इन्फिनिट स्पेस लिमिटेड 19,000 करोड़ की दो परियोजनाएं लगा रहा है। इनमें से एक न्यू ऐज हॉरीजेन्टल डाटा सेंटर में 11 हजार करोड़ का निवेश होगा, दूसरी परियोजना में 8,000 करोड़ का निवेश होगा। दोनों परियोजनाएं गौतमबुद्ध नगर में आ रही हैं। मालूम रहे कि पिछले साल फरवरी में वैश्विक निवेशक सम्मेलन में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में 5.29 लाख करोड़ 321 निवेश प्रस्ताव आए थे।

## ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने मऊ को दी 48 .5 करोड़ की सौगात

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में उच्चकोटि की निर्बाध विद्युत अपूर्ति के लिए प्रयासरत प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने जिले को आज 48.50 करोड़ की सौगात दी। मंत्री ने मऊ में प्रवास के दौरान एक उपकेंद्र का शिलान्यास और 5 उपकेंद्रों की क्षमतावृद्धि के उपरान्त लोकार्पण किया। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने दो दिवसीय मऊ जिले के प्रवास के दौरान जनता को 48.50 करोड़ रूपये की ऊर्जावान सौगात दी है। मंत्री ने जिले में उच्चकोटि की निर्बाध विद्युत अपूर्ति व्यवस्था स्थापित करने के लिए 5 उपकेंद्रों का लोकार्पण करते हुए कहा कि आज का दिन बसंत पंचमी के साथ ही पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को याद करने का भी दिन है। हम सभी शहीदों हो हृदय के नमन करता हूं। मंत्री ने कहा कि मऊ में 33-11के0वी0 के 49 उपकेन्द्र है जिनकी स्थापित क्षमता 540 एम0वी0ए0 है। जिनसे 170 नं0 11के0वी0 पोषक निकलते है इससे जनपद मे लगभग 3,90,000 उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। मऊ के अन्तर्गत 400 के0वी0ए0 का उपकेन्द्र कसारा में है तथा 09 नं0 132 के0वी० उपकेन्द्र स्थापित है। जहाँ से 54 नं0 33 के0वी0 के पोषक निर्गत होते है। नगर निगम विकास योजना के अन्तर्गत आवंटित 25 करोड़ की धनराशि से 01 नं0 133-11 के0वी0 2×5 मेगावाट उपकेन्द्र नरईबाँध का निर्माण किया जायेगा जिसका आज शिलान्यास किया गया है। वहीं बिजनेस प्लान के अन्तर्गत आवंटित 36 करोड़ की धनराशि एवं आर०डी०एस०एस० योजना के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्य चल रहे है। जिसमें 33-11 के0वी0 के 16 विद्युत उपकेन्द्र की क्षमतावृद्धि की गयी।

## यूपी चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा बोले- रामजी की कृपा से भाजपा इस बार यूपी की सभी 80 सीटें जीतेगी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भाजपा के यूपी चुनाव प्रभारी ने बैजयंत पांडा ने लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सभी वर्गों से प्रतिनिधित्व देने में सफल रही है। हम लोकसभा चुनाव की तैयारियां कर रहे हैं। देश की जनता ने तय कर लिया है कि अबकी बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी।




उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत की ओर उम्मीद की नजर से देखती है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यूपी अपराध मुक्त हो चुका है। जनता ने जो बदलाव देखा है उसे बरकरार रखना चाहती है। रामजी की कृपा से इस बार भाजपा प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतेगी। वहीं, राज्यसभा चुनाव के घोषित प्रत्याशियों पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पार्टी ने राज्यसभा के चुनाव के लिए सामाजिक गुलदस्ता बनाकर पेश किया है।

इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि हम सब भाजपा के लाभार्थी हैं। केशव मौर्य और स्वतंत्र देव भी लाभार्थी ही हैं। इसके पहले, भाजपा के यूपी चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा बुधवार सुबह लखनऊ पहुंच गए हैं। लखनऊ एयरपोर्ट पर उनका स्वागत प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने किया। पांडा लखनऊ में भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करेंगे।

## 69000 शिक्षक भर्ती : आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने घेरा मुख्यमंत्री आवास

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास का घेराव किया इस दौरान अभ्यर्थियों ने जोरदार नारेबाजी भी की। मुख्यमंत्री के आवास पर भारी पुलिस बल तैनात है। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है की बेसिक शिक्षा विभाग और प्रशासन के लोग वादाखिलाफी कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने अभ्यर्थियों की मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक उनकी मुलाक़ात नहीं हो पायी इसी बात से नाराज अभ्यर्थी एक बार फिर मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं अमरेंद्र पटेल ने बताया की लखनऊ हाई कोर्ट के डबल बेंच में 69000 शिक्षक भर्ती संबंधित मामले की सुनवाई चल रही है। इस संबंध में शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और विभाग के अधिकारी ने हम अभ्यर्थियों से मीटिंग में जो वादे किए थे उसके मुताबिक सरकार के वकील कोर्ट में पक्ष नहीं रख रहे हैं बल्कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का विरोध कर रहे हैं। यह अभ्यर्थी चाहते हैं कि उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करई जाए। अमरेंद्र पटेल ने बताया की मुख्यमंत्री के ही आदेश से हुई जाँच के बाद 6800 आरक्षित वर्ग की चयन सूची आई थी। अभ्यर्थियों को उम्मीद हैं की उनकी मुलाक़ात मुख्यमंत्री जी से होने पर पूरे मामले का सही निस्तारण हो जायेगा। विक्रम यादव ने कहा की 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण लागू करने में घोर अनियमितता बरती गई जिस कारण आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नौकरी से वंचित कर दिया गया। इस संबंध में कई बार आंदोलन के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया और विसंगति दूर करते हुए पीड़ित दलित पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश अधिकारियों को दिया था।

## कांग्रेस के लिए बुरी खबर, भाजपा में शामिल हुए पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए बने विपक्षी गठबंधन इंडिया के टूटने के बाद कांग्रेस के लिए एक के बाद एक बुरी खबरें आ रही हैं। अब यूपी में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर शास्त्री ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने अपने इस्तीफे की जानकारी सोशल मीडिया साइट एक्स पर दी। इसके पहले मिलिंद देवड़ा भी कांग्रेस छोड़ चुके हैं। वहीं, महाराष्ट्र में पूर्व सीएम अशोक चव्हाण ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

वर्ष 1980 के लोकसभा चुनाव में जब कांग्रेस की बयार चल रही थी, तब देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बड़े पुत्र हरीकृष्ण शास्त्री संसदीय क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतरे थे। लोकदल के लियाकत हुसैन को पराजित कर वह चुनाव जीते और केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल में भी शामिल हुए।

जिले में औद्योगिक क्रांति की नींव रखकर श्री शास्त्री ने क्षेत्र को अपना गढ़ बनाने का प्रयास किया। इससे वर्ष 1984 के चुनाव में जनता ने फिर उन्हें चुनकर संसद भेजा। वर्ष 1989 व 91 के चुनाव में बोफोर्स का मुद्दा लेकर आए वीपी सिंह के सामने वह नहीं टिक पाए।

श्री शास्त्री के निधन के बाद इस सीट से उनके पुत्र विभाकर शास्त्री विरासत को सहेजने आगे आए। कांगेस से विभाकर ने वर्ष 1998 में चुनाव लड़ा लेकिन महज 24,688 मत ही पा सके। वर्ष 1999 में फिर भाग्य अजमाया, जिसमें 95 हजार व वर्ष 2009 में एक लाख मत हासिल कर पाए। तीन बार प्रयास के बाद भी वह अपने पिता की विरासत को नहीं सहेज पाए।

### राज्य संग्रहालय में पहाड़ी चित्रकला कार्यशाला का समापन

**लखनऊ।** राज्य संग्रहालय व संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कला अभिरूचि पाठ्यक्रम के अन्तर्गत पहाड़ी चित्रकला विषयक कार्यशाला के समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ० माण्डवी सिंह, कुलपति, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय एवं निदेशक, डा० सृष्टि धवन के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। चित्रकार पद्मश्री विजय शर्मा द्वारा कहा गया कि पहाड़ी चित्रकला राजा- महराजाओं एवं मुगल शासकों के प्रश्रय में फली-फूली और विकसित हुई। राजनैतिक परिस्थितयों के बदलने के कारण राजकीय संरक्षण के अभाव में यह कला विलुप्त हो गयी। पहाड़ी चित्रकला को नई पीढी के कलाकारों को चित्रांकन विधान सिखाने की दृष्टि से राज्य संग्रहालय, लखनऊ द्वारा कला अभिरूचि कार्यक्रम एक सुखद पहल है। आठ दिवसीय इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने बड़े मनोयोग से रूचि लेते हुए विभिन्न विषयों पर सुन्दर

## पौराणिक तीर्थस्थल स्थल में गंदगी का अंबार , चर्चाओं में जिम्मेदारों द्वारा सरकार की स्वच्छता अभियान की उपेक्षा

लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार जहां स्वच्छता व साफ सफाई पर विशेष बल दे रही है तो वहीं जनपद के सूरतगंज विकासखंड के गैर जिम्मेदार और लापरवाही की चर्चा समाचार पत्रों में कि जिम्मेदारों द्वारा सरकार की स्वच्छता अभियान की उपेक्षा कर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं , जी हां ! पूरा मामला सूरतगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत लोधौरा (लोधेश्वर महादेवा) का है जहां अभरण सरोवर सहित गलियों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं और तो और लोधौरा चौराहे पर कूड़े के ढेर लगे हैं और सड़क पर जल भराव है ।

लोगों ने बताया इधर से निकलने वाले ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी देखकर अनदेखा कर रहे हैं।जिससे इस पौराणिक तीर्थस्थल स्थल में गंदगी का अंबार लगा रहता है। इसके पूर्व में स्थानीय लोगों के द्वारा प्रशासन सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने व गंदगी के बारे में जानकारी देकर मांग की थी ।

परन्तु बिडम्बना देखें कि लोधेश्वर महादेवा के पूरे मेला प्रांगण में जगह जगह कूड़े के ढेर वा गंदगी देखी जा सकती है। जबकि श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु महादेवा तीर्थ स्थल को भव्य बनाने के लिए कॉरिडोर निर्माण के लिए मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी बाराबंकी तेजी से लगे हुए हैं। परंतु पंचायत सचिव समेत ब्लाक स्तरीय अधिकारियों की लापरवाही व अरूचि के कारण साफ सफाई जैसी समस्याएँ बनी है । योगी सरकार के धार्मिक स्थल की स्वच्छता अभियान की हकीकत पर प्रश्न चिन्ह लग रहा , सफाई समय के गर्भ में हैं ।

## अंशिका ओझा बनी झारखंड की प्रदेश संयोजक

**» सरकार से मांग पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने मीडिया आयोग का गठन हो**

लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** प्राप्त जानकारी से जर्नलिस्ट काउंसिल का इंडिया रजि. की झारखंड प्रदेश इकाई की बैठक झारखंड की राजधानी रांची के मोराबादी स्थित ऑक्सीजन ऑक्सीजन पार्क में आयोजित की गई जिसमें प्रदेश के अलग-अलग जिलों से कई पत्रकारों ने हिस्सा लिया। संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अशोक कुमार झा की अध्यक्षता में चली इस बैठक में सभी सदस्यों के द्वारा पूरे झारखंड में सदस्यता अभियान जोर-जोर के साथ चलने का निर्णय लिया गया। साथ ही वरिष्ठ पत्रकार कुमार सत्यजीत के द्वारा वन कॉल सॉल्यूशन का ग्रुप बनाने और इस माध्यम से पत्रकारों की समस्या पर समाधान के लिए चर्चा करने का सुझाव दिया गया।

इसके साथ ही आज की बैठक में संगठन का प्रदेश संयोजक को लेकर के काफी विस्तार से चर्चा की गई और अंत में सर्वसम्मति से सुश्री अंशिका ओझा को जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया। मौके पर जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अशोक कुमार झा ने कहा की जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया पत्रकारों की हर प्रकार की समस्याओं के लिए क्षेत्रीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक लगातार आवाज उठाती रही है और आगे भी उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में पत्रकारों की कई मूलभूत समस्याएं हैं जिस पर में शासन द्वारा हमेशा से नजर अंदाज किया जाता रहा है जिस पर मैं संगठित प्रयास की जरूरत है जिसमें से कुछ मुद्दों को लेकर के जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया लगातार आवाज उठाती रही है। जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने मीडिया आयोग का गठन करने पत्रकार कल्याण कोष का गठन करने कोविद के दौरान व अन्य गंभीर बीमारियों से अमृत पत्रकार के परिजनों को सम्मानजनक मुआवजा उपलब्ध कराने साथ ही राज्य परिवहन निगम की बसों में पत्रकारों को निशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने राज्य की राजधानी रांची में एक पत्रकार कॉलोनी का निर्माण किए जाने जिसमें छोटे एवं मध्यम पत्रकारों सहित सभी को अनुदानित दर पर सरकार द्वारा जमीन या घर उपलब्ध कराए जाने की मांग करती आ रही है। साथ ही पत्रकारों के बच्चों के स्कूल और कॉलेज में नामांकन ने प्राथमिकता देने तथा शुल्क में रियायत देने की भी मांग सरकार से करती आ रही है इन सभी मांगों को लेकर के जर्नलिस्ट कौन सी ऑफ इंडिया राज्य के राज्यपाल महोदय माननीय मुख्यमंत्री महोदय और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक वह अन्य अधिकारियों के साथ बराबर बैठक करके अपनी मांगे रखती रही है और आगे भी पत्रकारों के हितों के लिए अपनी आवाज उठाती रहेगी।

इस बैठक में झारखंड के पूर्व प्रदेश संयोजक विवेक पाठक सहित ठाकुर सत्यजीत प्रताप चौधरी विजय कुमार फैयाज अली गायत्री शर्मा पिंकू कुमार निहित कुमार अखिलेश कुमार मोहिउद्दीन सहित कई पत्रकार उपस्थित थे। सभी पत्रकार साथियों ने अंशिका ओझा को संगठन का नया प्रदेश संयोजक नियुक्त होने पर उन्हें बधाइयां दी और उनसे संगठन को काफी आगे ले जाने की उम्मीद जताई।

### समय के गर्भ में कब ओटो में सामग्री ढोने पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जायेगी?

**बाराबंकी।** परिवहन विभाग के नियमों को सरेआम सड़कों पर रौंदे जा रहे हैं। यात्री वाहनों की सीटों पर गैस सिलेंडर व छतों पर लोहे के भारी पाइपों की अनगिनत संख्या में ढोया जा रहा है। इस पर सख्त पाबंदी होने के बावजूद नियमों का पालन कराने वाले परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल के अधिकारी चुप हैं। वह सबकुछ देखकर भी अंजान बने हुए हैं। ज्ञात रहे केंद्रीय परिवहन मंत्रालय के आदेशों के मुताबिक तीन व पहिया यात्री वाहन की सीटों व छत पर सामान लादना रोक है लेकिन परिवहन मंत्रालय के नियमों का पालन कराने वाला कोई नहीं है। शहर के अंदर सब्जी मंडी में बड़ी संख्या में यात्री वाहनों को सब्जियां ढोने का काम किया जा रहा है। वाहन चालक नियमों को ताक पर रखकर बेधड़क सभी रूटों पर अपने वाहन दौड़ा रहे हैं।

## पचौली एस्थेटिक्स और वेलनेस सेंटर का लखनऊ के अलीगंज में शुभारंभ




लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** स्वास्थ्य, सौंदर्य के लिए प्रतिष्ठित पचौली एस्थेटिक्स और वेलनेस का लखनऊ में दूसरे क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। पचौली एस्थेटिक्स एंड वेलनेस के अलीगंज क्लीनिक का उद्घाटन बॉलीवुड की प्रसिद्ध गायिका शिबानी कश्यप के द्वारा किया गया। इस उद्घाटन समारोह में प्रतिष्ठित डॉ० प्रीति सेठ पचौली ग्रुप के संस्थापक और मेंटर , डॉ० रितु जैन ब्राइट फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की संस्थापक और प्रबंध निदेशक तथा डॉ० मनीष जैन उपस्थित रहे। शहर से प्राप्त अत्यधिक विश्वास और प्रेम ने डॉ० प्रीति सेठ को पहले क्लीनिक की सफलता के बाद अलीगंज में वेलनेस सेंटर का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया जो कि गोमती नगर में पहले क्लिनिक की सफलता के बाद किया गया था। क्लीनिक का उद्घाटन प्रमुख बॉलीवुड गायिका शिबानी कश्यप की उपस्थिति में हुआ जिनकी मधुर आवाज ने इस आयोजन में चार चांद लगा दिए । शिबानी कश्यप ने सभी को संबोधित करते हुए शहर की एक वेलनेस स्थल की आवश्यकता का जिक्र किया जो त्वचा स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, वजन प्रबंधन, और आयुर्वेद के लिए नवीनतम तकनीकों की पेशकश करता है । अलीगंज क्लिनिक में क्राइो टी शॉक, फोकस लिफ्ट, एमएनआरएफ, क्यू स्विच लेजर, त्रिपल वेवलेंथ लेजर, स्मार्ट मिरर, और मीरा फ्रैक जैसी कटिंग-एज तकनीकों का शानदार संगठन है। क्रांतिकारी एआई आधारित स्मार्ट मिरर त्वचा की स्थिति का मूल्यांकन करता है और भविष्य में उत्पन्न होने वाली चिंताओं को पूर्वानुमान करता है। मीरा फ्रैक एक अद्वितीय त्वचा पुनर्जीवन तकनीक है, जो एक उन्नत बिना स्पर्श उपचार प्रदान करता है जो त्वचा की गुणवत्ता को सुधारता है और पर्यावरणीय चुनौतियों के सामने त्वचा में ऑक्सीजन और पोषण को घोलता है।

## संक्षेप

### टीचर्स सेल्फ केयर टीम पहुंची दिवंगत शिक्षक के घर

अमेठी टीएससीटी के संस्थापक/अध्यक्ष विवेकानंद तथा प्रांतीय टीम द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में जिला संयोजक अंशुमान तिवारी के नेतृत्व में अमेठी की टीम ने दिवंगत शिक्षक के जगदीशपुर स्थित उनके घर पर परिजनों से मिलकर स्थलीय निरीक्षण किया और दिवंगत शिक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित की| दिवंगत शिक्षक रमाकांत श्रीवास्तव के निवास स्थान जगदीशपुर पर टीएससीटी जिला टीम के पदाधिकारियों और सक्रिय साथियों ने परिजनों से मुलाक़ात कर सांत्वना दी और आर्थिक मदद का भरोसा दिलाया।टीम ने आवश्यक प्रपत्र एकत्र कर प्रदेश टीम को अपनी गोपनीय रिर्पोट भेज दी।संस्थापक विवेकानंद ने भी दिवंगत शिक्षक के परिजनों से फोन पर वार्ता की और परिवार को सांत्वना दी। आपको बताते चलें कि स्व रमाकांत की हृदयाघात से दिनांक 13 अक्टूबर 2023 को असामयिक निधन हो गया था और अपने पीछे पत्नी,2 बेटे तथा दो बेटियां छोड़ गये। टीम के पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों को देखकर पूरा परिवार बहुत भावुक हो गया था। जिसको शिक्षिका कालिंदी और टीम के सदस्यों ने बड़ी मुश्किल से संभाला ।दिवंगत शिक्षक प्राथमिक विद्यालय आलमपुर,विकास खंड जगदीशपुर अमेठी में कार्यरत थे। स्व0रमाकांत श्रीवास्तव नवम्बर 2022से TSCT से जुड़े थे तथा सक्रिय सदस्य थे।

### सपा युवजन सभा के प्रदेश महासचिव बनाए गए नोएडा के मोनू खारी

नोएडा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर समाजवादी युवजन सभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अरविंद गिरी ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की है जिसमें नोएडा के इलाबास गांव के निवासी मोनू खारी गुर्जर को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। मोनू खारी लंबे समय से समाजवादी से जुड़े है और सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। इससे पहले भी वह समाजवादी पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। मोनू खारी के युवजनसभा के प्रदेश महासचिव बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। मोनू खारी को प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर नोएडा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस अवसर पर नव नियुक्त प्रदेश महासचिव मोनू खारी ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उसका वह पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा।

### गरीबों में मिठाई व कपड़े बाटकर मनाया जन्मदिन

करंजाकला जौनपुर। गरीबों की मदद करने को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाले समाजसेवी शिवा कुमार वर्मा ने अपने जन्मदिन पर गरीबों में मिठाई व कपड़े बाटकर एक बार फिर से समाज सेवा की मिसाल पेश की है। पन्नालाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के संस्थापक शिवा कुमार वर्मा ने बुधवार को अपने 42 वां जन्मदिवस पर सिद्धिकपुर स्थित काशीराम कॉलोनी में गरीबों को मिठाई,कपड़े व खाद्य सामग्री बाटकर जन्मदिन मनाएं उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा मानव जीवन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और इसको हम सभी लोगों को बखूबी से निभानी चाहिए क्योंकि समाज सेवा ही मानव जीवन का मुख्य सिद्धांत है। इस दौरान अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार,अशोक कुमार यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत माह फरवरी में द्वितीय चरण में जनपद के समस्त विकास खण्ड स्तर पर होगा रोजगार मेले का आयोजन

एटा। मुख्य विकास अधिकारी डा0 अवधेश कुमार बाजपेयी ने सूचित किया है कि माह फरवरी 2024 में द्वितीय चरण में जनपद के प्रत्येक विकास खण्डवार रोजगार मेलों का आयोजन डीडीयू-जीकेवाई, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से संयुक्त तत्वाधान में किया जायेगा। रोजगार मेले के आयोजन दिनांक 15 फरवरी 2024 को विकास खण्ड जलेसर के राजकीय आई0टी0आई0 जलेसर में, 16 फरवरी 2024 को विकास खण्ड अवागढ के श्री राम निजी आई0टी0आई0 पुंडरी अवागढ में, 19 फरवरी 2024 को विकास खण्ड अलीगंज के बी0पी0 सिंह महाविद्यालय किला रोड अलीगंज में, 20 फरवरी 2024 को विकास खण्ड जैथरा के राजेश कुमार साधना देवी निजी आई0टी0आई0 धुमरी एटा प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक आयोजित किये जायेगें। उन्होनें कहा कि समस्त संस्थायें एवं सम्बन्धित विभाग रोजगार मेले के सफल आयोजन में उपस्थिति होकर अपेक्षित सहयोग एवं आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेगें। यह कार्य शासन की विशेष प्राथमिकताओं में से है। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न अपनाई जाये।

### राहुल गांधी की न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश में चंदौली जिले में प्रवेश करेगी

एटा। बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर जननायक राहुल गांधी जी, की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 16 फरवरी 2024 को चंदौली जिले में प्रवेश करेगी, इस संबंध में जिला कांग्रेस कार्यालय एटा में बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष गंगा सहाय लोधी एवं कार्यवाहक जिला अध्यक्ष, ठाकुर अनिल सोलंकी द्वारा संयुक्त रूप से बताया कि एटा जनपद से सैक डो, की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे कार्यकर्ता तैयारी के साथ यात्रा के लिए 15 फरवरी 2024 को अपने-अपने वाहनों से रवाना होंगे बैठक में उपस्थित गंगा सहाय लोधी जिला अध्यक्ष ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष डॉक्टर योगेश यादव अध्यक्ष डॉक्टर मोइउद्दीन उपाध्यक्ष हर्षवर्धन बौद्ध एडवोकेट जिला प्रवक्ता सुभाष सागर महासचिव अरुणेश गुप्ता ओमवीर सिंह वर्मा संजू रजा सुनील गौतम जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस जितेंद्र राजपूत, जीतेन्द्र राना, अशोक पालीवाल संजेश यादव आमिर अली चंद्रकांत गांधी पुष्पेंद्र कुमार आदि कांग्रेसी जन उपस्थित हुए।

### मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से जनपद एटा के कस्बा अलीगंज में रामलीला मैंदान का होगा सौन्दर्यीकरण

एटा। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से जनपद एटा के कस्बा अलीगंज में रामलीला मैंदान की चाहरदीवारी और सौन्दर्यीकरण कार्य की अनुमति मिल गई है। इसके लिए शासन द्वारा 188 .66 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत करते हुए सीएनडीएस यूपी जल निगम को कार्यदायी संस्था नामित किया गया। डीएम ने कलक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए।

## अग्निवीरों की भर्ती को लेकर जिलाधिकारी ने वर्चुअल माध्यम से की बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** भारतीय सेना में अग्निवीरों की भर्ती के आनलाइन पंजीकरण कराएं जाने को लेकर जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कर्नल एसके मोर के साथ कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में वर्चुअल माध्यम से बैठक किया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सभी खंड विकास अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में कर्नल एसके मोर ने बताया कि भारतीय सेना द्वारा अग्नि वीरों की भर्ती के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोला गया है जिसमें ऑनलाइन आवेदन 13 फरवरी से प्रारंभ हो गया है और 24 मार्च 2024 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अग्नि वीर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की आयु सीमा साढे.17 वर्ष से 21 वर्ष एवं दसवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, दसवीं उत्तीर्ण की मार्कशीट, उच्चतम शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ की स्कैन कॉपी, हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी, वर्तमान ईमेल आईडी (जो चल रही हो) को भरना होगा। उन्होंने पदों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय सेना द्वारा अग्नि वीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर कार्यालय सहायक/स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर तकनीकी, अग्नि वीर ट्रेड्समैन 10 वीं, अग्नि वीर ट्रेड्समैन 8वीं आदि पदों पर भर्ती की जाएगी।

## शक्ति वन्धन कार्यक्रम में महिलाओं को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा ।** सरकार द्वारा चलाये जा रहे शकित वन्धन कार्यक्रम का समापन किया गया।इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं का लाभ महिलाओं को मिला सरकार ने महिलाओं को योजनाओ के चलते जानकारी दी और उनका लाभ भी मिला। बुधवार को अलीगंज ब्लाक सभगार में शकित वन्धन कार्यक्रम के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में तमाम महिलाओं ने प्रतिभाग किया साथ ही उनको सम्मानित भी किया। इस कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख पति डॉक्टर अशोक रत्न शाक्य बीडीओ गोपाल गोयल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। शक्ति वंदन अभियान के तहत कार्यक्रम की शुरूआत माता शारदा की पूजा वंदना से किया गया। अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वसहायता समूह और बिहान से जुड़े संकुल संगठन के महिला पदाधिकारियों को योजनाओं के लाभ के लिए प्रोत्साहित करना था।

मानव जाति के शुरूआती विकास दिनों से ही भारतीय इतिहास में महिलाओं ने अपनी परचम लहराया है। रानी लक्ष्मीबाई ने झांसी का राजसिहांसन सम्हाला। विदुषी ज्योतिबा फुले ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया। बचपन में शिशु मां शब्द ही पहले सीखता है। अब शक्ति वंदन अधिनियम कानून भी नारी सशक्तिकरण के लिए पूरे देश में लागू हुआ है। आज सरकार मातृ शक्ति को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं का नाम शुरू किया है, जिसमें राशन कार्ड में महिला का नाम मुखिया के तौर पर किया गया है। पिता के संपत्ति पर भी पुत्री का हक है। देश, समाज और परिवार में महिला का भी पुरूष के समान बराबरी का हक, अवसर आज है। परिवार में सम्मान, तो समाज और देश में भी सम्मान निश्चित है। हमारी संस्कृति में महिलाओं का सम्मान वेद पुराण में था, अब भी है। महिला का भूरण के दौरान ही कई दंपत्तियों के द्वारा किए गए अवैध गर्भपात के विरूद्ध कानून बना है, जिससे आरोपी डॉक्टर और संचालनकर्ता के विरूद्ध दंड का प्रावधान है। योजनाओं का लाभ शासन के लोन के माध्यम से होता है, जिस प्रकार हम लोन को चुकाते हैं, उनके उद्देश्य पर हम खरा उतरते हैं।समूह की महिलाओ ने विद्युत सखी बनकर रिकार्ड बिल कलैक्शन किया। वर्तमान समय मे जनपद एटा में कुल 126 विद्युत सखी द्वारा कार्य किया जा रहा है। विद्युत सखियों द्वारा मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों मे विद्युत बिल कलैक्शन किया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023- 2024 से विद्युत सखियों द्वारा अब तक 16203843 का कुल कलैक्शन किया गया है। विद्युत सखियों को 0 से 2000 रूपये के बिल पर 20 रूपये का कमीशन प्राप्त होता है। विद्युत सखियों को 2000 से ऊपर के बिल पर बिल का 1 प्रतिशत कमीशन प्राप्त होता है। वही सखियों को प्रस्तति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. अशोक रतन शाक्य, जिला महामंत्री आशीष राजपूत, बीडीओ गोपाल गोयल, डीएमएम अरुण चौधरी, एडीओ चंद्रपाल, बीएमएम गंगाधर कपिल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र गुप्ता,निलेश राजपूत लोकपाल शाक्य अर्जुन सिंह कष्यव सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण एवं स्वालंबन के लिए प्रेरणादायक रहा।

### नोएडा भाजपा ने किया लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**नोएडा।** भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव के चलते चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। ये कार्यालय A-88, सेक्टर 58 में बनाया गया है। कार्यालय का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा सांसद डॉ महेश शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र शिशोदिया, मनोज गुप्ता ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, विकास चौहान ज़िलाध्यक्ष बुलन्दशहर, गजेंद्र मावी ज़िलाध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर ने किया।

सभी ने कार्यालय में पूजा अर्चना की और उसके बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्यालय का फ़ीता काट कर आधिकारिक उद्घाटन किया। इस मौक़े पर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सभी को संबोधित करते हुआ का कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा इस बार 400 से ज़्यादा सीट प्राप्त करेगी और गौतमबुद्ध नगर में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। आज मोदी सरकार ने जिस तरह देश को विश्व पटल पर ला दिया है वो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। आज हम सभी को एक साथ पूरे जोश से भाजपा को पूर्ण बहुमत से जिताना है।

## जीडीए सीवर के वार्षिक रखरखाव पर खर्च करेगा 54 लाख

लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम योजना की आवासीय कॉलोनियों अभयखंड, ज्ञानखंड व न्यायखंड में पुरानी सीवर लाइन ओवरफ्लो हो रही है। आए दिन गलियों में सीवर ओवरफ्लो होने से गंदगी व बदबू की समस्या रहती है। जीडीए अधिकारी सीवर की सफाई और सीवर रखरखाव पर 54 लाख रुपये खर्च करेंगे। जीडीए अधिकारी सफाई के बाद सीवर ओवरफ्लो की समस्या का पूरी तरह से निस्तारण होने का दावा कर रहे हैं।पार्षद हरीश कड़ाकोटी ने बताया कि तीन दशक पहले अभयखंड, न्यायखंड व ज्ञानखंड में जनता फ्लैट के लिए सीवर लाइन डाली गई थी। सीवर लाइन का औसतन एक भूखंड के दबाव झेलने के लिए बनी थी, लेकिन वर्तमान में इन इलाकों के भूखंड में 12 से 14 फ्लैट बनाकर लोग रह रहे हैं। इससे सीवर लाइन पर दबाव बढ़ गया है। इस कारण कॉलोनियों में सीवर लाइन ओवरफ्लो हो रही है। सीवर की सफाई कराने पर एक दो दिन में ही फिर से सीवर जाम होने की समस्या आ रही है। सीवर लाइन छोटी होने के कारण दबाव झेलने में सक्षम नहीं है। इसके लिए इलाके में नई सीवर लाइन डाली जानी आवश्यक है। जीडीए अधिकारियों का सीवर सफाई के नाम पर धनराशि खर्च कर फिजूल ही है।54 लाख रुपये से यह होंगे काम

- सीवर सफाई
- सीवर मरम्मत
- सीवर मैनहोल रखरखाव

न्याय खंड एवं अभय खंड में अधिक गंभीर है सीवर की समस्याएं । जीडीए सहायक अभियंता पीयूष सिंह ने बताया कि इंदिरापुरम योजना नगर निगम के पास नहीं है। जीडीए खुद से ही सीवर लाइन की देखभाल करा रहा है। हर साल सीवर की सफाई और वार्षिक रखरखाव कराया जाता है। इस साल-सफाई और रखरखाव पर 54 लाख रुपये की धनराशि व्यय की जाएगी।

### वार्ता रही विफल, दुकानों का किराया बढ़ाने के विरोध में व्यापारियों ने दिया धरना

**गाजियाबाद।** नगर निगम की 1702 दुकानों का किराया बढ़ाने के विरोध में उतरे व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ व्यापारियों ने बैठक की, लेकिन नतीजा नहीं निकला। इसकी वजह से मंगलवार को भी व्यापारियों का विरोध जारी रहा। उन्होंने घंटाघर स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के पास धरना देकर नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं, उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने इस प्रकरण के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है।सोमवार रात करीब आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के बीच वार्ता हुई। प्रतिनिधिमंडल में शामिल व्यापारी नेता राजू छाबड़ा, गोल मार्केट व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव लाहोरिया, व्यापारी नेता राकेश स्वामी समेत दो अन्य लोग शामिल रहे।

## सच उजागर करने पर छटपटा उठे समाज के ठेकेदार : आकाश चंदेल

### फिर दुबारा लगाया वही घिसा पीटा आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** ₹नगर निगम में सफाई कर्मचारीयो के साथ किये गये छल के खिलाफ कर्मचारीयो द्वारा किये गये विरोध से इन लोगो मे खलबली मच गई है और ये लोग इस विरोध को पार्टियों का षडयंत्र साबित करने की कोशिश कर रहे है, जबकि वहां किसी भी पार्टी का न तो नाम लिया न वहां किसी पार्टी का बैनर था ओर ये लोग विडियो वायरल कर मुझे आम आदमी पार्टी का नेता बता रहे हैं । जबकि हकीकत यह है कि नगर-निगम वार्ड चुनाव के बाद ही मै पार्टी से इस्तीफा दे चुका हूं और वर्तमान में मै किसी भी राजनैतिक पार्टी का हिस्सा नहीं हू । ₹ - यह वक्तव्य है अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष आकाश चंदेल का। उन्होंने कहा कि मै केवल रॉयल वाल्मीकि आर्मी जो की समाजिक संगठन है और अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ का जिलाध्यक्ष हू और आरोप लगाने वाले लोगों खुद भाजपा, सपा व अन्य पार्टियों से है अपने आप को बचाने का ये सब इन लोगों का पुराना पैतरा है । जो लोग खुद को 25-30 साल पुराना नेता बता रहे है तो क्या इन लोगो को ये नही पता की अगर जब भी प्रशासन व युनियन द्वारा कोई समझौता होता है तो वह सार्वजनिक मंच पर ही सब के सामने प्रशासन द्वारा दिया जाता है और इनके लोग अलग- अलग विडिओ जारी कर बोल रहे है की हमारे पास समझौता पत्र है,ओर कोई बोल रहा की अभी पत्र प्रिंट हो रहा है जबकि हडताल खत्म किए आज कई दिन बित गये है परंतु इन्होने अभी तक कोई पत्र जारी नही किया क्योकि ये लोग केवल सफाई कर्मचारी व समाज को गुमराह कर रहे है ।

## ग्रेटर नोएडा मे आज से शुरू हुआ इंडियन सरफेस फिनिशिंग 2024

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा मैटल फिनिशर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया दिल्ली एनसीआर में सरफेस फिनिशिंग पर तीन दिवसीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इंडियन सरफेस फिनिशिंग 2024 का आयोजन 14 से 16 फरवरी 2024 को हॉल 15, इंडिया एक्सपोज़शिन मार्ट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा में चलेगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक और इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष माननीय प्रोफेसर संगमू मून और विक्टोरा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के माननीय अध्यक्ष एस.एस. बंगा ने किया। लगभग 150 प्रतिष्ठित कोम्पनिओ ने अपने उत्पादो, सेवाओं और नई प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया । तकनीकी सम्मेलन में दुनिया भर के वक्ताओं द्वारा प्रस्तुत लगभग 43 शोध पत्र पर प्रकाश डाला गया है । सम्मेलन में प्रतिष्ठित संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संगठनों के सभी शोधकर्ता और शिक्षाविद एकत्र हुए। सभी ने मिलकर सरफेस परिष्करण के विभिन्न क्षेत्रों में अपने अभूतपूर्व अनुसंधान का प्रदर्शन किया। सरफेस फिनिशिंग उद्योग में सबसे प्रतिष्ठित और प्रभावशाली कार्यक्रम के रूप में, यह तीन दिवसीय सम्मेलन सरफेस फिनिशिंग उद्योग के स्थापित मापदंडों को नए- नए विकल्प और प्रोत्साहन देगा, जिससे नवाचार और उन्नति के एक नए युग की शुरुआत होगी। एमएफएआई के प्रेज़ीडेन्ट सुनील गोयल के मुताबिक यह प्रदर्शनी सरफेस फिनिशिंगकम्युनिटी, अकादमिक एवं अनुसंधान समुदाय को कई अवसर प्रदान करेगी। यह ऐसा मंच उपलब्ध कराएगी जहां प्रदर्शकों को अपने उत्पादों को दर्शाने तथा सरफेस फिनिशिंग उद्योग में नए रूझानों और तकनीकों को जानने का मौका मिलेगा। सम्मेलन के अलावा , प्रतिष्ठित संस्थानों, प्रयोगशालाओं एवं अकादमिक संगठनों के शोधकर्ता और अकादमिकज्ञ भी सरफेस फिनिशिंग के क्षेत्र में अपने इनोवेशन्स को पेश करेंगे।

### गौतम बुद्ध लोकसभा क्षेत्र का छठा और नोएडा के दूसरे नमो सेवा केंद्र हुआ उद्घाटन

**नोएडा।** वसंत पंचमी के पावन अवसर पर नोएडा के सेक्टर 12 स्थित सूर्या संस्थान में नमो सेवा केंद्र का उद्घाटन भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने फीता काटकर किया। यह गौतम बुद्ध लोकसभा क्षेत्र का छठा तथा नोएडा का दूसरा नमो सेवा केंद्र है। इससे पहले नोएडा के सेक्टर 65, दादरी, जेवर, खुर्जा एवं सिकंदराबाद में नमो सेवा केंद्र खोले जा चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने और जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में नमो-सेवा केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अग्रवाल ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को अन्तिम पायदान तक पहुंचाने में जुटना होगा तभी हम पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बन पाएंगे और मोदी जी का सपना पूरा कर पाएंगे। इस अवसर पर सूर्या संस्थान से डी के मित्तल, राहुल शर्मा, धर्मेंद्र चपराना एवं मातृ शक्ति सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## वेरिफिकेशन टीम ने किया टीबी मुक्त पंचायत के लिए चचूरा का सत्यापन

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** टीबी मुक्त पंचायत के लिए जिला स्तरीय वेरिफिकेशन टीम ने बुधवार को जेवर ब्लॉक की ग्राम पंचायत चचूरा का दौरा कर भौतिक सत्यापन किया। ग्राम पंचायत चचूरा की ओर से टीबी मुक्त पंचायत होने का दावा किया गया है। यहां गत वर्ष भी कोई टीबी मरीज नहीं था।

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. आर.पी. सिंह ने बताया- मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में जिला स्तरीय वेरिफिकेशन टीम ने बुधवार को जेवर ब्लॉक की ग्राम पंचायत चचूरा का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान टीम ने उन लोगों से बातकर सत्यापन किया जिन लोगों के बलगम के नमूने जांच के लिए गये थे। टीम ने आयुष्मान भारत वेलनेस सेंटर का भी निरीक्षण किया और वहां की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) निर्मला से बात की। टीम ने ग्राम प्रधान सुनीता सिंह से विस्तार से बातचीत की। सुनीता सिंह ने टीम को बताया-चचूरा की आबादी 2005 है। यहां इस वर्ष एक भी टीबी मरीज नहीं मिला। एक हजार की आबादी पर तीस लोगों की टीबी की जांच के लिए नमूने लिये गये थे। करीब साठ लोगों की जांच में कोई भी व्यक्ति पॉजिटिव नहीं मिला। पिछले वर्ष भी यहां कोई पॉजिटिव नहीं था।

सत्यापन के लिए पहुंची टीम में जिला पंचायती राज विभाग की ओर से शकील अहमद, जिला कार्यक्रम समन्वयक अम्बुज पांडेय, पीपीएम कोऑर्डिनेटर पवन भाटी, एसटीएस हरिओम शामिल रहे। अम्बुज पांडेय ने बताया- टीबी मुक्त पंचायत के लिए टीम ने जिला पंचायती राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव से मुलाकात कर उनको अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी दी। निरीक्षण में प्रधान के पति अर्जुन सिंह का विशेष सहयोग रहा।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया- सत्यापन की रिपोर्ट को क्षय रोग विभाग की ओर से जिले को भेजा जाएगा। इसके बाद राज्य स्तरीय वेलीडेशन टीम और सेंट्रल वेलीडेशन टीम इन ग्राम पंचायतों का डेटा परीक्षण करेंगी। परीक्षण कार्य के आधार पर जिलाधिकारी की ओर से विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च को संबंधित ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। डा. सिंह ने बताया जेवर ब्लाक की पंचायत दिलेरपुर का सत्यापन का कार्य 17 फरवरी को किया जाएगा।

## नोएडा हाट में 16 फरवरी से 04 मार्च तक आयोजित होगा सरस आजीविका मेला 2024

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा में चौथी बार पर्यटन, परंपरा, कला एवं संस्कृति का मनोरम माहौल थीम के साथ, 16 फरवरी से लेकर 04 मार्च 2024 तक प्रसिद्ध सरस आजीविका मेला 2024 का आयोजन, सेक्टर 33 के नोएडा हाट में किया जा रहा है।

उक्त विषय में प्रेस वार्ता के दौरान स्वाति शर्मा , संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय,भारत सरकार, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम जिलाधिकारी मनीष वर्मा तथा चिरंजीलाल कटारिया ने विस्तृत जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा आयोजित इस सरस आजीविका मेला 2024 में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जाएगा। 16 फरवरी से 04 मार्च 2024 तक चलने वाले इस उत्सव में नोएडा के नोएडा हाट में मौजूद क़रीब 28 राज्यों के 400 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, जो परंपरा, हस्तकला एवं ग्रामीण संस्कृति तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, इसके साथ ही 85 से ज्यादा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सरस मेले वर्ष 1999 से निरंतर आयोजित हो रहे हैं। इन मेलों के माध्यम से लाखों महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। मेले में बच्चों के खेलकूद व मनोरंजन के लिए भी संसाधन मौजूद रहेंगे। मेले में दिल्ली-नोएडा सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लाखों दर्शक व ग्राहक भाग लेंगे। दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। पारदर्शिता को देखते हुए इस सरस आजीविका मेले में स्वयं सहायता समूहों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन / नोमिनेशन की व्यवस्था की गई है। मेले में बी. सी. सखी व झारखंड की पत्रकार दीदियों की भी भागीदारी रहेगी। स्वाति शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री का सपना 02 करोड़ दीदियों को लखपति घोषित करने का है जबकि लक्ष्य 10 करोड़ दीदियों का है। हम सभी दीदियों को राष्ट्रिय स्तर पर प्लेटफार्म देना चाहते हैं।

जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा हमारे देश की महिलाओं मैं बहुत सारे हुनर हैं। जो आपको सरस मेले के माध्यम से नोएडा हॉट में देखने को मिलेंगे। महिला सशक्तिकरण के साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का सर्कार का उद्देश्य है। इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने कहा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सभी को सहयोग करना चाहिए नोएडावासियों का सौभाग्य है कि केंद्र सर्कार के सरस मेले का आयोजन नोएडा हॉट में हो रहा है। जिसमे उन्हें 28 राज्यों के महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद देखने को मिलेंगे। आजीविका मेले में इस बार महत्त्वपूर्ण इंडिया फ़ूड कोर्ट में देश भर के 20 राज्यों की 80 (उद्धमी) गृहणियों का समूह अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टाल लगाएंगी जिसमें हर प्रदेश के क्षेत्रीय व्यंजनों के स्वाद का अनोखा आनंद प्राप्त होगा। राजस्थानी कैर सागरी गट्टे की सब्ज़ी से लेकर बंगाल की फ़िश करी, तेलंगाना का चिकन, बिहार की लिट्टी चोखा, पंजाब का सरसों का साग व मक्के की रोटी, प्राकृतिक खाद्य उत्पाद, हरियाणा के बाजरे व ज्वार के लड्डू बिस्कुट, कर्नाटक व जम्मू कश्मीर के ड्राई फ्रूट सहित पूरे भारत के पकवान मौजूद रहेंगे। हैंडलूम सरस आजीविका मेला 2024 में कुछ उत्कृष्ट प्रदर्शन जो हैंडलूम, साड़ी और ड्रेस मेटिरियल में विभिन्न राज्यों से हैं वो इस प्रकार हैं- टसर की साड़ियां, बाघ प्रिंट, गुजरात की पटोला साड़ियां, काथा की साड़ियां, राजस्थानी प्रिंट, चंदेरी साड़ियां। हिमाचल उत्तराखंड के ऊनी उत्पाद व हैंडलूम के विभिन्न उत्पाद, झारखंड के पलाश उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य सहित मेले में पूरे भारत की ग्रामीण संस्कृति के विविधता भरे उत्पाद प्रदर्शित होंगे।

हैंडीक्राफ्ट इसके साथ ही हैंडीक्राफ्ट, ज्वैलरी और होम डेकोर के प्रोडक्ट्स के रूप में आंध्र प्रदेश की पर्ल ज्वैलरी, वूडन उत्पाद, आसाम का वाटर हायजिनिथ हैंड बैग और योगामैट, बिहार से लाहकी चूड़ी, मधुबनी पेंटिंग और सिक्की क्राफ्ट्स, छत्तीसगढ़ से बेलमेटल प्रोडक्ट्स, मडमिरर वर्क और डोरी वर्क गुजरात से, हरियाणा, का टेरा कोटा, झारखंड की ट्राइबल ज्वैलरी, कर्नाटक का चन्ननपटना खिलौना, सबाईग्रास प्रोडक्टस, पटचित्र आनपाल्मलीव ओडिशा, तेलंगाना से लेदर बैग, वाल हैंगिंग और लैंप सेड्स, उत्तर प्रदेश से होम डेकोर, और पश्चिम बंगाल से डोकरा क्राफ्ट, सितल पट्टी और डायवर्सीफाइड प्रोडक्ट्स ये सभी रहेंगे।

### गौतम बुद्धनगर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेद्र सिंह जादौन का निधन

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेद्र सिंह जादौन का आज सुबह दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल में निधन हो गया। भूपेन्द्र सिंह जादौन को 28 दिसंबर 2023 को कार्यालय में ब्रेनहैमरेज हो गया था। उनका ब्रेन का ऑपरेशन भी हुआ था और वह कोमा में थे। उनके निधन से आम आदमी पार्टी तथा उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड गई है। भूपेंद्र सिंह जादौन आम आदमी पार्टी में पिछले कई वर्षों से सक्रिय रूप से कार्यरत थे तथा उन्हें इस बार दोबारा पार्टी ने जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मुद्दों को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन किया तथा कई बार गिरफ्तार भी हुए। उनके कार्यकाल में आम आदमी पार्टी ने जनपद में काफी विकास किया तथा उन्होंने पार्टी की एक लंबी चौड़ी फौज खड़ी कर दी थी। उनको आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के अलावा उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का भी बेहद प्यार और आशीर्वाद प्राप्त था।

## आर्य समाज देव नगर में महर्षि जन्मोत्सव संपन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** आर्य समाज देव नगर, करोल बाग,दिल्ली में 200 वीं महर्षि दयानन्द सरस्वती जयंती के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद) ने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती युग द्रष्टा थे उन्होंने दूर की सोचते हुए आर्य समाज की स्थापना की जिससे उनके बाद भी लंबे समय तक यह आंदोलन चलता रहे।उन्होंने हर सामाजिक बुराई पर सीधा प्रहार किया।वह एक निर्भीक सन्यासी थे उनके गुणों को आज जीवन में धारण करने की आवश्यकता है।

विधायक विशेष रवि ने कहा कि आज महर्षि जी की जयंती सर्वत्र मनाई जा रही है हमें उनकी शिक्षाओं को अमल में लाना चाहिए। वैदिक विदुषी आरुषि राणा (मेरठ) ने नारी शिक्षा व उनके नव निर्माण में ऋषि दयानन्द के योगदान की चर्चा की उन्होंने कहा कि नारी जगत उनके ऋण से कभी उऋण नहीं हो सकता। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए आतंकवाद को जड़ से मिटाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य नेता सुशील बाली एडवोकेट ने की और संचालन रमेश बेदी ने किया।

# मोदी-योगी के कार्यो से प्रभावित होकर सपा कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता- राजेन्द्र मिश्रा

**प्रयागराज।** आज भाजपा काशीक्षेत्र के प्रयागराज महानगर के विधानसभा में प्रयागराज महानगर के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में मोदी के कार्यो से प्रभावित होकर कई पार्टी के नेता, समाजसेवी, प्रबुद्ध वर्ग के लोग मिलन समारोह कार्यक्रम के माध्यम से शहर पश्चिमी, दक्षिणी एवं उत्तरी विधानसभा में समाजवादी पार्टी, बसपा और कांग्रेस पार्टी की सदस्यता छोड़ कर भारी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के लोगो ने लगभग 1684 लोगो ने भाजपा की सदस्यता लिया।



सर्वप्रथम शहर पश्चिमी विधानसभा में प्रातः 11 बजे से हनुमान वाटिका, प्रीतम नगर में लोगो ने सदस्यता लिया, जिसमे शहर पश्चिमी विधानसभा के विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह की अगुवाई में सुरेश गुप्ता (संयुक्त व्यापार मंडल खुल्दाबाद अध्यक्ष), अरुण श्रीवास्तव, राजेश कुमार पासी, गुड्डू पासी, फरीद, बबलू , अब्दुल, इशरत, मंशा प्रजापति, बबिता जायसवाल, रतन श्रीवास्तव, हेमलता जायसवाल, अंजना पटेल, राशिद राइन, मो वैश अली, हसीब अहमद, अजमत उल्ला, प्रवीण केसरवानी, विकास वर्मा, अजय श्रीवास्तव, सुरेंद्र भारती, धर्मेंद्र सिंह, अनुज गुप्ता, आशीष द्विवेदी, हर्षित द्विवेदी, संजय पांडेय, अंकित दीक्षित, कलावती गुप्ता, लक्ष्मी वर्मा, चंद्रा प्रजापति , सुनीता साहू , निशा अग्रहरि, हिना कुमार, सतीश कुशवाहा, मुकेश सिंह, धर्मवीर प्रसाद आदि लोगो ने सदस्यता लिया । शहर दक्षिणी विधानसभा मे समय 1 बजे से परिणय गेस्ट हाउस, बैरहना में प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी की अगुवाई में पूर्व पार्षद ई0 नीलम यादव, बबलू गौतम पेंटर, पूर्व पार्षद वीरेंद्र भारती, ओपी आर्या, पूर्व पार्षद प्रत्याशी शुभमा प्रजापति रामजी मिश्रा, अजय सिंह यादव, अम्बुज पांडेय, संजय चौरासिया, शरद मिश्रा, प्रकाश पाण्डेय, ओमप्रकाश जायसवाल, हर्षित साहू, स्वामी जी, अजित जायसवाल, राजू चौरासिया, अजय जायसवाल, सतेन्द्र द्विवेदी, विश्वास कुमार श्रीवास्तव, असद सिद्दीकी आदि लोगो ने सदस्यता लिया तथा शहर उत्तरी विधानसभा में समय 3 बजे भाजपा कार्यालय, सिविल लाइंस में शहर उत्तरी विधानसभा विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी के अगुवाई में सैकड़ो लोगो ने सदस्यता ग्रहण किया।इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी, इलाहाबाद लोकसभा संयोजक ज्ञानेश्वर शुक्ला, अनुसूचित मोर्चा महानगर अध्यक्ष राजेश गोंड, महानगर संयोजक संजीव जायसवाल, महापौर गणेश केसरवानी, उपाध्यक्ष अनिल केसरवानी झल्लर, पूर्व अध्यक्ष युवा मोर्चा नरसिंह, कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश दिवर्दी, महानगर मीडिया प्रभारी हर्ष केसरी, देवेन्द्र नाथ निश्रा, ग्रिजेश द्विवेदी, रामजी शुक्ला, विस्तारक प्रिंस गुप्ता, राजू रॉय, नीलू शुक्ला, मनोज शुक्ला, नवीन शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, महामंत्री कुंज बिहारी मिश्रा व देवेश सिंह, राकेश जैन, विक्रमजीत भदौरिया, मण्डल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, राघवेंद्र मिश्रा, रणविजय सिंह, समस्त मोर्चो के अध्यक्ष, वरिष्ठ पदाधिकारी, सेक्टर संयोजक, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।

## ▸▸लोकसभा चुनाव 2024 फुस रहेगी साइकिल - अभिलाषा गुप्ता नदी

## सद्भावना सप्ताह मनाएगा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच



**प्रयागराज।** मंच के संरक्षक एवम मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आगामी 17 से 24 फरवरी तक देश मे सद्भावना सप्ताह मनाने का संकल्प लिया हैं।प्रयाग राज इस सप्ताह के दौरान रक्तदान शिविर, मस्जिद, मदरसा, दरगाहों में दुआ, चादरपोशी, आयते करीमा, बच्चों को कॉपी-पेंसिल, कम्बल वितरण, इज्जत की रोटी, लायब्रेरी, मरीजों को फल वितरण, गायों को चारा, मछलियों को दाना, पंछियों को दाना खिलाना, भंडारे का आयोजन करना, पौधा रोपण और रेहान यानी तुलसी के पौधे वितरण करना। पूर्वी उत्तर प्रदेश सहसंयोजक फरीद साबरी ने बताया कि.कार्यक्रम मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का हैं इसलिए मंच के उद्देशयों के बारे मे उपस्थित लोगों को जानकारी भी दी जायगी। उसी प्रकार इंद्रेश कुमार के जीवन और कार्य का परिचय भी कराया जायगा।

## महाकवि निराला की जयंती पर विचार गोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय साहित्यिक सामाजिक सांस्कृतिक संस्था हंस वाहिनी के तत्वाधान में मुल्ला का हाता,प्रयागराज में बसंत पंचमी के पावन पुनीत अवसर पर महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती पर विचार गोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ज्ञान गुण सागर वाहिनी के अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव रहे।

उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि आज का दिन कई मायनों में बहुत महत्वपूर्ण है, जहां महाकवि निराला जी की जयंती है, वही मां सरस्वती का पावन पर्व भी है, आज ही के दिन हमारे देश के 40 जवान पुलवामा में शहीद हो गए थे।

तत्पश्चात मां सरस्वती जी की वाणी वंदना के साथ कवि सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। जिसमें योगेश ओझा झमाझम ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को आह्लादित कर डाला। जाग रहे लक्ष्मण जी सालों से क्योंकि, कहीं कोई उर्मिला इंतजार लिए बैठी है। संचालन कर रही डॉक्टर आभा श्रीवास्तव, मधुर ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर डाला। निराला के शहर से हूं,

कलम आज़ाद रखती हूं, रहे सद्भाव आपस में, हमेशा याद रखती हूं।

प्रख्यात शैलेंद्र मधुर ने अपने गीतों से श्रोताओं का मन मोह लिया। गंगा को प्रणाम कंठ माला को प्रणाम है। पूजा को प्रणाम मृगछाला को प्रणाम है। कविता का मुख जरा गौर से तो देखिए, महादेवी पंत व निराला को प्रणाम है।

कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करने वालों में नजर इलाहाबादी ,जितेंद्र मिश्र जीतू, राम कैलाश पाल प्रयागी, सहित अन्य रचनाकारों ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को आह्लादित किया।

विचार गोष्ठी एवं कवि सम्मेलन में अवनीश श्रीवास्तव, सुनील छेत्रीय, आशुतोष हर्षवर्धन,

राष्ट्र गौरव, पवन श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य हस्तियां उपस्थित रही।

# समस्याओं का निस्तारण कराने हेतु अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचे एशोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन पदाधिकारी



**प्रयागराज।** बाबूओं के लापरवाही से रुके सम्वर्गीय साथियों के लाम्बित प्रकरणों के निस्तारण हेतु राजेश तिवारी जिला मंत्री एशोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन प्रयागराज अपने सम्वर्गीय साथियों के साथ अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई प्रयागराज कार्यालय पहुंचे।

जिला मंत्री ने बताया कि हमारे कुछ सम्वर्गीय साथियों का करीब दो वर्षो से मेडिकल क्लेम बकाया था जो हमारे पूर्व के जनपद कार्यकारिणी की जिम्मेदारी थी। इसे आहरित कराने की पर पूर्व कार्यकारिणी इस क्लेम को आहरित कराने में असफल रही।इस मेडिकल क्लेम के बारे में अधिशासी अभियंता के समक्ष रखा तो अधिशासी अभियंता ने सम्बंधित बाबू को फटकार लगाकर तुरन्त इसे आहरित करने को कहा। जिसमें कुछ साथियों का आहरण बिल तैयार भी हो गया और जल्द ही इसका भुगतान भी हो जाएगा। साथ ही साथ कुछ साथियों का 2800 पे ग्रेड पर एसीपी भी लगनी है जिस पर बाबू लोग इनके फाइलों में एक ना एक कमी निकाल कर एसीपी लगने से रोक रहे थे। जिला मंत्री अपने सभी सम्वर्गीय साथियों के साथ बाबूओं के बीच बैठकर एक-एक फाइलों का निरक्षण किया एवं फाइलों में सभी दस्तावेजों को ठीक कराया। केवल वित्तीय वर्ष 2022-23 का सीआर कम्प्लीट न होने के कारण एसीपी नही लग पा रही थी। अधिशासी अभियंता ने इसे ठीक कराकर जल्द से जल्द एसीपी भी लगने की बात कही। इस बात को सुनकर सभी साथियों में खुशी की लहर दौड़ गयी।

इस अवसर पर जिला मंत्री के साथ जनपद अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू सहित मण्डल मंत्री बृजेश सिंह, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, संगठन मंत्री दीप नारायण पाल, सूचना एवं प्रसारण अनुभाग के धर्मेन्द्र पटेल सहित कार्यकारिणी सदस्य महेश चन्द्र ओझा एवं अभिषेक पाल उपस्थित रहे।

# छात्रा के साथ दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी , प्रयागराज।** झूंसी थाना क्षेत्र में एक नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने एक किशोर सहित एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बताया जाता है कि गत 11 फरवरी की रात 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। खोजबीन के दौरान उसका कुछ पता नहीं चला। रात दो बजे के करीब वह बदहवास अवस्था में घर पहुंची और आप बीती सुनाई तो परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। छात्रा ने बताया कि

रेस्टोरेंट संचालक का बेटा और उसका एक दोस्त किशोरी को बहला फुसला कर कर में बैठा लिया। देर रात उसे जबरन बीयर पिलाकर नशे में धुत कर दिया।

घर के समीप स्थित एक बाग में ले जाकर दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया और रात्रि के सुनसान जगह पर उसे छोड़कर भाग निकले। किसी तरह किशोरी घर पहुंच कर परिजनों को आपबीती सुनाई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई। मुखबिर सूचना पर पुलिस ने आरोपी सौरभ पाण्डेय पुत्र चन्द्रभूषण पाण्डेय निवासी मलांवा बुजुर्ग और एक बाल आपचारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## सयैद अहमद जाफरी टी-20 क्रिकेट 19 से

**प्रयागराज।** सयैद अहमद जाफरी स्मारक टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता 19 फरवरी से दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर प्रारंभ हो रही है। प्रतियोगिता के सचिव मजहर जाफरी ने बताया कि। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 25 हजार व उपविजेता टीम को बीस हजार नगद पुरुस्कार दिया जाएगा। आयोजन सचिव मो. रिजवान के अनुसार लीग कम नॉकआउट के आधार पर इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों को प्रवेश दिया गया है। इनमें भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब, फाफामऊ क्रिकेट क्लब, चंद्रकला यूनिवर्सल, भवम क्रिकेट क्लब, दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब, सी सहायक क्रिकेट क्लब, शिवपुर क्रिकेट क्लब और विराट स्पोर्टिंग क्लब की टीमें प्रतिभाग कर रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच विराट स्पोर्टिंग क्लब व सी सहायक क्रिकेट क्लब के बीच 19 फरवरी को सुबह नौ बजे से खेला जाएगा।

## प्रवेश पत्र वितरण एवं बच्चों की विदाई समारोह 16 फरवरी को

**बहरिया , प्रयागराज।** बहरिया के मैलहा में स्थित आर एस आनन्द हुबराजी संवारी संस्कार इन्टरमीडिएट कालेज में कक्षा 12 के छात्र छात्राओं का प्रवेश पत्र वितरण एवं विदाई समारोह 16 फरवरी को होगा। उक्त जानकारी विद्यालय के संस्थापक/ डायरेक्टर एवं अशासकीय प्रधानाचार्य परिषद उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष राम सजीवन मौर्य ने दी ।

## स्पेशल बच्चों ने दिया शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि



**प्रयागराज।** अशोक नगर स्थित % उड़ान % स्कूल फॉर स्पेशल चिल्ड्रन के स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्यों ने पुलवामा घटना की याद करते हुए शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दिया। यह बच्चे सामान्य बच्चो को तुलना देखने में भले ही ना लगते हो लेकिन इनकी प्रतिभा अद्धुत है। आई ई एस प्रमुख कृष्ण कुमार मौर्य ने बताया की इन बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा के बाद मां भारती के सपूतों को याद करते हुए यहां पर मंदिर से निकले फूल और पत्तियों से रंगोली बनाई और उन्ही फूलों से हमारे वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान इन बच्चो ने अपने परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया और बसंत ऋतु के आगमन पर लोक गायन भी किया। इस दौरान विद्यालय से मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. समीर इस्लाम और चेयरमैन डॉ. पी पी शुक्ला ने बच्चो का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य आशीष मिश्रा, विनीता अग्रवाल फिजियोथैरेपिस्ट के साथ ही स्पेशल एजुकेशन की विनीता यादव, प्रियंका शर्मा, अमित पांडे मौजूद रहे।

## टैबलेट गायब होने पर प्रधानाध्यापक निलंबित

**चायल, कौशांबी ।** प्राथमिक विद्यालय नेवादा (द्वितीय) के प्रधानाध्यापक को बीएसए ने बुधवार को निलंबित कर दिया। टैबलेट गायब होने पर बीएसए ने कार्रवाई कर दी। इससे हड़कंप मचा है। प्राथमिक विद्यालय नेवादा द्वितीय में सोमवार को बीएसए ने निरीक्षण किया था। बीएसए ने स्कूल का बारीकी से निरीक्षण किया। पठन पाठन के अलावा कायाकल्प योजना की जानकारी ली, साथ ही मिशन प्रेरणा योजना की जानकारी ली। इसके बाद स्कूल को मिली सामग्री की जानकारी ली, साथ ही सामग्री का मिलान शुरू कराया। इस दौरान पता चला कि टैबलेट गायब है। प्रधानाध्यापक रामगोपाल से पूछताछ की गई। वह संतोषजनक जवाब नही दे सके। इससे नाराज बीएसए कमलेन्द्र कुशवाहा ने बुधवार को प्रधानाध्यापक रामगोपाल को निलंबित कर दिया।

## सरस्वती लोक संगीत समिति ने राम महोत्सव संस्कार भारतीय माघ मेला में प्रस्तुत किया गीत




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सरस्वती लोक संगीत समिति के तहत राम महोत्सव संस्कार भारतीय माघ मेला में देशराज पटारिया एवम मंडली के साथ गीत की प्रस्तुति किया सभी दर्शक तालीयाँ बजाकर सबका स्वागत किया। इस मौके पर बलराम, छोटे लाल, रामबाबू, मालती देवी, सुमन महराज समस्त साथी मौजूद रहें।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा समापन समारोह में शामिल हुए यूनियन के लोग




**कौशाम्बी।** टेम्पो टैक्सी विक्रम ड्राइवर एवं क्लीनर यूनियन के तत्वाधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा समापन समारोह सम्पन्न कराया गया। एआरटीओ कार्यालय में यूनियन के पदाधिकारी एवं ड्राइवर क्लीनर कार्यकर्ता उपस्थित रहें समापन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष बलराम पाल एवं फूलचंद गौतम महामंत्री की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महामंत्री फूलचंद गौतम ने जिले के सभी् टैंडो और ड्राइवर और क्लीनर कार्यकर्ताओं के समस्याओं के संबंध में मंझनपुर एआरटीओ को अवगत कराते हुए ज्ञापन दिया उन्होंने कहा स्टैंड पर तमाम प्रकार की समस्याओं को जल्द से जल्द संज्ञान में ले कर समस्या का समाधान करवाएंगे जिस से कि ड्राइवर और यात्रियों के लिए सभी व्यवस्था मिल सके इस अवसर पर कलीम हाशमी ने कहा ड्राइवर क्लीनर मजदूरों के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा चल रही तमाम तरह की योजनाएं श्रम विभाग और आयुष्मान भारत योजनाएं के बारे में लोगों को जागरुक करते हुए कहा ड्राइवर एवं क्लीनर सबसे पहले अपना लाइसेंस जरूर बनवाएं और श्रम विभाग में अपना रजिस्ट्रेशन करायें और योजनाओं का लाभ उठाएं इसी दौरा उपस्थित रहे। शिव भूषण गौतम प्रचार मंत्री, निजाम अली कोषाध्यक्ष, लक्ष्मण प्रसाद कार्यकारिणी सदस्य, एहसान स्टैंड संचालक, राकेश कुमार मोदनवाल, रमेश कुमार सरोज, चांद बाबू, राजेंद्र कुमार मौर्य, रवि कुमार पाल आदि समस्त कार्यकर्ता ड्राइवर एवं क्लीनर उपस्थित रहे।

## कथा के तीसरे दिन कृष्ण जन्मोत्सव देखभाव विभोर हुए श्रोता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अषाढा, कौशाम्बी।** श्रीमद भागवत सुनने का लाभ भी कई जन्मों के पुण्य से प्राप्त होता है। श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को जीवन जीने और मरने की कला सिखाती है। मनुष्य को जीवन परमात्मा ने दिया है, लेकिन जीवन जीने की कला हमें सत्संग से प्राप्त होती है। सत्संग का मनुष्य के जीवन में बड़ा महत्व है। श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया। प्रयागराज - कुम्भ मेले में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन दिन कथा वाचक अरुण दास मिश्र ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वाचन करते हुए कहा कि भगवान भक्तों के वश में हैं। भगवान हमेशा अपने भक्तों का ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर पाप, अनाचार बढ़ता है, तब-तब भगवान श्रीहरि धरा पर किसी न किसी रूप में अवतार लेकर भक्तों के संकट को हरते हैं। उन्होंने कहा कि जब कंस के पापों का घड़ा भर गया, तब भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लेकर कंस का अंत किया और लोगों को पापी राजा से मुक्ति दिलाई। कथा के दौरान आचार्यश्री ने अनेक भक्तिपूर्ण भजन प्रस्तुत किए। जिनमें नंद घर जन्में कन्हैया..., कान्हा अब तो ले लो अवतार बृज में..., में तो नंद भवन में जाऊंगी..., यशोदा जायो ललना..., श्याम तेरी वंशी पुकारे राधा राम भजनों को सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो थिरकने को मजबूर हो गए। इस दौरान आचार्यश्री ने कहा कि आज व्यक्ति मोह माया के चक्कर में फंसकर अनीति पूर्ण तरीके से पैसा कमाने में जुटा है। जिसका परिणाम अंततरू उसे भोगना पड़ता है। मानव मानव की तरह नहीं जी रहा है। श्रीमद् भागवत जीवन जीने और मरने की कलां सिखाती है। उन्होंने बताया कि कलयुग में दुख के तीन कारण हैं, समय, कर्म और स्वभाव। उन्होंने कहा कि स्वभाव से जो दुखी है वो कभी सुखी नहीं हो सकता। जिस घर में अनीति से धन कमाया जाता है उस परिवार में कभी एकता नहीं रहती। वहां हमेशा बैर बना रहता है। मालती यादव, पुष्पा यादव, सपना यादव आलोक आदर्श लालजी आजाद तमाम कल्पवासियों ने कथा श्रवण किया।

## चायल क्षेत्र के वादकारियों को मिलेगा सस्ता व सुलभ न्याय-जिला जज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** जिला जज अनुपम सिंह ने बुधवार को मखऊपुर स्थित ग्राम न्यायालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्राम न्यायालय खुल जाने से वादकारियों को सस्ता व सुलभ न्याय मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि ग्राम न्यायालय में सिविल के 25 हजार रुपये तक की मालियत के मुकदमों और फौजदारी के दो वर्ष तक की सजा वाले मुकदमों की सुनवाई की जाएगी। वादकारियों को अब जिला न्यायालय का चक्कर नहीं लगाना होगा। अब उन्हें ग्राम न्यायालय में ही न्याय मिल जाएगा। इससे क्षेत्रीय जनता का समय और धन की बचत होगी और जनता को सस्ता, सुलभ व त्वरित न्याय मिलेगा। ग्राम न्यायालय के लिए पीठासीन अधिकारी सिविल जज हेमेंद्र सिंह की प्रथम तैनाती की गई है। आज से इनके द्वारा ग्राम न्यायालय के मुकदमों का निपटारा किया जाएगा। न्यायालय निर्धन के द्वार की सोच इस न्यायालय के खुल जाने से पूरी होगी। ग्रामीण न्यायालय में सात स्टॉफ की नियुक्ति की गई है। इस मौके पर सीओ मनोज कुमार सिंह रघुवंशी, नायब तहसीलदार सौरभ सिंह समेत अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मां सरस्वती का पूजन व पुलवामा शहीदों को किया नमन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** चंद्रशेखर सिंह आयुर्वेदिक संस्थान कोइलहा में बुधवार को बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन व भगवान धनवंतरि को माल्यार्पण कर संस्थान के प्राचार्य विनोद कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद संस्थान के छात्र छात्राओं ने नृत्य नाटिका और संगीत का मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए सबका मन मोह लिया। उसके बाद सभी ने पुलवामा शहीदों को याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वीर जवानों को नमन किया। कार्यक्रम का संचालन डा. सुधीर सिंह ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के सभी शिक्षक, चिकित्सक, कर्मचारीगण व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## कड़ाधाम थाने की एंटीरोमियो टीम ने महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कड़ाधाम एंटीरोमियो टीम म0का0 रंजिता द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत कुबरी घाट में भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों को चेक किया गया ब नाम पता मो व न व नोट कर हिदायत देकर छोड़ा गया। महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।